e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 295

**सुविचार**
सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते है, सपने वह है जो हमको नींद नहीं आने देते!

# प्रभात मंत्र

बुधवार
30.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### केरल : आतिशबाजी के दौरान हादसा, 150 घायल

**तिरुअनंतपुरम :** केरल के कासरगोड जिले में नीलेश्वरम के पास एक मंदिर में आतिशबाजी के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात हुए इस हादसे में 150 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में से 8 की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि वीरकावु मंदिर के पास आतिशबाजी स्टोरेज में आग लगने के बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई।दुर्घटना के तुरंत बाद घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के अस्पतालों में ले जाया गया। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### विद्युत विभाग का लाइनमैन 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**उज्जैन :** लोकायुक्त ने विद्युत विभाग के लाइन मैन को मंगलवार को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामले में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लोकायुक्त एस पी अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि आवेदक पवन सगीत्रा द्वारा 25 अक्टूबर को एक लिखित शिकायत की थी, जिसका सत्यापन डीएसपी बसंत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिसमें यह पाया गया कि आवेदक पवन सगीत्रा के द्वारा उसके खेत पर बिजली का खंबा ट्रैक्टर की टक्कर लगने से गलती से गिर गया था जिसको वापस लगवाने के लिए लाइनमैन रामचंद्र धाकड़ मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड घिनोदा, जिला उज्जैन द्वारा 8000 की रिश्वत की मांग की गई थी जिसमें 4000 पूर्व में ही उसके द्वारा दिए गए थे।

### महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण को तैनात होंगे 180 घुड़सवार पुलिसकर्मी

**प्रयागराज :** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार ने जबरदस्त तैयारी की है। इसमें विभिन्न फोर्सेज को जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें घुड़सवार पुलिस भी शामिल है। महाकुंभ मेले के दौरान घुड़सवार पुलिस कर्मी हर समय मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगे और पेट्रोलिंग करते रहेंगे।महाकुम्भ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के प्रयागराज आने की सम्भावना है।

### मुख्यमंत्री ने रबी महाभियान 2024-25 का किया शुभारंभ

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास रबी महाभियान-2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसान जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान चार कृषि ज्ञान वाहन एवं 18 किसान जागरुकता वाहनों को रवाना किया गया। रबी-2024 की सफलता के लिये रबी महाभियान की शुरूआत की जा रही है। इस महाभियान में किसानों को रबी मौसम से संबंधित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

### राष्ट्रपति ने कलाकारों के समूह से की मुलाकात, कला प्रदर्शनी देखी

**नई दिल्ली :** कलाकारों के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इन कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति भवन प्रवास के दौरान बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी देखी। राष्ट्रपति ने कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि इनमें मानव और प्रकृति के बीच शाश्वत संबंध परिलक्षित होता है। उन्होंने सभी से ऐसी कलाकृतियों को सराहने और खरीद कर इन कलाकारों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

### मुख्य सचिव एल. खियांग्ते को मिल सकता है एक्सटेंशन

**रांची :** झारखंड के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते को एक्सटेंशन मिल सकता है। राज्य सरकार ने मुख्य सचिव के एक्सटेंशन को लेकर चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेजा है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने आयोग को तीन महीने के एक्सटेंशन का प्रस्ताव सौंपा है। उल्लेखनीय है कि एल खियांग्ते 1988 बैच के अफसर हैं। उनके रिटायरमेंट की तिथि 31 अक्तूबर 2024 है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

### पीएम ने स्वास्थ्य क्षेत्र में 12,850 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

# हमने मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाया है : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी शामिल करने की योजना की शुरुआत भी की। इससे सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। इस अवसर पर मोदी ने भारत के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इस चरण में, एक पंचकर्म अस्पताल, औषधि निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमारी सरकार ने पुरानी सोच को बदलने का काम किया है. आज अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर सेमिकंडक्टर तक और इलेक्ट्रोनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक व्हीकल तक हमने हर नई तकनीक में मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद भगवान राम पहली बार अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दिवाली मनाएंगे.

*** 500 साल के बाद भगवान राम पहली बार अयोध्या में मनाएंगे दीवाली**

**9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।**

### 51 हजार अभ्यर्थियों को पीएम ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में हाल में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए. रोजगार मेले का आयोजन देश भर के 40 विभिन्न स्थानों पर किया गया. चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा. इन सभी नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारम्भ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा.



### पीएम ने किया यू-विन पोर्टल की शुरुआत

मोदी ने इस अवसर पर 'यू-विन' पोर्टल की भी शुरुआत की। इससे टीकाकरण प्रक्रिया डिजिटल बनेगी जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा संस्थानों के लिए भी एक पोर्टल की शुरूआत की। यह मौजूदा स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और संस्थानों के लिए केंद्रीकृत डेटाबेस होगा। उन्होंने ओडिशा के भुवनेश्वर के गोथापाटन में एक केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने गुजरात के वापी, तेलंगाना के हैदराबाद, कर्नाटक के बेंगलुरु, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ में चिकित्सा उपकरणों और बल्क दवाओं के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत पांच परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## टीएसपीसी के तीन सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार



**पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान श्रवण उराँव उर्फ हेमन्त उर्फ अभय कुमार, प्रेम गंझू उर्फ सागर उर्फ दशरथ गंझू एवं शतु कुमार उर्फ शैलेन्द्र जी के रूप में हुई है। इन सभी ने स्वीकार किया कि वे टीएसपीसी संगठन के आक्रमण गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य हैं।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस अधीक्षक पलामू को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 28 अगस्त की रात प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के तीन-चार सदस्य कारीमाटी जंगल पांकी थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ देखे गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक ऑपरेशन प्लान तैयार कर पांकी और मनातू थानों की टीम को अभियान चलाने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने कारीमाटी जंगल को चारों ओर से घेरकर सघन सर्च अभियान चलाया। इस दौरान सखुआ पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्ति आपस में बात करते हुए पाए गए। जैसे ही पुलिस टीम उन तक पहुंची, वे भागने लगे लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान श्रवण उराँव उर्फ हेमन्त उर्फ अभय कुमार, प्रेम गंझू उर्फ सागर उर्फ दशरथ गंझू एवं शतु कुमार उर्फ शैलेन्द्र जी के रूप में हुई है। इन सभी ने स्वीकार किया कि वे टीएसपीसी संगठन के आक्रमण गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य हैं। इनके पास से एक एके-47 राइफल, एक खोखा, तथा 7.62 मिमी की 79 जिंदा गोलियां,एक देशी कट्टा,एक देशी पिस्तौल और 7.65 मिमी की चार जिंदा गोलियां,दो स्क्रीन टच मोबाइल फोन एवं टीएसपीसी संगठन के दो नक्सली पर्चे बरामद किया गया है।

### सुकमा : 19 नक्सली अरेस्ट

**नयी दिल्ली:** सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार नक्सल उन्नमूलन अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली थी कि भेज्जी थाना क्षेत्र के भंडारपदर व गोम्पाड़ के जंगल में अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए नक्सली इकट्ठा हुए हैं. इसी सूचना पर घेराबंदी करके 5 नक्सलियों को जवानों ने धर दबोचा. जिनमें तीन नक्सलियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है. इसी कड़ी में जगरगुंडा थाना क्षेत्र के तुमालपाड़ इलाके में सर्चिंग के लिए डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था. इसी बीच तुमालपाड़ के जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध छिपने का प्रयास कर रहे थे. जिन्हें घेराबंदी करके धर दबोचा गया. इनकी संख्या 14 थी.

## आईएएस विनय चौबे समेत कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शराब घोटाले मामले में ईडी ने मंगलवार को आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी की. छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाला हुआ. साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब की दुकानों से अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है. छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया था. इस मामले में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ-साथ झारखंड के आईएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है.
ईओडब्ल्यू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह के बयान के आधार पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया.गौरतलब है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले के संबंध में आईएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने ईडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था.

## लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वॉलेंटियर : के. रवि कुमार

**विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा में सहायता करने वाले सभी वॉलेंटियर के कार्यों को सराहा।
उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के लिए चयनित सभी वॉलेंटियर लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वह आज निर्वाचन सदन से मतदान के दिन मतदाताओं की सहायता के लिए स्कूलों से लाखों वालेंटियर को ऑनलाईन माध्यम से क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी ट्रेनिंग के दौरान संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही आपके शिक्षकों को इससे संबंधित सभी ट्रेनिंग मैटेरियल उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि अपने कर्तव्य पर रहते हुए किसी प्रकार की संशय की स्थिति में अपने शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकें।इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यों से संबंधित दिशा निर्देश बताए गए। जिसमें मुख्यतः दिव्याग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची अथवा दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यों को बिंदुवार बताया गया।

## पुलिया से टकराई बस, 12 की मौत, 3 दर्जन घायल

**एजेंसी**

**जयपुर :** राजस्थान के सीकर में बड़ा हादसा हो गया। सालासर की तरफ से आ रही बस पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। ये हादसा लक्ष्मणगढ़ के पास हुआ। तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कई यात्रियों की हालत गंभीर है। घायलों को लक्ष्मणगढ़ अस्पताल लाया जा रहा है। लक्ष्मणगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने बताया कि घटना लक्ष्मणगढ़ में दोपहर करीब 2 बजे की है, जब सालासर से आ रही एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पुलिया से टकरा गई। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और काफी संख्या में यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी गहरी संवेदनाएं मृतकों के शोक संतप्त परिवारजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। पुलिस के मुताबिक, अभी तक हादसे की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। हालांकि, पुलिस अपने कारणों की जांच कर रही है।




**पुलिस ने बताया कि घटना लक्ष्मणगढ़ में दोपहर करीब 2 बजे की है, जब सालासर से आ रही एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पुलिया से टकरा गई।**

## एयरलाइंस को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले की हुई पहचान

**एजेंसी**

**मुंबई :** एयरलाइंस को धमकी देने का सिलसिला नहीं थम रहा है। पिछले 13 दिनों के अंदर अब तक 300 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार सवाल उठ रहा है कि आखिर इन सब के पीछे कौन हैं। इस बीच नागपुर पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। उसने महाराष्ट्र के गोंदिया के रहने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति की पहचान की है। बताया जा रहा कि बम की झूठी धमकी देने के पीछे शख्स का ही हाथ है। एक अधिकारी ने बताया कि नागपुर शहर पुलिस की विशेष शाखा ने व्यक्ति की पहचान जगदीश उइके के रूप में की है। उसे पहले भी 2021 में एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें उइके ने आतंकवाद पर एक किताब भी लिखी थी। अधिकारी ने बताया कि उइके ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), रेल मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके उप, एयरलाइन कार्यालयों, पुलिस महानिदेशक और रेलवे सुरक्षा बल सहित विभिन्न सरकारी निकायों को ईमेल भेजे हैं।



# विधायक आलोक चौरसिया ने नेनुवा, रबदा, खूरा सहित दर्जनों गांवों का किया दौरा

## जनता का मिल रहा है अपार समर्थन : आलोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया ने सोमवार को नेनुवा, बरकट, लाली, खूरा, कोदुवाडीह, बाकीटांड, केवाल और रबदा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान चौरसिया को जनता का भरपूर समर्थन मिला। ग्रामीणों ने एकजुट होकर उन्हें एक बार फिर से विधायक बनाने का वादा किया। चौरसिया ने इन क्षेत्रों में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि अगर उन्हें फिर से मौका मिलता है, तो क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा।



चौरसिया ने खासतौर से सड़कों के निर्माण, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी, शिक्षा के विस्तार, और रोजगार सृजन के प्रयासों को अपने प्राथमिक कार्यों में गिनाया। नेनुवा और बरकट में जनसभाओं के दौरान चौरसिया ने अपनी उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनकी कोशिशों के चलते पिछली सरकार के समय में कई योजनाओं को क्षेत्र में लाकर आम जनता तक पहुंचाया गया। इसके अलावा उन्होंने बेरोजगारी से निपटने के लिए युवाओं के लिए स्वरोजगार के कई अवसर सृजित करने पर जोर दिया।

**स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक आलोक के विकास कार्यों की प्रशंसा की**

स्थानीय ग्रामीणों ने भी चौरसिया के विकास कार्यों की सराहना की और समर्थन देने का वादा किया। ग्रामीणों का कहना था कि चौरसिया की मेहनत और उनकी विकास की सोच ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। खूरा गांव के बुजुर्गों ने कहा कि उन्होंने वर्षों बाद इतनी सक्रियता और विकास कार्य देखे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में बदलाव आया है। महिलाओं ने भी उनके कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारों से उनका जीवन बेहतर हुआ है।

**आलोक को युवाओं का मिल रहा है अपार समर्थन**

युवाओं ने चौरसिया का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी जीत से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और विकास कार्यों की गति बढ़ेगी। चौरसिया ने भी युवाओं को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार के सहयोग से नई योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे क्षेत्र का हर व्यक्ति लाभान्वित हो सके।

**आलोक ने सभी का जताया आभार**

ग्रामीणों का यह समर्थन आलोक चौरसिया के चुनावी अभियान को और मजबूती प्रदान करता है। चौरसिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद ही उनकी असली ताकत है, और इसी विश्वास के बल पर वे एक बार फिर से डाल्टनगंज विधानसभा में कमल खिलाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

# चुनाव प्रभारी ने बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने-करवाने की किया अपील

## हर एक वोट महत्वपूर्ण : इंद्रमणि त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : चुनाव प्रभारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आगामी चुनावों में पार्टी को जिताने की अपील की। इस बैठक में पोलपोल मंडल के सभी प्रमुख कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। जिन्होंने चुनावी रणनीतियों और तैयारियों पर चर्चा की। इंद्रमणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा, यह समय एकजुटता और समर्पण का है। हमें अपने मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें भाजपा की नीतियों और योजनाओं के बारे में बताना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि भाजपा ने पिछले कार्यकाल में कई विकासात्मक परियोजनाएं शुरू की हैं। जिनका लाभ आम जनता को मिला है। उन्होंने कहा, हमें उन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि लोग समझ सकें कि भाजपा उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। बैठक में चुनावी प्रचार, जनसंपर्क और रणनीतियों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है और इसे जीतने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने चुनावी माहौल को सकारात्मक रखने पर जोर दिया और कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहना चाहिए। इंद्रमणि त्रिपाठी की यह अपील भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करती है। उन्होंने संकल्प लिया है कि वे सभी मिलकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। यह बैठक आगामी चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# दीपावली पर एसएन मार्ट हर खरीदारी पर दे रहा हैं आकर्षक एवं निशिचत उपहार : ज्ञानेंदु सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)** : चैनपुर स्थित पूर्णचंद चौक स्थित एसन मार्ट चैनपुर प्रखंड वासियों के लिए धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर लेकर आया हैं स्पेशल छूट के साथ निश्चित उपहार। वहीं एसन मार्ट के संचालनकर्ता ज्ञानेंदु सिंह ने बताया कि यहां पर ग्राहकों को खानें के सभी सम्मान के साथ साथ उनके उपयोगी की रोज की वस्तुएं स्पेशल डिस्काउंट के साथ उपलब्ध हैं इसके साथ साथ स्टेशनरी, गिफ्ट, प्लास्टिक के सम्मान आदि भी एसन मार्ट में स्पेशल छूट पर उपलब्ध हैं।अब प्रखंड वासियों को जरूरत के सम्मान के लिया शहर नहीं जाना पड़ेगा साथ ही उन्होंने बताया कि अभी त्योहार के अवसर पर एसन मार्ट हर खरीदारी पर निश्चित उपहार दिया जा रहा हैं और उन्होंने चैनपुर प्रखंड वासियों तथा डाल्टनगंज वासियों को धनतेरस तथा दीपावली की अग्रिम बधाई दीं।

# दीप जलाकर प्रखंड सभागार में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन** : झारखंड चुनाव निर्वाचन आयोग के पहल पर पाटन प्रखंड सभागार में भारतीय संस्कृति का प्रतीक के तत्वाधान मे दीप जलाकर, रंगोली बनाकर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया की 13 नवंबर को अपने मतदान संख्या पर जाकर मत का प्रयोग करेंगे। इस रंगोली कार्यक्रम में बीडीओ अमीत कुमार झा, जीपीएस अहमद हुसैन, बीपीवो स्वीटी सिंहा नजीर, पंचायत




सेवक, रोजगार सेवक समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# शहीद जवान के बड़े भाई पूरन राम अब दुनिया में नहीं रहे



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बारा गाँव के निवासी शहीद वीर जवान स्व मोहन कुमार नीरज के 55 वर्षीय बड़े भाई पूरन राम के आकस्मिक निधन अहले सुबह 3 बजे हो गई। घटना की खबर सुनते ही पुरा गाँव मे मातम छा गया। मृतक के परिजन ने बताया खाना पीना खा कर सोने के लिए अपने कमरे में चले गये। उनकी मॉर्निंग वॉक करने की आदत थी, उनके परिजन ने चार बजे सुबह उठाने गये तो देखे की कुछ नहीं बोल रहे है तो परिजन ने रोने चिल्लाने लगे तो आस पास के आये तो देखे कि अब दुनिया मे नहीं रहें। परिजनों की रो रोकर बुरा हाल हुआ है। घटना की खबर सुनते ही पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, बसपा प्रत्याशी श्रीमति चंचला देवी, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री रामगोविंद राम शिक्षक, युवा बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने पहुंचकर परिजन को ढाढस बढ़ाया। वही पर मुखिया मृतक परिजनों की हर संभव मदद करने की बात कहा। अंतिम संस्कार के बाद आत्मा के शांति के लिए एक मिनट की मौन रखा गया। वही पर रविदास विकास समिति के अध्यक्ष राम गोविंद राम ने शिक्षक ने कहा कि हमारे समाज मे अन्धविश्वास की कुरीतियाँ के दूर करने साथ साथ अपने क्षमता के अनुसार एक कार्यक्रम करने की बात कहा। वेअर्थ खर्च न कर शेष राशि को शिक्षा पर खर्च करने की अपील किया और इस से हमारे समाज को कर्ज से निजात मिल सकता है। दाह संस्कार मे पंचायत समिति सदस्य श्री शत्रुधन साव, युवा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार,पत्रकार विश्वप्रेम कुमार , उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक,सचिव कृष्णा कुमार रवि,उप मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार के अलावा जन प्रतिनिधि समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल होने का सिलसिला है जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)** : ओबीसी एकता अधिकार मंच में लोगों का शामिल होना मंगलवार को भी जारी रहा.भाजयुमो नेता सुनील यादव आज अपने दर्जनों समर्थकों के साथ मंच में शामिल हो गए. मंच के बिश्रामपुर कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सभी को विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद ने माला पहना कर स्वागत किया. सुनील यादव ने वर्तमान भाजपा विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास के बजाये उन्होंने सिर्फ अपना विकास किया.उन्होंने कहा कि अब हम सभी ब्रह्मदेव प्रसाद को जिताने हेतु जी जान लगा देंगे.ब्रह्मदेव प्रसाद ने दावा किया कि जिस तरह से आम लोगों का समर्थन हासिल हो रहा है,उससे हमारी जीत तय है. मंच में शामिल होने वालों में अरविंद भुइंया, संतोष भुइयां, पूनम देवी, नीलम देवी, विमला देवी, ललिता देवी, मीना देवी, सुशीला देवी, अखिलेश सिंह, अनुज भुइंया, आलोक कुमार, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार, रीमा देवी, गीता देवी, आशा देवी, कांति देवी, सोनमती देवी, रानी देवी का नाम शामिल है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद** : विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय संढा के मतदान केंद्र संख्या 238 एवं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर के मतदान केंद्र केंद्र संख्या 207 एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गम्हरिया के मतदान केंद्र संख्या 135 का भ्रमण कर वहां मौजूद आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। आयुक्त अन्य मतदान केन्द्रों का भी भ्रमण किया। भ्रमण में आयुक्त के साथ उनके सचिव बिजय वर्मा, हुसैनाबाद के अंचल अधिकारी पंकज कुमार, देवरी ओपी प्रभारी बब्लु कुमार भी उपस्थित रहे।

# कॉग्रेस के दलित प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष बने नीतीश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार** : कॉग्रेस दलित प्रकोष्ट के जिला कार्यलय मे जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने प्रखंड नौड़ीहा बाजार के दलित प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष नितीश कुमार को मनोनीत किया गया। नव नियुक्त दलित प्रकोष्ट प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि अपने पार्टी के हित निष्ठा पूर्वक कार्य करने के बात कहा। वही पर उन्होंने यह भी कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा -निर्देश पर खड़ा उतर कर कार्य करूंगा। और अगामी विधानसभा 2024 के चुनाव मे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाकर इंडिया गठबंधन की हाथों की मजबूत करने की बात कहा। उक्त मौक़े पर पलामू जिला विधानसभा प्रभारी सह औरंगाबाद विधायक आनंद दया शंकर सिंह, जिला अध्यक्ष जैसरंजन पाठक उर्फ़ बिट्टू सिंह, उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह,सचिव खालिद रजा, नगर पंचायत अध्यक्ष मुस्ताक आलम मौजूद थे।

# बिश्रामपुर में परिवर्तन की लहर : अंजू सिंह



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सपा प्रत्यासी अंजू सिंह ने मंगलवार को बिश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया. विकसित बिश्रामपुर बनाने हेतु लोगों से समर्थन मांगा. अंजू सिंह ने कहा कि बिश्रामपुर में परिवर्तन की लहर चल रही है. जनता का समर्थन भी मिल रहा है.इस बार यहां राजनीतिक परिवर्तन तय है. उन्होंने कहा कि मेरे पास क्षेत्र के विकास का विजन है. जिसका रोड मैप भी तैयार है.मौका मिला तो बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र को झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र बनाकर दिखाऊंगी।

# सड़क नहीं बनने पर ग्रामीणों ने वोट का किया वहिष्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार** : नौड़ीहा बाजार प्रखंड स्थित तरीडीह पंचायत अंतर्गत चोरडंडा गाँव मे आजादी के 75 वर्ष गुजरने की बाजूद भी सड़क नहीं बन पायी है। जबकी प्रखंड मुख्यालय से करीब 2 किमी की दूरी पर यह गाँव अवस्थित है। बताते चलें कि इसी गाँव की महिला वर्तमान में प्रखंड प्रमुख भी है। जब प्रखंड प्रमुख के गाँव की ऐसी हालत है तो प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके की क्या हाल होगी? इसका जिम्मेवार कौन है? इस गाँव की आबादी लगभग 700-800 है, जहां अनुसूचित जाति के लोग रहते है। उक्त गाँव के आक्रोशित ग्रामीण भोला राम, रामचंद्र राम, उमेश राम, विंदेश्वरी राम, रुखमणि देवी,प्रमुख रेशम कुमारी, अशोक राम आदि ने बताया कि सांसद व विधायक को सड़क के मामले मे अवगत कराया हूं। लेकिन उनकी कानों पर जु तक नहीं रेंगा। कई बार प्रखंड प्रखंड



प्रमुख रेशम कुमारी के द्वारा जिला मे डीआरडीए की बैठक मे समस्या की रखा गया। लेकिन इस मुद्दे पर कोई पहल नहीं हुआ। निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयाँ से भी समस्या के बारे अवगत कराया है। लेकिन उन्होंने यह कह कर पला झाड़ दिया कि सिचाई विभाग की नहर पर सड़क कैसे बन सकता है? जबकी मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए उसकी दूरी करीब 2 किमी है। वर्तमान कॉग्रेस की प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर ने छतरपुर पाटन विधानसभा मे 25 वर्ष विधायक रहे है। उनसे भी कई बार सड़क निर्माण कराने के लिए गुहार लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे वोट का आंकड़ा देखते हैं। इसके बाद समस्या का निष्पादन करने की बात करते हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं, सासंद बीड़ी राम हाय-हाय और वर्तमान विधायक श्रीमती पुष्पा देवी हाय-हाय की नारे लगा रहे थे। सड़क नहीं बनने से कई प्रकार की घटना भी घट चुकी है। इस गाँव मे एम्बुलेस और कोई वाहन नहीं आने के कारण गांव की बच्चें अच्छे निजी विधालय मे शिक्षा प्राप्त करने से भी वंचित है। ग्रामीणों की सहयोग से प्रति वर्ष सड़क बनाया जाता है। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौपने की बात कहा। उक्त मौके पर प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी, भोला राम, रामचंद्र राम, अशोक राम, उमेश कुमार, विजय राम, विंदेश्वरी राम, विकाश कुमार, नागेंद राम, रुखमणि देवी, कमला कुमारी काफी संख्या मे महिला पुरुष मौजूद थे।

# झारखंड युवा विकास पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के नगर अध्यक्ष

## जागृति दुबे को जिताने का किया अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)** : बिश्रामपुर में कांग्रेस को विस चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है.कांग्रेस के नगर अध्यक्ष समर्थकों के साथ मंगलवार को झारखंड युवा विकास पार्टी में शामिल हो गए.श्री पांडेय के साथ कांग्रेस नगर कमेटी के कई पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल हुए.सभी को पार्टी प्रमुख रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे ने माला पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर सदस्यता प्रदान किया. विकाश दुबे ने कहा कि अब तक के जनप्रतिनिधियों के कारनामों से आम लोग नेताओं को हिराकत की नजर से देख रहे हैं. युवा वर्ग राजनीत से दूर होता गया, लेकिन मैं बिश्रामपुर विस क्षेत्र में एक नई राजनीत को स्थापित करने का प्रयास कर रहा हूं. मेरा प्रयास रंग भी ला रहा है.सभी



जाती धर्म के युवाओं का एक बड़ा तबका बदलाव के लिए आगे आ रहा है.जिससे विश्रामपुर मे राजनीतिक बदलाव तय माना जा रहा है.उन्होंने कहा कि कांग्रेस नगर कमेटी के आने से हम और भी मजबूत हुए हैं. ऋषि पांडेय ने कहा कि कांग्रेस को कुछ बड़े नेता रिमोट से चला रहे हैं.जमीनी हकीकत को जाने बिना आम कार्यकर्ताओं पर अपनी मर्जी थोप दे रहे हैं. जिससे पार्टी लगातार कमजोर होते गई. उन्होंने कहा कि अब हम सब जागृति दुबे को जिताने की मुहिम में शामिल हो गए हैं.श्री पांडेय ने दावा किया झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी जागृति दुबे भारी अंतर से चुनाव जीतेंगे. कांग्रेस छिड़कर झारखंड युवा विकास पार्टी में शामिल होने वालों में संतोष मेहता, सतेंद्र मेहता, राहुल पांडेय, मनदीप चौधरी, निजाम अंसारी,प्रेम दुबे, उपेन्द्र चौधरी, गोविंद मेहता, शिवधारी प्रजापति, सूरज मेहता, छोटू रजवार, राजकुमार विश्वकर्मा, विजय शर्मा, विनय कुमार, विजय प्रजापति, आयुष रंजन, ईश्वर यादव आदि का नाम प्रमुख है.वहीं मौके पर विवेक शुक्ला, सुनील पांडेय, सीताराम चौबे, रवि शंकर चौबे, श्रीकांत पाठक, धर्मेंद्र चौबे, पुनीत शुक्ला, रोहित तिवारी, प्रियव्रत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## एसपी की सूझबूझ से छह दिन से लापता बच्चे को बिहार से किया गया बरामद

**रांची।** रामगढ़ जिला के रहने वाली रबिता देवी इलाज के सिलसिले में रिम्स आई हुई थी , तभी पास खड़ी एक महिला को अपने 6 दिन का बच्चे उस दे कर कुछ काम के लिए गई कुछ देर बाद लौटी तो देखा कि उक्त महिला ने उसके 6 दिन के बच्चे को लेकर फरार हो गई। इस संबंध में बरियातू थाना में मामला दर्ज कराया गया। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता के प्रयास से उक्त 6 दिन के बच्चे को अपराहन करने वाली महिला बॉबी के साथ बिहार के वैशाली से सकुशल बरामद कर लिया है । उक्त महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और 6 दिन के बच्चे को उसकी मां रबिता देवी को सौंप दिया गया है।

## धनवार सीट से भी चुनाव लड़ेगी भाकपा माले, करेगी इंडिया गठबंधन को समर्थन

**रांची** : भाकपा माले के सुशांतो मुखर्जी एवं माले के राज्य कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि बगोदर, निरसा और सिंदरी में क्रमशः विनोद सिंह, अरुप चटर्जी और चंद्रदेव महतो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इंडिया गठबंधन में कई चक्र बातचीत के बावजूद धनवार सीट पर विवाद हल नहीं हो सका। वह मंगलवार को भाकपा माले के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माले के महासचिव दीपांकन भट्टाचार्य इस संबंध में तीन बार मुख्यमंत्री से मिल कर बात की, पर आम सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने बताया कि पिछली बार माले धनवार से तीसरे स्थान पर रही झामुमो छठे स्थान पर थी।

# हेमंत सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी व्यवस्था पूरे तरीके से ध्वस्त : प्रतुल शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले 5 वर्षों में झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार देने का काम किया। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता की राजनीति चरम पर पहुंच गई। लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरे तरीके से इस सरकार में ध्वस्त हो गई। प्रतुल ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न मिडिल स्कूलों में 96% प्रिंसिपल के पद खाली है। सब प्रभार पर चल रहा है।कुल 3218 में 3163 पद मिडिल स्कूलों में खाली पड़े हैं। शिक्षा इस सरकार की प्राथमिक सूची में है ही नहीं। सरकार को झारखंड के नौनिहालों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। प्रतुल ने कहा धनबाद और सरायकेला जैसे जिलों में तो एक भी मिडिल स्कूल में पूर्णकालिक प्रिंसिपल कार्यरत नहीं है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई का ख्याल नहीं रखा जाता है ।यह पूरे तरीके से शिक्षा तंत्र को बर्बाद करने की सुनियोजित साजिश है।प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में अगर शिक्षकों की बात करें तो सभी वर्गों को मिलाकर कुल 68% शिक्षकों के पद खाली है। 60,000 पारा शिक्षकों को हेमंत सरकार ने नियमित करने का आश्वासन दिया था । मगर अभी भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उल्टे प्रजातांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने वाले पारा शिक्षकों पर इस सरकार ने बर्बरता से लाठियां चलाई थी और फर्जी मुकदमों से लाद दिया था। प्रतुल ने कहा इसी तरीके से इस सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरे तरीके से ध्वस्त कर दिया। झारखंड में प्रति लाख की आबादी पर सिर्फ 6 डॉक्टर है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। विशेषज्ञ डॉक्टर के 85 प्रतिशत पद खाली है जो हेमंत सरकार की उदासीनता को दिखाता है।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में सफलता से चल रही विश्व की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस योजना आयुष्मान भारत का इस सरकार ने भट्ठा बैठा दिया। कई अस्पतालों ने भुगतान नहीं मिलने के कारण आयुष्मान कार्ड लेना बंद कर दिया। महिलाओं के अधिकार का ढोंग करने वाली इस सरकार में संस्थागत प्रसव से राज्य की 25% आबादी को वंचित रखा है। हजारीबाग, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम और रामगढ़ जैसे जिलों में संस्थागत प्रसव का प्रतिशत तो 60 प्रतिशत से भी कम है।राज्य सरकार के स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र आदि में डॉक्टरों की बात छोड़ ही दीजिए।जल्दी कंपाउंडर भी नहीं मिलते हैं। नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। झारखंड में नर्सों की कुल क्षमता 5872 है। लेकिन झारखंड के 17 जिलों में 52% नर्सों की कमी है। सरकार ने नर्सों की कमी को पूरा करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। 108 एंबुलेंस सेवा भी इस सरकार ने 5 वर्षों में पूरे तरीके से पंगु बना दिया है।प्रतुल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों को निशाना बनाने वाली कुर्ता का एक पैटर्न सामने आया है। अक्सर आदिवासियों को माओवादी समर्थक होने या चोरी जैसे छोटे अपराधों के आरोप में गिरफ्तार का निशाना बनाया गया। 33 लोग पुलिस जुल्म के शिकार हुए। जिसमें 23 लोग अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। अपने आप को आदिवासियों की सरकार कहने वाली सरकार ने अपनी पुलिस के जरिए सबसे ज्यादा जुल्म भोले भाले आदिवासियों पर करवाया है।प्रतुल शाहदेव ने कहा जनता 23 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रही है जब झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार की विदाई हो जाएगी।

## इरफान को मंत्रिमंडल से नहीं हटाकर सीएम ने महिला का अपमान करने वालों को दे रहे संरक्षण : राफिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने 29 अक्टूबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बड़ोदरा में 10 अक्टूबर 2017 को आयोजित रैली में राहुल गांधी ने संघ की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की थी। उनके पहनावे पर अभद्र टिप्पणी की थी। कांग्रेस के नेता इरफान अंसारी झारखंड में इसी प्रोटोकॉल को आगे बढ़ते हुए झारखंड की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन पर अभद्र टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन रिजेक्ट माल हैं। इरफान अंसारी को रिजेक्ट तो जामताड़ा और झारखंड की जनता करेगी, क्योंकि उन्होंने ना सिर्फ सीता सोरेन पर अपमानजनक टिप्पणी की है, बल्कि झारखंड की समस्त आदिवासी बेटी और संपूर्ण नारी जाति पर की है।

इरफान अंसारी को यह लगता है कि वह हर बार इस तरह के टिप्पणी करते रहेंगे और झारखंड की जनता एवं राज की बेटियां माफ करती रहेंगी। इरफान अंसारी के बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की नजर में झारखंड की बेटियों की यही इज्जत है। नाज ने कहा कि अब चुप रहने का समय नहीं है। बोलने का समय है, क्योंकि कांग्रेस का जमाना गया। जब यहां की बेटियों की आवाज को दबाया जाता था और कुचला जाता था। अब वह जमाना नहीं है। उन्होंने झारखंड की बेटियों से कहा कि यह मोदी का जमाना है। बेटियों की आवाज को अब ना कोई दबा सकता है और ना ही कुचल सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता है रेणुका चौधरी ने कहा था कि बलात्कार कॉमन बड़ा है। ठीक इसी प्रकार झारखंड में बलात्कार का चलन चल पड़ा है। दुमका में विदेश से आई बहन के साथ दुष्कर्म किया गया था। इसके बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के मुख से एक शब्द भी नहीं निकलता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य बलात्कार की घटना और सीता सोरेन पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर एक शब्द नहीं बोलते हैं।इस अवसर पर तारिक इमरान भी मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव का जनसंपर्क अभियान जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव का जनसंपर्क अभियान जोरों पर है।वे गांव गांव का दौरा कर लोगों से मिल रहे हैं और कांग्रेस को वोट की अपील कर रहे हैं।आज उन्होंने पाली , पड़रा, चितरकोटा, तिगरा, बाजपुर, हिसरी, चौली, गुडू गांव का दौरा कर पदयात्रा और सभाएं की ।टोनका टोली में वे बाबा कार्तिक उरांव जयंती जतरा में भी शामिल हुए। जनसंपर्क कार्यक्रम में कुशल उरांव, बेलाल अंसारी,सोमा उरांव, सोमनाथ उरांव, संजय साहू, सुष्मिता तिर्की, पार्वती कुमारी, खुशबू ठाकुर, प्रदीप टोप्पो,कमरुल अंसारी, अतुल राज सहित काफी संख्या में कांग्रेस और झामुमो के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## रांची में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त का दौरा झारखंड में विकास के पहलुओं पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने रांची का दौरा किया और सिटीजन्स फाउंडेशन के संस्थापक एवं संयुक्त सचिव, संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया , गणेश रेड्डी से मुलाकात की। गणेश रेड्डी ब्रिटिश उप उच्चायुक्त कार्यालय के काउंसलर वार्डन भी हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड राज्य में विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।डॉ. फ्लेमिंग और रेड्डी ने झारखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सतत विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दोनों ने राज्य में मौजूद संभावनाओं और चुनौतियों को समझने के साथ-साथ इन क्षेत्रों में प्रभावशाली योजनाएं लागू करने के लिए संभावित सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. फ्लेमिंग ने झारखंड की विकास यात्रा में सिटीजन्स फाउंडेशन द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और भविष्य में सहयोग के अवसरों की संभावना जताई।

## दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों का निःशुल्क वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भीम बिरसा इनमेंस फाउंडेशन और जनहित सांस्कृतिक कला केन्द्र के संयुक्त सहयोग से लालपुर स्थित धोबी घाट में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्था द्वारा इन वस्तुओं को जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क वितरण किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित दीया, मोमबत्ती, और मिठाई का वितरण किया गया। जनहित के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के चैरिटी कार्यक्रम दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर किये जा रहे हैं। दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से संबल बनाया जा सके इसके लिये प्रयास किये जा रहे हैं। इस तरह के कम से कम पांच कैंप लगाकर जरूरतमंदों के बीच इन उत्पादों का वितरण किया जायेगा। वहीं भीम बिरसा इनमेंस फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पांडेय ने बताया कि संस्था अपने उद्देश्यों को लेकर स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से दिव्यांगजनों और महिला उत्थान की दिशा में काम करती रही है। दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों से परिचित कराना और उनके अधिकारों को दिलवाने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रयास है कि समाज में दिव्यांगजनों का विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वाबलंबी बनाया जाय। इस मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 31 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** नगर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि चतरा तरफ से आनेवाली सवारी बस मे नशीले पदार्थ को बिक्री करने के लिए कुछ व्यक्ति रांची आ रहे है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मेरे द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, नगर के वी रमन रांची के नेतृत्व में पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार दयानंद , पुअनि दीपक किशोर तिवारी, पुअनि दिवाकर कुमार, सअनि भीम सिंह एवं सशस्त्र बल, लोअरबाजार थाना के सहयोग से खादगढ़ा बस स्टैण्ड में लगे खराब बस के पीछे दो संदिग्ध व्यक्ति आपस में बातचीत कर रहे थे, जिससे पूछताछ एवं जांच पड़ताल करने पर दोनो संदिग्धों के पास से ब्राउन सूगर जैसा पदार्थ, प्लास्टीक की थैली में पाया गया, उनलोगो से पुछताछ करने पर बताया गया कि ब्राउन सुगर है तथा दोनो से नाम पता पुछनें पर अपना नाम बबलू कुमार थाना- गिद्धौर जिला चतरा, जिसके पास से 20.82 ग्राम ब्राउन सूगर जैसा भूरे रंग का पदार्थ और संतोष कुमार सिंह लक्ष्मीनगर, थाना सुखदेवनगर (पण्डरा) रांची, जिसके पास से 10.12 ग्राम ब्राउन सूगर जैसा भूरे रंग का पदार्थ तथा एक सैमसंग का मोबाईल तथा एक ओप्पों कंपनी का मोबाईल बरामद विधिवत किया गया है। जिस संबध में लोअर बाजार थाना में मामला दर्ज किया गया है।

## स्वामी सदानंद जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर अपने शिष्यों को दी दिपावली की बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक परमहंस संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज एव गुरु जी के साथ गीता प्रवचन के प्रख्यात कथाकार रवी जी शास्त्री भी रायगढ से सड़क मार्ग से चलकर अपराह्न 4:30 बजे संस्था के सत्संग भवन शिवगंज हरमु रोड़ स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुँचें।गुरु जी महाराज के सत्संग भवन मे आगमन होने के साथ ही वहाँ का वातावरण सतगुरु महाराज की जय श्री प्राणनाथ प्यारे की जय जयकारो से गुंज उठा।

कार्यक्रम समापन पर गुरू जी महाराज का चंदन वंदन माल्यार्पण कर गुरू जी महाराज का और राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान की आरती कर गुरू जी सदानंद जी महाराज ने वहा उपस्थित सभी शिष्यों एव आये हुए श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण कर आज के दिपावली मिलन समारोह को सम्पन्न किया। और गुरू जी महाराज रेलमार्ग से अपने होने वाले आज के सत्संग के कार्यक्रम हेतु पटना के लिए प्रस्थान कर गये। गुरूजी महाराज एव उनके साथ रवी जी शास्त्री रांची से रेल मार्ग से चल कर पटना के लिए प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, विशाल जालान, नन्द किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, चिरंजी लाल खंडेलवाल,पूरणमल सर्राफ ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, सुरेश चौधरी, दिलीप अग्रवाल,आलोक सिंह, धीरज गुप्ता, रमेन्द्र पाण्डेय एवं महिला मंडल की विद्या देवी अग्रवाल विमला जालान, शोभा जालान, आशा मुंजाल, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल,सरोज पोद्दार,शारदा पोद्दार, अमिता जालान एवं गुरु जी के और भी बहुत से शिष्य और संस्था के भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## व्यय कोषांग से सम्बंधित सभी आवश्यक पहलुओं पर डीसी ने किया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कार्यालय कक्ष में व्यय प्रेक्षक, अजेय कुमार ओझा के साथ व्यय कोषांग से सम्बंधित सभी आवश्यक पहलुओं पर बात की गई। जिसमें मुख्य रूप से व्यय लेखा टीम, वीएसटी, वीवीटी, एफएस के बारे में चर्चा की गई।उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा व्यय प्रेक्षक को व्यय लेखा जाँच से सम्बंधित कार्य तथा वीवीटी के टीमों, वीएसटी के बारे में जानकारी दी गई।

व्यय प्रेक्षक द्वारा सी विजिल मॉनिटरिंग सेंटर के निरीक्षण के क्रम में निर्देश देते हुए सी विजिल से प्राप्त शिकायत सम्बंधित टीम- एफएसटी तथा उनसे जुड़े अन्य सम्बंधित पदाधिकारी दे, ताकि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई किया जा सकें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा व्यय प्रेक्षक को जानकारी देते हुए बताया की गठित चेक पोस्टों पर वाहन की जाँच कराई जा रही है। गैर कानूनी रूप से माल/ कैश/ प्रतिबंधित वस्तुओं की जाँच लगातार करते हुए जब्ती भी की जा रही है।

## रांची पुलिस ने लोगों से थाने में शस्त्र जमा करने की अपील

**रांचीः** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आम जनता से अपील कि है कि वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनका शस्त्र अनुज्ञप्ति (आर्म्स लाइसेंस) किसी दूसरे जिले या झारखड के अलावा अन्य राज्यों से निर्गत किया गया हो, उसे यथाशीघ्र रांची जिले के स्थानीय थाना में शस्त्र अनुज्ञप्ति की प्रविष्टि (इंट्री) करवाते हुए जमा करायें। उन्होंने कहा कि शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी इस अपील को बाध्यकारी समझें। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## हर महीने के 11 तारीख को परिवार कल्याण दिवस मनाया जायेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** सदर अस्पताल सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रांची,लोहरदगा, रामगढ़ व खूंटी के चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। इस समीक्षा बैठक में राज्य स्तर से परिवार नियोजन कोषांग से राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा ,आईईसी कोषांग से राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल मांझी, राज्य कार्यक्रम समन्वय गुंजन खलखो , सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, नवल किशोर, आईईसी समन्वयक पंकज कुमार, डीपीएम रांची प्रवीण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए द्य कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए किया और कहा कि इस तरह की समीक्षा बैठक से कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में फायदा मिलेगा । परिवार नियोजन कोषांग से राज्य नोडल पदाधिकारी डॉक्टर पुष्पा ने कहा कि हर महीने के 11 तारीख को आउट रिच एरिया में परिवार कल्याण दिवस मनाया जाना है। प्रजनन दर में कमी लाने हेतु परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई विधि के उपयोग हेतु आम जनों में जागरूकता फैलाया जाना चाहिए ताकि लोग इसका सही से उपयोग कर सकें। समुदाय स्तर पर जाकर परिवार नियोजन के विभिन्न विधियो को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। साथ ही सभी जिला एवं प्रखंड नव दंपति को समय पर नई पहल किट का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे द्यराज्य कार्यक्रम समन्वयक गुंजन खलखो ने सभी जिला को ट्रेनिंग नीड एसेसमेंट करने की बातें कहीद्य साथ ही जो लोग परिवार नियोजन के तरीकों का उपयोग नहीं करते हैं उन्हें BTT एवं सहीया के माध्यम से जागरूक कर परिवार नियोजन हेतु प्रोत्साहित करना है। बता दे कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का समापन आज रांची ,लोहरदगा,खूंटी एवं रामगढ़ जिले की समीक्षा बैठक के साथ हुई।

## अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियानः नगर आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** नगर आयुक्त के निर्देशानुसार रांची नगर निगम के द्वारा अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई÷ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत् अवैध तरीके से, बिना एनजीओ प्राप्त किये, विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स अधिष्ठापित किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस विशेष अभियान की समीक्षा हेतु अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में बाजार शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में बाजार शाखा के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 27 विज्ञापन एजेंसी के द्वारा अपना लाइसेंस रिनुअल किया गया है। जिसपर अपर प्रशासक ने निर्देश दिया कि यदि किसी एजेंसी के स्तर से किसी विज्ञापन हेतु राशि बकाया है, तो उस एजेंसी को नोटिस निर्गत करे। इसके अलावा उन्होंने निगम स्तर से दो टीम गठित करने का निर्देश दिया जिनके द्वारा, प्रथम टीम फिरायालाल चौक से सुजाता होते हुए मेकॉन चौक तक तथा द्वितीय टीम कचहरी चौक से लालपुर चौक होते हुए डांगरटोली चौक तक सभी निजी/सरकारी विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स की जांच करेगी एवं अवैध पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई भी करेगी। यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा एवं निगम क्षेत्रांतर्गत सभी अवैध विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्किोण से उन्होंने पुराने जर्जर भवनों पर अधिष्ठापित होर्डिंग्स की जाँच करते हुए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर प्रबंधक, बाजार शाखा की टीम तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अर्धसैनिक बलों व पदाधिकारियो को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



रांची : बुंडू स्थित ताऊ मैदान में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला में चुनाव कार्य हेतु प्रतिनियुक्त अर्धसैनिक बलों को उनके वरीय पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण एवं ब्रीफिंग के दौरान सुरक्षा बलों का मतदान केंद्र पर मतदाता से व्यवहार एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव हेतु की जाने वाली कार्रवाई, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बलों के गमनागमन के दौरान बरती जाने वाली विशेष सावधान ईवीएम सुरक्षा, सुरक्षा बलों के एवं कई बिंदु पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रांची जिला के भौगोलिक एवं स्थलाकृतिक परिदृश्य से भी सुरक्षा बलों को अवगत कराते हुए उनके प्रश्नों एवं शंका के बिंदु पर भी ब्रीफिंग प्रदान की गई. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, एसडीपीओ बुंडू एवं थाना प्रभारी बुंडू एवं सीमावर्ती थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## डॉ. परमेश्वर भगत ने किया महिलाओं और बुद्धिजीवियों के साथ बैठक



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 29.10.2024 को पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने महिलाओं और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम माशु में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास पर चर्चा की। डॉ. भगत ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं और उनकी भागीदारी आवश्यक है। बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। बैठक में, डॉ. भगत ने जनता की आवश्यकताओं के अनुसार नीतियों को बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के सभी वर्गों की आवाज़ को सुनना है और सड़क से सदन उठाना है और हल करने के लिए पहल करना है। महिलाओं ने अपनी सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर बात की, जिन्हें डॉ. भगत ने गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में, सभी ने एकजुट होकर चुनाव में समर्थन देने का संकल्प लिया। इस पहल ने डॉ. भगत के अभियान को और मजबूती दी है।

## आजसु पार्टी की बैठक मे विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ मे मंगलवार को आजसु पार्टी की एक आवश्यक बैठक पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।इस बैठक मे विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई एवं बैठक में सर्वसम्मति से बडकागांव विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया।बैठक मे चुनाव संचालन समिति,बूथ कमेटी और पंचायत कमेटी से एकजुट होकर रौशनलाल चौधरी के पक्ष मे प्रचार प्रसार करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।इस दौरान बूथ जीतो चुनाव जीतो के प्रति सभी कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए एक आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए चुनाव में लग जाने का आहवान किया गया।बैठक में पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह,भीम सिंह यादव,बिनोद कुमार मुखिया, उमेश सिंह,भोला मियां, सागर राम,कॉलेज राम,शंभू गुप्ता,गोलू सिंह,कमल सिंह, ललन महतो,उमान महतो, सूरजमल साव,राहुल कुमार, संतोष सिंह,पवन महतो, राजा कुमार,धर्मवीर महतो, अर्जुन महतो,उमेश मेहता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जॉय ऑफ गिविंग



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने छात्रों में उदारता तथा सामुदायिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए 'जॉय ऑफ गिविंग' सप्ताह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, छात्रों ने करुणा अनाथालय (बरियातू रोड), अपना घर वृद्धाश्रम, गुरु नानक होम फॉर हैंडीकैप्ड चिल्ड्रन (बरियातू), और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग में जाकर अपनी खुशियाँ साझा कीं। छात्रों ने वहाँ दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ भेंट कीं, साथ ही उनके प्रति अपना स्नेह, संवेदनशीलता और आभार भी प्रकट किया। इन संस्थानों में जाकर बच्चों ने जीवन में जो कुछ है, उसकी कद्र करना सीखा और जिम्मेदार व्यक्ति बनने की प्रेरणा ली। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में समाज सेवा की भावना जगाते हैं, उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों का महत्व सिखाते हैं और दूसरों की सहायता करने की भावना को बढ़ावा देते हैं।

## धनतेरस को लेकर बाजार में आई रौनक

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनतेरस को लेकर इटकी और आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। धनतेरस कि उपलक्ष में लोग अपनी अपनी ज़रूरत कि समान खरीदते दिखे। खरीदारी में टीवी, फ्रिज, सोफा सेट, बर्तन की दुकानों में सबसे ज्यादा भीड़ लगी थी । साथ ही दुकानों कि भीड़ झाड़ू खरीदते देखी गई। वहीं दूसरी ओर करंज तेल और मिट्टी के दिए कि दुकानों पर भी लोगों कि भीड़ नज़र आई। वहीं एक तरफ पिछले दिनों नकली मिठाई कि समाचार आने पर मिठाई खरीदने से हिचकिचाते दिखे।

## ग्राहक सेवा महोत्सव के शुभारंभ की हुई घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहक सेवा महोत्सव 2024 के शुभारंभ की घोषणा की, जो 24 दिसंबर, 2024 तक वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों के लिए एक व्यापक ग्राहक जुड़ाव कार्यक्रम है। यह अनूठा और मूल्य वर्धित कार्यक्रम देश भर में 2500 से अधिक अधिकृत सेवा आउटलेट पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बेड़े के मालिक और ड्राइवर व्यावहारिक चर्चाओं के लिए एक साथ आएंगे। महोत्सव के माध्यम से, ग्राहक कई तरह के लाभ उठा सकते हैं, जिसमें प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा किए गए गहन वाहन चेक-अप और मूल्य वर्धित सेवाओं तक पहुँच शामिल है। इसके अतिरिक्त, ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन-कुशल ड्राइविंग प्रथाओं पर व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त होगा, साथ ही संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत अनुकूलित पेशकश भी मिलेगी।

# कर्रा में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड सभागार में शनिवार को आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा तोरपा -59 के 31 बूथ एवं विधानसभा खूंटी -60 के 79 बूथ के सेक्टर वाइज मतदान केन्द्रो कि मूलभूत सुविधा, रूट चार्ट, महिला बूथ, डायरेक्ट बूथ, कॉमनिकेशन प्लान, भोलेंटियर लिस्ट, कलस्टर पॉइंट, क्लस्टर इंचार्ज, स्टोर रूम इंचार्ज, सेक्टर मजिस्ट्रेट में प्रतिनियुक्त पुलिस बल, दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक के गृह वोट के दीए रूट चार्ट व मतदाता सूची के विषय पर विशेष चर्चा किया गया. साथ ही तोरपा व खूंटी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कर्रा प्रखंड में बनायें गये कुल पांच कलस्टर में महिला क्लस्टर एकलव्य विद्यालय कर्रा, प्लस टू उच्च विद्यालय लोधमा, प्लस टू उच्च विद्यालय बिरदा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरिया गढ़, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरूहप्पा के विधि व्यवस्था पर चर्चा किया गया. बैठक में बैठक सेक्टर वाइज दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों के कार्य नेतृत्व में जानकारी दिया गया. बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम खूंटी दीपेश कुमारी, एसडीपीओ तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा, बीडीओ स्मिता नगेशिया, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरिया गढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, एमवाईसी डॉ. शकील अहमद, बीइईओ विजयालक्ष्मी, बीपीओ मनमोहन साहू, मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर, सेक्टर दंडाधिकारी पंडित कुमार महतो, अमित कुमार संतोष कुमार राणा, रेमंड रोशन कुजूर, जगदिश सिंह मुंडा, अंकित कुमार, रवि रौशन के अलावे अन्य सेक्टर इंचार्ज, सेक्टर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बचरा चार नम्बर चौक मे तेज रफ्तार थार वाहन ने बाईक को लिया चपेट में बाईक सवार युवक हुआ घायल, जांच मे जुटी पिपरवार पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित सरकारी शराब दुकान के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार थार वाहन ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।इस घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया।बताया जाता है की टक्कर इतनी जोरदार थी की बाईक थार वाहन के नीचे पूरी तरह से घुस गया और बाईक पर सवार युवक दूर जाकर गिर गया।इस घटना के बाद काफी संख्या में वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।वहीं सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। स्थानीय ग्रामीण एवं पुलिस के सहयोग से घायल को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,वहीं नशे मे धुत वाहन चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवारी की रात करीब 9 बजे घायल युवक आपने मोटरसाइकिल संख्या युपी 64ई-1540 से बचरा चार नंबर चौक से बचरा काली मंदिर स्थित अपने आवास जा रहा था,इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही थार वाहन जिसका नम्बर जेएच 01एफयू- 6194 ने शराब दुकान के समीप बाईक को जोरदार टक्कर मार दी,घटना मे बाईक सवार युवक सड़क पर गिर गया, जबकि बाईक थार वाहन के नीचे घुस गया।इसके बाद काफी मशक्कत करने के पश्चात स्थानीय पुलिस के द्वारा थार वाहन के नीचे से बाइक को निकाला गया। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।इधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने अपना आक्रोश प्रकट किया।ग्रामीणों ने कहा कि बचरा



चार नंबर चौक पर संचालित सरकारी शराब दुकान के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है।लोग शराब लेने के लिए दुकान पहुंच रहे हैं और वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर शराब लेने चले जाते हैं,जिसके कारण आवागमन करने वाले को काफी परेशानी होती है और दुर्घटना होती रहती है.इससे पूर्व भी कई बार यहां दुर्घटना हो चुकी है।स्थानीय लोगों ने शराब दुकान को यहां से हटाने की मांग भी की, लेकिन किसी प्रकार का ध्यान इस ओर नहीं दिया गया है,जिसके कारण दुर्घटना का सिलसिला लगातार जारी है।ग्रामीणों ने बताया कि बीच बाजार में शराब दुकान संचालित होने के कारण महिला,स्कूली बच्चों सहित पूजा पाठ के लिए आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों ने बताया कि जब तक यहां से शराब दुकान को नहीं हटाया गया तब तक यहां दुर्घटना का सिलसिला जारी रहेगा।इधर पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है,जबकि दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है।पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े विभिन्न तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े विभिन्न तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से टेलीकॉम सेवा, शस्त्र स्क्रीनिंग समिति, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण, बूथों पर एएमएफ के तहत मूलभूत सुविधा, 107 के तहत की जा रही कार्रवाई, पोस्टल बैलट एवं प्रशिक्षण से जुड़े विषय पर बिंदुवार समीक्षा किया गया। बैठक में उपस्थित एयरटेल, बीएसएनएल समेत अन्य टेलीकॉम सेवाओं के प्रतिनिधियों से जिले के शैडो एरिया जहां टेलीकॉम सेवाएं दुरुस्त नहीं है, वैसे क्षेत्र में नेटवर्क कनेक्टिविटी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। शस्त्र स्क्रीनिंग समिति की समीक्षा करते हुए अब तक थानों में जमा कराए गए हथियारों की जानकारी सभी थाना प्रभारी से लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। 107 के तहत अब तक की गई कार्यवाही से संबंधित भी जानकारी लिया गया। सेक्टर पुलिस ट्रेनिंग पर भी चर्चा किया गया, रोस्टर अनुसार सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया गया। पोस्टल बैलट के तहत फार्म 12 भरकर जमा करने को लेकर निर्देशित किया गया। वहीं वोटर इनफॉरमेशन स्लिप डिसटीब्यूशन को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्धारित समय के अंदर सभी मतदाताओं के बीच वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बंटवाने का निर्देश दिया गया। क्लस्टर एवं मतदान केन्द्रों पर एएमएफ के तहत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी/तोरपा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बाघवार एकेडमी के बच्चों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** मंगलवार को बाघवार एकेडमी के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । आप सबों को ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में दिनांक 28 एवं 29 अक्टूबर को स्वीप एक्टिविटी के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना था । जिसके तहत विद्यालय प्रांगण में दिनांक 28 10.2024 दिन सोमवार को उपरोक्त विषय पर चित्रकला, पोस्टर बनाना, रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिता , क्विज




आदि सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज दिनांक 29 10 2024, दिन मंगलवार को बाघवार एकेडमी के कक्षा 6 से 12वीं तक के लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने प्रभात फेरी के माध्यम से चान्हों एवं आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में दिनांक 13.11.24 को अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील किया । बाघवार अकादमी के बच्चों के द्वारा निकाला गया यह प्रभात फेरी आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा ।समस्त कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के निगरानी में संपन्न हुआ । इस प्रभात फेरी को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक सहित अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा ।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका के छात्रों ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी विद्यालय के पोषक क्षेत्र नया धौडा, प्रगति नगर, पत्रकार कॉलोनी, चानक धौडा, जानकी मंदिर कॉलोनी, केडी मुख्य बाजार होते हुए नेहरू स्टेडियम, अंबेडकर चैक सहित अन्य जगहों से होते हुए पुनः विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखा तख्ती हाथों में लिए हुए थे। वहीं रास्ते में 'मतदान करना जरूरी है' जैसे नारे लगाए और मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्कूली बच्चों ने रैली निकाल कर मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत एग्नेस मध्य और उच्च विद्यालय इटकी कि ओर से मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल के विद्यार्थियों कि जागरूकता रैली की शुरुआत स्कूल से होकर खोरखटोली, महुवा टोली, बेलचान टोली, प्रखंड कार्यालय साहेब मोड़ होते हुए रेली वापस स्कूल पहुंची। छात्राओं ने मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने मम्मी-पापा वोट दो, नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी ,सारे काम छोड़ दो पहले जाकर वोट दो, पहले करें मतदान फिर कर जलपान, नशे से ना नोट से किस्मत बदले अपने वोट से आदि का नारा लगा रहे थे। और छात्राओं के हाथों में तख्तियां लिखे हुए थे।

## चुनौतियों के बीच पांचों प्रखंड में चहुंमुखी विकास योजनाएं धरातल पर उतरी : शिल्पी नेहा तिर्की



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा शासित प्रदेशों में आदिवासियों का व्यापक शोषण हो रहा है। भाजपा हवा हवाई पार्टी है । चुनाव जब आता है घोषणाएं बड़ी बड़ी करती है जब जनता भरोसा जता सरकार बना देती है सारी घोषणाएं फुस हो जाता है। भाजपा जनता को दिग्भ्रमित कर ठगने का काम करती है। उन्होंने ऐसे पार्टी से सावधान रहने की बातें कही। 13 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी प्रखंड के रानिखटंगा अखरा स्थल में चुनाव प्रचार कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि अपार चुनौतियों के बीच अपने दो वर्ष के विधायिका कार्यकाल में मांडर विधान सभा के पांचों प्रखंड में चहुंमुखी विकास योजनाएं धरातल पर उतारी है। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चालयी जा रही कांग्रेस गठबंधन की धर्मनिरपेक्ष सरकार ने झारखंड के गरीब,आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यको के हितों की रक्षा के साथ साथ महिलाओं को मइंया योजना, बेघरों को अबुवा आवास, किसानों को कृषि ऋण माफी योजना, गरीब परिवारों को बिजली बिल माफी कर एक सौगात देने का काम किया गया है। जनता जागरूक हो चुके हैं किसे वोट करना है जानतें है। उन्होंने लोगों से अपने विवेक से बेहतर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि को मतदान करने की बातें कही। उन्होंने मांडर विधान सभा मे किये गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि इटकी में पांच हजार करोड़ की लागत से अजिम प्रेम जी मेडिकल यूनिवर्सिटी बेरोजगारों को रोजगार सृजन करेगी। इटकी में ही झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय को नामकोम से लाने का काम किया गया। लापुंग में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम का निर्माण किया गया। मांडर के रेफरल अस्पताल को उत्तम श्रेणी का अस्पताल बनाने का काम किया गया। ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सके। साथ ही करोड़ों की लागत से कई सड़क योजनाओं को धरातल पर उतारी गई है। चान्हों के रघुनाथ पुर में दो हजार हेक्टर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य है। बड़ो केसीबी कॉलेज को 13 करोड़ की लागत नया भवन का निर्माण लिफ्ट की सुविधाएं, साथ ही मांडर कॉलेजमें 19 करोड़ की लागत नए शैक्षणिकभवन व स्टूडेंट रेसोर्स सेन्टर का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे आधुनिक पुस्तकालय, जिम सहित अन्य व्यवस्थाएं होगी। साथ ही पूरे मांडर विधान सभा को शैक्षणिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

# पिपरवार कोयलांचल में धनतेरस की धुम, बाजारों में उमड़ी लोगो की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाको में धनतेरस के मौके पर जमकर खरीदारी हुई।एक ओर जहाँ सभी बाजारों में कई प्रकार की दुकानें सज गयी है।वही दुसरी ओर परंपरा के अनुसार सोने चांदी के जेवर, सिक्के के साथ बर्तनों की खरीद के लिए बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई।सीसीएल का आवासीय क्षेत्र होने के कारण बचरा स्थित चार नंबर मुख्य व्यवसायिक बाजार में सड़क के दोनो ओर दीपावली एवं धनतेरस से संबंधित हर प्रकार के सामानों की दुकानें लगायी गई थी।जिसमें कही मिट्टी के बर्तन,तो कही धातु के बर्तन,मां लक्ष्मी और गणेश की मुर्ति,फुल माला, पुजा पाठ का सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान,पटाखों की दुकान,घरेलु उपयोग के साथ विलासिता की बस्तुएं जैसे टीवी,फ्रिज,वाशिंग मशीन इत्यादि की दुकानें सजी हुई थी।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सोना चांदी सहित झाड़ू के साथ घरेलू सामानों की खरीद से घर में लक्ष्मी का वास होता है और इससे घर में खुशहाली आती है।धनतेरस के दिन धनवंतरी देवता का पुजन भी होता है। हालांकि खुशी और संपन्नता के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस त्योहार पर मंहगाई की काली परछाई का असर भी साफ देखने को मिल रहा है।एक ओर जहां सीसीएल का क्षेत्र होने के कारण पैसों वालों में इसे ज्यादा से ज्यादा खरीदारी कर अपनी संपन्नता दिखाने की होड़ मची है वही दुसरी ओर एक वर्ग ऐसा भी है जो मंहगाई और जेब में पैसा नहीं होने के कारण धनतेरस पर खरीदे जाने वाले बहुत जरुरी सामानों की खरीदारी करने में असमर्थ होकर सिर्फ अपना मन मसोसकर रह जाता है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक और बचरा बाजारटांड़ में लगाए गए दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई।लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए परंपरा को आगे बढ़ाया। जानकारी के अनुसार कोयलांचल के बाजारों में लाखों रुपए के सामानों की खरीदारी की गई।इधर बाजारों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय लगातार क्षेत्र और बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।बचरा के अलावे राय बाजार,बेंती, बहेरा,कल्याणपूर,कारो, बिलारी,चिरैयांटांड़ सहित अन्य ग्रामीण इलाको मे धनतेरस पर लोगो ने जमकर खरीदारी की।

# डीएवी खलारी में दीपावली मेले का आयोजन

## बच्चों को संस्कारों के साथ कौशल शिक्षा आज के समय की माँग है, जिसे डीएवी स्कूल पूरी करता है : अनिल सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में एक समारोह आयोजित कर दीपावली मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनके एरिया केडीएच एवं डकरा के पीओ अनिल कुमार सिंह ने, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार एवं अभिभावकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जो कि बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है, साथ ही उनमें प्रारंभ से ही उद्यमशीलता को भी बढ़ावा मिलता है।

वही इस मौके पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं कहा कि ऐसे कार्यक्रम डीएवी स्कूल खलारी समय-समय पर आयोजित करता रहता है।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद दिया।।उन्होंने कहा कि डीएवी स्कूल में संस्कारों के साथ कौशल आधारित शिक्षा दी जाती है जो कि आज के समय में बहुत ही आवश्यक है। दीपावली मेले पर विद्यालय के बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, नृत्य एवं गायन हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रस्तुत किए। साथही स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाए। जहां अभिभावकों ने अपने नन्हे मुन्नों के इन प्रयासों की सराहना की एवं उनके उत्पादों - कलश, दीया, चॉकलेट, पानी पूरी आदि को खरीदने में रूचि दिखायी। मुख्य अतिथि ने भी कलश और दीया खरीद कर बच्चों की इस कोशिश को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षक उपस्थित थे। मंच संचालन अंग्रेजी शिक्षिका प्रेरणा सिंह व धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने किया।

## रिटायरमेंट म्यूचुअल फंड्स में निवेश का बढ़ता महत्व

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) का अनुमान है कि भारत में 2050 तक बुजुर्गों की आबादी दोगुनी हो जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवा, आवास और सेवानिवृत्ति समाधानों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों के कारण वित्तीय स्थिरता के लिए शुरुआती दौर से ही रिटायरमेंट फंड में निवेश करना आवश्यक होता जा रहा है। इस संबंध में टाटा एसेट मैनेजमेंट के फंड मैनेजर सतीश मिश्रा का मानना है कि रिटायरमेंट फंड्स न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि रिटायरमेंट के बाद के वर्षों में आय का स्रोत भी बन सकते हैं। टाटा रिटायरमेंट सेविंग्स फंड में सितंबर 2024 में 14.39 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.28 करोड़ रुपये था। अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच फंड को कुल 84.4 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसमें रांची से 1.6 करोड़ और जमशेदपुर से 7.8 लाख रुपये का योगदान शामिल है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, रिटायरमेंट फंड्स के तहत औसत संपत्ति (एयूएम) सितंबर 2019 के 8,781 करोड़ रुपये से 2024 तक 3.5 गुना बढ़कर 30,769 करोड़ रुपये हो गई है। फोलियो की संख्या में भी 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सितंबर 2024 तक 29.6 लाख तक पहुंच गई।

## मोरडीह में झामुमो युवा नेता सन्नी उरांव ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर प्रखंड के केनके पंचायत के ग्राम मोरडीह में मंगलवार को झामुमो के युवा नेता सह गुरूजी आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने झामुमो प्रत्याशी सह विधायक सुखराम उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने ग्रमीणों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किया है। महिलाओं को प्रत्येक मंईयां सम्मान योजना के तहत एक-एक हजार रुपये दे रही है। साथ ही ग्रमीणों की बिजली बिल माफ किया। जिससे सभी ग्रमीणों को बहुत मदद मिली। वही किसानों का कृषि ऋष्ण माफ किया। जिससे किसान काफी खुश हैं। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया श्याम मुंडा, बालक मुंडा, कृष्णा मुंडा, विनीता मुंडा, रंजन मुंडा,जीतू राम मुंडा, बुधराम मुंडा, प्रभात मुंडा समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल में आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता, क्विज, स्लोगन लेखन और आयुर्वेदिक औषधि पौधों की प्रदर्शनी में भाग लिया। रंगोली में छात्रों ने आयुर्वेदिक प्रतीकों को खूबसूरती से उकेरा, जबकि क्विज में आयुर्वेदिक ज्ञान पर आधारित सवालों के जवाब दिए। स्लोगन लेखन में विद्यार्थियों ने प्रभावी स्लोगनों के माध्यम से आयुर्वेद का महत्व समझाया। प्रदर्शनी में तुलसी, नीम, हल्दी आंवला व हरसिंगार जैसे औषधीय पौधों की विशेषताएं बताई गई। मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के ज्ञान को अपनाने और इसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

## सविता महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड के दर्जनों गांव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विधायक सविता महतो ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चोगा, आदारडीह, जारागोड़ा, दुबराजपुर, सापारुम, टीकर व चांदुडीह आदि में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगो से पुन~एक बार आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने कहा कि काम किया है काम करेंगे ईचागढ़ का झारखंड में नाम करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने ईचागढ़ की जनता तैयार सविता महतो फिर एक बार का नारा लगाया। इस अवसर पर झामुमो नेता गुरुचरण किस्कू, चारुचांद किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, निताई उरांव, सुधीर किस्कू, दिलीप किस्कू, सुदामा हेम्ब्रम, अमित सिन्हा, किशुन किस्कू, कृष्णा किशोर महतो, समर भुईया, हृदय महतो व अधर महतो काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कुचाई में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में जिला स्वीप कोषांग की टीम द्वारा उत्क्रमित मध्य विधालय मुटूगोडा मतदान केंद्र संख्या-10 अंतर्गत पीवीटीजी परिवार के सदस्यों के लिए बिरहोर टोला वीरगामडीह एवं उत्क्रमित मध्य विधालय सेरेंगदा के मतदान केंद्र संख्या-34 अंतर्गत बिरहोर टोला जोडा साजम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। वही कुचाई प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनाव पाठशाला एवं बूथ जागरूकता समूह (बीएजी) के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफलता हेतु प्रचार सामग्री, बैनर, पोस्टर सहित निर्वाचन कोषांग, प्रखंड और अचल कार्यालय के सबधित कर्मी, वीएसओ स्वयं सेवक शामिल हुए।

## पटमदा के सुदूर गांव बासगढ़ सबर बस्ती में दीन बंधु ट्रस्ट ने बांटी दीपावली की खुशियां




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** शहर की सामाजिक संस्था दीन बंधु ट्रस्ट ने पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखण्ड स्थित बासगढ़, सबर बस्ती में धनतरेस के दिन मंगलवार को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया । जहां गांव के लगभग 25 परिवारों में दीपावली की खुशियां बांटी गई। ग्रामीणों को पूजन सामग्री के तौर पर दीया, बाती, तेल, अगरबत्ती, मिठाई और बच्चों को पटाखे वितरीत किया गया , जिन्हें पाकर सभी बच्चे सहित सबर परिवारों के चेहरों पर खुशी छा गई । उन्होंने दीन बंधु ट्रस्ट के सदस्यों को आशीर्वाद दिया और आभार प्रकट किया । इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने कहा कि सबर परिवार अभी भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है । कई परिवार ऐसे हैं, जिन्हें दो वक्त की रोटी कमाने में मुश्किल आती है। अब ऐसे लोग अपने बच्चों को इस तरह तरह के सामान नहीं दिला सकते, लेकिन हम इन्हें उपहार के तौर पर ये चीजें दे सकते हैं। उनमें खुशियां बांट सकते हैं। हम किसी को या कोई हमें उपहार दे या ना दे, लेकिन जरूरतमंद-गरीब परिवारों को हमें उपहार जरूर देना चाहिए, असल में उपहार उन्हें बांटिए, जिन्हें सबसे ज्यादा इनकी जरूरत है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने जमशेदपुर पूर्वी की जनता से पूछा सवाल

# 25 साल का रघुवर शासन चाहिए या डॉ. अजय के एसपी काल का शासन?

- हम कोशिश करेंगे, टाटा स्टील बंद कंपनियों को अपने अधीन कर दोबारा शुरुआत करें
- मालिकाना हक मुद्दे पर राज्य विधानसभा में एक अध्यादेश पारित कर करेंगे समाधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रघुवर दास की कार्यशैली आज सबको पता है, 25 साल से चुनाव में लुभावने वादे लेकिन किया कुछ भी नहीं। न तो मालिकाना दिला पाए, न कोई नई कंपनी खुलवा पाए। यहां तक कि जो कंपनियां चल रही थी वह भी या तो बंद हो गई या फिर शहर से बाहर चली गई। मजदूर सड़क पर आ गए और स्वंयभू मजदूरों के मसीहा रघुवर दास मूकदर्शक बने रहे। मोमेंटम झारखंड से झारखंड को कुछ भी नहीं मिला लेकिन राज्य का खजाना हाथी उड़ाने में खाली कर दिए। उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राष्ट्रीय सचिव आलोक शर्मा ने मंगलवार को कैनेलाईट होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि अगर पूर्वी जमशेदपुर से हमारे कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अजय कुमार जीतें तो हम मालिकाना हक का सपना पूरा करने की कोशिश करेंगे। बंद कंपनियों को खुलवाने के लिए प्रयास करेंगे, ताकि जमशेदपुर में लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बेहतर प्रयास किए जाएगें। हमारी सरकार अगर दोबारा बनी तो हम न केवल जमशेदुर शहर के लिए बल्कि रांची, धनबाद, बोकारो जैसे शहरों के लिए एक सर्वेक्षण करेंगे, जहां मालिकाना हक का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा बन कर खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों के लिए उचित कानूनी समाधान के साथ मालिकाना हक मुद्दे पर राज्य विधानसभा में एक अध्यादेश पारित करने का प्रयास करेंगे, ताकि लोगों को स्थाई समाधान मिल सके। आलोक शर्मा ने कहा कि 15 सीएम मॉडल स्कूल खुलवाएंगे, सहायता कोष बनाएंगे, जिससे आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे स्कूल की फीस भर सके।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों को खुलवाने की कोशिश डॉ. अजय कुमार द्वारा किया जाएगा। हमारी कोशिश होगी कि टाटा स्टील इन कंपनियों को अपने अधीन कर दोबारा शुरुआत करने की कोशिश करें।

आलोक शर्मा ने कहा आप लोग तो जानते हैं डॉक्टर अजय को, गुंडागर्दी ख़त्म करने में माहिर हैं। एक परिवार की गुंडागर्दी 25 साल से चल रही है, अब ख़तम होगा।

आलोक शर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया। इस योजना में महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की राशि मिलती थी, जिसे बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीब सवर्णो यथा अनारक्षित वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अब 10 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। वहीं जमशेदपुर में एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र मिलना अब आसान, जनता के लिए वरदान।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में सोलर पैनल का उद्घाटन, सतत शिक्षा की ओर एक कदम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सतत ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए जुस्को स्कूल साउथ पार्क अपने परिसर में अत्याधुनिक सोलर पैनल सिस्टम के उद्घाटन की घोषणा की है। यह पहल स्कूल के पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के मूल्यों के साथ संरेखित है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को रोज़मर्रा के सीखने के माहौल में एकीकृत करता है।



सौर पैनलों का उद्घाटन टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक और जेईएम फाउंडेशन के अध्यक्ष ऋतुराज सिन्हा और जेईएम फाउंडेशन की प्रबंध ट्रस्टी रुचि नरेंद्रन ने किया।

मौके पर ऋतु राज सिन्हा ने कहा कि हमारे संसाधनों को संरक्षित करने और एक हरित ग्रह बनाने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को अपनाना आवश्यक है। मुख्य स्कूल भवन की छत पर स्थापित सौर पैनल प्रणाली में 50 किलोवॉट अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है, जो विद्यालय की ऊर्जा आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा पूरा करती है।

इस अवसर पर एएफ मदन, प्रशासक जेईएम फाउंडेशन, जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन और टाटा स्टील यूटिलिटीज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा और वाइस प्रिंसिपल गुरमीत कौर एवं कई छात्र उपस्थित थे।

## डॉ. अजय ने भुईयांडीह में चलाया जनसम्पर्क अभियान, कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने मंगलवार को भुईयांडीह, कल्याणनगर सहित टिनप्लेट में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान बिरसानगर के ज्ञानदीप मैदान में उरांव समाज द्वारा स्व. कार्तिक उरांव की पूण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हो कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर उन्होंने कहा कि स्व. कार्तिक उरांव का आदिवासी समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसको



भुलाया नहीं जा सकता। इंडिया गठबंधन की सरकार आदिवासी मूलवासियों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरना धर्म कोड विधेयक को विधानसभा से पास कर भेज दिया गया। लेकिन आदिवासियों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाली मोदी सरकार ने सरना धर्म कोड लागू नहीं किए, जो कहीं ना कहीं आदिवासी समाज के साथ धोखा है, जिसे आदिवासी समाज के लोग बेहतर समझते हैं।

## प्रमंडल स्तरीय विधानसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मंगलवार को विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक स्पेशल जेनरल ऑब्जर्वर योगेन्द्र नाथ त्रिपाठी एवं स्पेशल पुलिस ऑब्जर्वर मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। पुलिस ऑब्जर्वर, पूर्वी सिंहभूम ए सतीश गणेश, आईजी दक्षिण छोटानागपुर रेंज अखिलेश झा, कमिश्नर, कोल्हान हरि कुमार केशरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे समेत सभी विस के जेनरल ऑब्जर्वर, सभी एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, डीसी सरायकेला खरसांवा रविशंकर शुक्ला, डीसी पश्चिमी सिंहभूम कुलदीप चौधरी, डीसी पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम किशोर कौशल, एसपी पश्चिमी सिंहभूम आशुतोष शेखर, एसपी सरायकेला खरसांवा मुकेश लुणायत बैठक में मौजूद रहे । बैठक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तीनों जिला के प्रशासनिक तैयारियों एवं विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संधारण के निमित्त बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई ।




बैठक में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर सभी बूथों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, कलस्टर एवं कलस्टर से बूथों की दूरी, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल मतदान केन्द्र, हेलिड्रॉपिंग बूथ, कलस्टर, सेक्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारी, बूथ रिलोकेशन, शिकायत निवारण प्रणाली, निर्वाचन व्यय, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट तथा चुनाव एवं मतदाताओं को प्रभावित करने वाले तत्वों पर निगरानी और कार्रवाई, अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अंतर्राज्यीय सीमा से असामाजिक तत्वों एवं चुनाव को प्रभावित करने हेतु शराब, नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु आदि अवैध परिवहन पर रोकथाम लगाने के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने हेतु प्रमंडल अंतर्गत तीनों जिलों के द्वारा की गई तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने जिले की स्वीप गतिविधि में शामिल होते हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी एवं गुब्बारे उड़ाकर मतदान का संदेश दिया ।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. विजय सिंह गागराई ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. विजय सिंह गागराई ने चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत होयोहातु पंचायत के दड़कादा गांव में विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गागराई को विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस पर डॉ. गागराई ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस विधानसभा चुनाव में आप लोग नए विकल्प के साथ परिवर्तन कीजिए, मैं निश्चित रूप से चक्रधरपुर विधानसभा की तकदीर और तस्वीर को बदल कर रख दूंगा।

## महिला विरोधी टिप्पणियों पर आक्रोश, डॉ. अजय और डॉ. इरफ़ान अंसारी का पुतला दहन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार और राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में सनातन उत्सव समिति की महिला इकाई ने मंगलवार शाम साकची बड़ा गोलचक्कर पर दोनों नेताओं का पुतला दहन किया। आक्रोशित महिलाओं ने साकची मुख्य बाज़ार में विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और चुनाव आयोग से इरफ़ान अंसारी और डॉ. अजय कुमार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिला इकाई की सदस्य मुस्कान गोराई, सुषमा कुमारी, रेणुका कालिंदी, बबली सोनम और पूनम देवी ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार ऐसे नेता महिलाओं का सम्मान नहीं कर सकते। उनका कहना था कि आगामी चुनाव में महिलाएं इन नेताओं और उनके समर्थन करने वाली पार्टियों को वोट की चोट से सबक सिखाएंगी।

## राज्यपाल रघुवर दास पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय के आरोपों से गरमाई राजनीति, कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ओडिशा के राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने वाले कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार को मानवाधिकार संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को जमशेदपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सामाजिक कार्यकर्ता एवं असेम्बली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस के चैयरमैन भीष्म सिंह ने अजय कुमार की टिप्पणियों पर तीखी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे गैरकानूनी और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि राज्यपाल का पद बेहद गरिमापूर्ण होता है और इस पर इस तरह के निराधार आरोप लगाना संविधान की मर्यादा का उल्लंघन है। प्रेस वार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता सोमेन कुमार, सुनील ओझा एवं रॉकी सिंह मौजूद थे।



भीष्म सिंह ने कहा कि अजय कुमार को यह समझना चाहिए कि राज्यपाल का पदभार संभालने वाले व्यक्तियों का प्रमुख कर्तव्य संविधान की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना है। राज्यपाल पर बिना प्रमाण गंभीर आरोप लगाना न केवल एक गैर-जिम्मेदाराना हरकत है, बल्कि यह एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को संविधान का अध्ययन करना चाहिए और संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान का भाव रखना होगा।

भीष्म सिंह ने अजय कुमार को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने राज्यपाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का सहारा लिया जाएगा। संविधान की धारा 361 के तहत राज्यपाल के खिलाफ इस प्रकार की अनुचित टिप्पणी और आरोपों की मनाही है और इस धारा का उल्लंघन कानूनी कार्यवाही को बाध्य कर सकता है। सिंह ने साफ किया कि अगर अजय कुमार माफी नहीं मांगते हैं तो संविधान की धारा 356 (1) और 356 (2) के अंतर्गत उन पर मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

राज्यपाल रघुवर दास के जमशेदपुर आने-जाने पर हो रही टिप्पणियों को गलत बताते हुए भीष्म सिंह ने कहा कि राज्यपाल रघुवर दास लंबे समय से इस शहर के निवासी रहे हैं और विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक संगठनों से उनका जुड़ाव पुराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां समाज में विभाजन और भ्रांतियां फैलाने का प्रयास मात्र हैं, जिन्हें रोका जाना चाहिए।

# याद रहे कि सरयू राय ने ही पिछली बार कमल फूल को डूबाया था : बन्ना गुप्ता

### मानगो फ्लाइ ओवर निर्माण को हास्यास्पद परिकल्पना बतलाने वाले सरयू राय को जनता देगी करारा जवाब : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो को ट्रैफ़िक जाम से मुक्त करने के लिये फ्लाइ ओवर का निर्माण करवाया जा रहा है। किंतु जब जमशेदपुर के विकास की गाथा लिखने वाली इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए सर्वे शुरू हुई थी, तो 2022 में सरयू राय ने इसे हास्यास्पद परिकल्पना और झूठी घोषणा बतलाया था। नकारात्मक सरयू राय ने कहा था कि यह एक अनुपयोगी एवं फ़िज़ूलखर्ची वाली सोच है। अभियांत्रिकी कसौटियों पर भी यह खोटा साबित होगी। भगोड़ा नेता सरयू राय ने कहा था कि विडम्बना है कि सरकार के योग्य अभियंताओं ने किसी अस्वस्थ एवं असंतुलित दिमाग़ की ऐसे घटिया राजनीतिक फ़ितूर को सर्वेक्षण लायक़ समझा और घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्हें पहले ट्राफ़िक सर्वे करना चाहिए था। यातायात की



प्रकृति और घनत्व पर गहन मंथन करना चाहिए था। अंतर्विभागीय विमर्श करना चाहिए था तब किसी समुचित निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिये था, न कि दौड़कर सर्वे के लिए पहुंच जाना चाहिए था। पलटू राम नीतीश कुमार की पार्टी के प्रत्याशी सरयू राय ने यह भी कहा था कि वस्तुतः सर्वेक्षण के इस प्रयास का दुरूपयोग राजनीतिक प्रचार पाने के लिए हुआ है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाइ ओवर के निर्माण की योजना का शुभारंभ करने में सरयू राय ने कई बाधाएं डाली। उन्होंने सरकार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, मुख्य अभियंता और टाटा स्टील को कई पत्र लिखे। इस परियोजना को रोकने का हर संभव कुत्सित प्रयास किया। किंतु मैं उनकी नकारात्मकता से वाकिफ हूँ। इसलिए जनहित में अपने ईमानदार प्रयासों को जारी रखा। आज जनता के आशीर्वाद से मानगो फ्लाइ ओवर का काम प्रारंभ हो चुका है। मैं यह भी वादा करता हूँ कि यह परियोजना ससमय पूर्ण होगी।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि जदयू प्रत्याशी सरयू राय वो शख्स है, जिसने पिछले चुनाव में कमल छाप को डूबाने का काम किया था। इस बार वे कहते हैं कि कमल ही सिलेंडर है। उनसे पूछना चाहिए कि पिछली बार क्या हुआ था, जब आप सिलेंडर की गैस से कमल को मुरझाने का काम कर रहे थे। असल में उस व्यक्ति का चाल, चरित्र और चेहरा समय के अनुसार बदलते रहता है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय का एकमात्र उद्देश्य भाजपा को कमजोर करना है। वे भाजपा कार्यकर्ताओं को जदयू में शामिल करवा कर भाजपा का जमीनी आधार खत्म करना चाहते हैं। चूंकि भाजपा ने सरयू राय को निष्कासित किया था इसलिए वे भाजपा से चिढ़े हुए हैं और भाजपा की जड़ खोद रहे हैं।

संपादकीय

## ब्रिक्स की सामूहिक ताकत

**ब्रिक्स** का 16वां शिखर सम्मेलन कई मायनों में सफल रहा। समूह के नेतृत्व और उनके मकसद भी सार्थक रहे। अब ब्रिक्स 10 सदस्य देशों का समूह हो गया है, क्योंकि ईरान, मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को नई सदस्यता दी गई है। करीब 30-35 अन्य देश भी ब्रिक्स से जुड़ना चाहते हैं, जिनमें पाकिस्तान भी उतावला है, लेकिन भारत ने उसकी संभावनाओं को खारिज करवा दिया है। यदि जी-7 पश्चिमी देशों का समूह है, तो ब्रिक्स 'ग्लोबल साउथ' का प्रतिनिधित्व करता है। पश्चिम और यूरोप की वर्चस्ववादी सत्ता के समानांतर अब ब्रिक्स की ताकतवर उपस्थिति भी है, लेकिन वह 'पश्चिम-विरोधी' नहीं है। ब्रिक्स नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स 'गैर-पश्चिम' समूह है, जिसमें करीब 450 अरब डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। दुनिया की करीब 45 फीसदी आबादी ब्रिक्स के दायरे में है, लिहाजा अब इसकी सामूहिक ताकत को समझा जा सकता है। जी-7 और ब्रिक्स के कुछ सदस्य जी-20 में भी शामिल हैं, लिहाजा ये समूह परस्पर सहयोगी हो सकते हैं, दुश्मन नहीं हो सकते। रूस में सम्पन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का बुनियादी थीम था-वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए 'बहुपक्षीयवाद' को मजबूत करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा बार-बार उठाया और ब्रिक्स के विस्तार का भी आग्रह किया। रूस के ही एक गणराज्य की राजधानी कजान में ब्रिक्स का सम्मेलन कामयाब रहा, यह अपने आप में महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में संलिप्त है, फिर भी वहां कोई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना वाकई आश्चर्यजनक है। बहरहाल कजान सम्मेलन के बाद जो साझा घोषणापत्र जारी किया गया, उसमें कुछ मुद्दे पश्चिमी देशों की 'दादागीरी' के खिलाफ हैं और उनके चरित्र को भी चुनौती देते हैं। मसलन, अमरीका ने अकेले रूस पर करीब 20,000 प्रतिबंध थोप रखे हैं। ईरान पर भी पाबंदियां हैं। ब्रिक्स ने ऐसी आर्थिक, व्यापारिक और जबरन पाबंदियों को नकारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर, कुछ बड़े देशों के, दोहरे रवैये की भत्र्सना की है। उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया, लेकिन दुनिया उन्हें जानती है। ब्रिक्स घोषणापत्र में आतंकवाद को भी शामिल किया गया है और साझी लड़ाई का आह्वान भी किया गया है, लेकिन आतंकवाद पर ही ब्रिक्स के कुछ देशों में, द्विपक्षीय स्तर पर, विरोधाभास भी हैं। सामूहिक स्तर पर उन्हें बेमानी माना गया है। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार को भी मुख्य मुद्दा मान कर कजान घोषणापत्र में उल्लेख किया गया है। ब्रिक्स शुरुआत में आर्थिक और कारोबारी समन्वय के मुद्दों तक ही विमर्श करता था, लेकिन कजान सम्मेलन के दौरान इजरायल के हमलावर व्यवहार की निंदा और गाजा-पट्टी में उसके किए गए हमलों की भत्र्सना की गई है। इजरायल से तत्काल और स्थायी संघर्ष-विराम करने की मांग भी की गई है, लेकिन अक्तूबर, 2023 में हमास ने इजरायल पर जिस तरह का कातिलाना हमला किया था, घोषणापत्र में उसका कोई उल्लेख नहीं है। माना जाता है कि भारत ने जून, 2024 में विदेश मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे को रखा था, लेकिन ब्रिक्स देशों के मंत्रियों में सहमति नहीं बन पाई, लिहाजा हमास का हमला घोषणापत्र से बाहर ही रहा। हम हमास के उस हमले को 'बड़ा आतंकवाद' मानते हैं। उसी के कारण आज भी गाजा और लेबनान में युद्ध के हालात बने हैं। तबाहियां और बर्बादियां हो रही हैं, लेकिन विश्व का कोई भी संगठन और समूह युद्ध-विराम कराने में अभी तक सफल नहीं हुआ है। बहरहाल जो ब्रिक्स आर्थिक विषयों तक सीमित रहता था, वह अब भू-राजनीति, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, विज्ञान-प्रौद्योगिकी सरीखे विषयों पर भी विमर्श करता है और अपने सरोकार व्यक्त करता है। पश्चिम का मानना है कि जलवायु परिवर्तन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विषय होना चाहिए, क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और शांति पर असर पड़ सकता है, लेकिन भारत समेत अन्य विकासशील देशों का यह मानना है कि सुरक्षा परिषद की इसमें कोई भूमिका ही नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स की जो शुरुआती नीतियां थीं, आज तक उनमें कई बदलाव आ गए हैं। भारत अपने कारोबार, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक विस्तार के लिए पश्चिमी देशों से भी जुड़ा है।

> ब्रिक्स नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स 'गैर-पश्चिम' समूह है, जिसमें करीब 450 अरब डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। दुनिया की करीब 45 फीसदी आबादी ब्रिक्स के दायरे में है, लिहाजा अब इसकी सामूहिक ताकत को समझा जा सकता है। जी-7 और ब्रिक्स के कुछ सदस्य जी-20 में भी शामिल हैं, लिहाजा ये समूह परस्पर सहयोगी हो सकते हैं, दुश्मन नहीं हो सकते। रूस में सम्पन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का बुनियादी थीम था- वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए 'बहुपक्षीयवाद' को मजबूत करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा बार-बार उठाया और ब्रिक्स के विस्तार का भी आग्रह किया। रूस के ही एक गणराज्य की राजधानी कजान में ब्रिक्स का सम्मेलन कामयाब रहा, यह अपने आप में महत्वपूर्ण निष्कर्ष है।

### मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं

## चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

ललित गर्ग

> भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं।

**गलवान** संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के



निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है।

दृष्टि कोण

## नायडु का बयान और भाजपा की चुप्पी

**आंध्रप्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो से अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चंद्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहें तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडु के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडु के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिएं। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडु द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लडने की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढक़र 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है, क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढक़र 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की यह संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉर्मूले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉर्मूला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढक़र 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु को हर हाल में आंध्रप्रदेश में अपने वोट बैंक को मजबूत रखना है। मुख्यमंत्री नायडु को इससे फर्क नहीं पड़ता कि भाजपा उनके बारे में क्या सोचती है। नायडु से समर्थन लेने की गरज भाजपा की है, नायडु की नहीं।

कुछ अलग

## अब तुका भी ग्रो लिस्ट में

**इन** दिनों इस बात की चर्चा काफी जोरों से है कि तुका एफएटीएफ से पाकिस्तान को ग्रो लिस्ट यानि निगरानी सूची से बाहर निकालने के लिए बड़ी गोलबंदी कर रहा है। पाकिस्तान को तो बाहर निकालने में सफल हुआ नहीं, उल्टे खुद ही एफएटीएफ की ग्रो लिस्ट में शामिल हो गया। दरअसल 2019 से तुका जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोल रहा है। भारत उसे कई बार संकेत दे चुका था कि वह हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप न करे। तुका भारत ही नहीं, अमेरिका, सउदी अरब और यूरोपियन देशों खासकर प्रांस से भी पंगा लिए हुए है। यहां तक कि उसकी भारत विरोधी और पाक समर्थक चीन से भी नहीं पटती। तुका के खिलाफ एफएटीएफ में वोट देने वाले देशों में चीन भी शामिल है, वहीं पाकिस्तान के खिलाफ वोट देने वालों में सउदी अरब सबसे आगे रहता है। भारत पिछले एक साल से पाकिस्तान के दोस्त तुका को सबक सिखाने के लिए संभावनाएं तलाश रहा है। भारत को अमेरिका का साथ मिलना और यूरोपियन देशों का तुका के राष्ट्रपति रजब तैयब एदरेगान से चिढ़ के कारण एफएटीएफ में आए तुका विरोधी प्रास्ताव का समर्थन भारी मतों से हुआ। तुका में भी एदरेगान लोकप्रिय नहीं हैं। उनके तमाम राजनीतिक दुश्मन बन चुके हैं। असल में तुका की जनता पूरी तरह इस्लाम धर्म मानती है किन्तु वह पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष है। वह कभी भी अपने शासक को कठमुल्ला के रूप में नहीं देखना चाहती। तुका की जनता चाहती है कि उसका शासक भी धर्मनिरपेक्ष छवि का हो। एदरेगान ने खुद को इस्लाम का संरक्षक साबित करने के मुगालते में ही भारत और प्रांस से सीधे पंगा लिया है। बहरहाल अब जबकि आतंकियों को वित्तीय मदद देने के आरोप में तुका और पाकिस्तान दोनों एफएटीएफ की निगरानी सूची में शामिल हो चुके हैं तो दुनिया के लिए यह जरूरी है कि समय रहते आतंकवाद की परिभाषा तय कर ली जाए। तुका और पाकिस्तान दोनों ही लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। पाकिस्तान से एफएटीएफ ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि या तो वह दाउद इब्राहिम, हाफिज सईद, जकी उर रहमान लखवी और मसूद अजहर को सजा दिलवाए अथवा उसे भारत को सौंप दे। पाकिस्तान ग्रो लिस्ट में शामिल है इसीलिए उसे आईएमएफ ने और कर्ज देने से मना कर दिया है। पाकिस्तान को छह अरब डालर की विस्तारित कर्ज सुविधा की बहाली के लिए वित्त सचिव यूसुफ खान और इमरान खान के सलाहकार शौकत तारिन को आईएमएफ ने टका-सा जवाब दे दिया। असल में इससे पहले आईएमएफ से जो वित्तीय सहायता मिली थी वह सशर्त मिली थी। उसमें दो बातें महत्वपूर्ण थीं—पहली यह कि उन पैसों का इस्तेमाल चीन का कर्ज वापस करने के लिए न हो और दूसरी—किसी तरह की सब्सिडी न दे। हालत यह हुई कि पाकिस्तान में आजकल 14 प्रातिशत मुद्रास्फीति दर पहुंच गई है। इस बीच पाकिस्तान के लिए एक मुसीबत और आ गई है। 14 जुलाई को पाकिस्तान में चीन के नौ इंजीनियरों की हत्या टीटीपी ने कर दी थी। अब चीन अपने मारे गए इंजीनियरों की मौत पर क्षतिपूर्ति के लिए 3.8 अरब डालर यानि 385 करोड़ रुपए का मुआवजा पाकिस्तान से मांग रहा है। असल में दासु पनबिजली परियोजना पर कम चल रहा था और आतंकियों ने 13 लोगों की हत्या कर दी। इनमें नौ इंजीनियर चीन के थे जो विस्फोट में मारे गए थे।

देश दुनीया से

## कोठारी आयोग से पीएम श्री तक शिक्षा की 'परख'

> बगैर पूर्वाग्रह के कहा जाए तो किसी शिक्षा नीति में कोई खराबी नहीं रही, परंतु ग्राउंड जीरो पर कार्यान्वित करते हुए वो वर्क कल्चर विकसित नहीं हो पाया और शिक्षा लडख़ड़ाती रही, हिचकोले खाती रही। ऐसा क्यों हुआ? जवाब में सभी संबंधित हितधारकों के अपने-अपने दावे और दलीलें हैं, अपनी-अपनी शिकायतें और हिकायतें हैं। 1968 में कोठारी आयोग की रिपोर्ट पर आधारित देश की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति से चलते हुए हम शिक्षा नीति 2020 पर आ गए हैं। इस बीच कई कमेटियां बनीं, कई अभियान व परियोजनाएं चलाई गईं। 1986 में 10 जमा 2 शिक्षा पद्धति को लागू किया गया। फिर सर्व शिक्षा अभियान आया और शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ। पहली से आठवीं तक 'कोई फेल नहीं' नीति लागू हुई।

**यदि** एक बच्चे को एक बढिया किताब, एक बढिया कलम, एक बढिया विद्यालय और एक बेहतरीन शिक्षक मिल जाए, तो वह दुनिया को बदलने का माद्दा रखता है। ऐसा नहीं है कि हमारे देश और प्रदेश की सरकारों ने शिक्षा की बेहतरी के लिए नीति बनाने में कोई कसर छोड़ी है। यह अलग बात है कि कोरे-कोरे कागजों पर सुनहरे भविष्य की रौशनी दिखाते शिक्षा के बल्ब ग्राउंड जीरो पर मद्धम पड़ जाते हैं या फ्यूज हो जाते हैं। बगैर पूर्वाग्रह के कहा जाए तो किसी शिक्षा नीति में कोई खराबी नहीं रही, परंतु ग्राउंड जीरो पर कार्यांन्वित करते हुए वो वर्क कल्चर विकसित नहीं हो पाया और शिक्षा लडख़ड़ाती रही, हिचकोले खाती रही। ऐसा क्यों हुआ? जवाब में सभी संबंधित हितधारकों के अपने-अपने दावे और दलीलें हैं, अपनी-अपनी शिकायतें और हिकायतें हैं। 1968 में कोठारी आयोग की रिपोर्ट पर आधारित देश की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति से चलते हुए हम शिक्षा नीति 2020 पर आ गए हैं। इस बीच कई कमेटियां बनीं, कई अभियान व परियोजनाएं चलाई गईं। 1986 में 10 जमा 2 शिक्षा पद्धति को लागू किया गया। फिर सर्व शिक्षा अभियान आया और शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ। पहली से आठवीं तक 'कोई फेल नहीं' नीति लागू हुई। इसके पीछे भली मंशा यह थी कि बच्चों के जहनों से परीक्षा का डर खत्म किया जाए, परंतु इस भली मंशा में यह सिद्ध बात नजरअंदाज हो गई कि डर केवल तनाव नहीं देता, बल्कि हमें जागरूक व चौकस भी रखता है। लिहाजा बच्चे परीक्षा के प्रति उदासीन हो गए और इसके महत्व को नहीं जान पाए। देखा-देखी कई योग्य बच्चों की परीक्षा में बेहतर करने की ललक भी गुल हो गई। 'सब पास' के चलते कई माता-पिता भी अपने बच्चों की पढ़ाई से गाफिल हो गए। उधर बहुत से अध्यापक भी चिंतामुक्त हो गए क्योंकि हम उस व्यवस्था के मारे हैं, जहां बिना डर के पत्ता हिलाना मुश्किल जान पड़ता है। रहीम जी की यह बात चरितार्थ हो गई- चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह। मस्ती की पाठशाला में सब मस्त हो गए। कहने वाले कहते रहे- ऑल इज वैल। परंतु जब बच्चे छठी व नवीं कक्षा में पहुंचने लगे और विभिन्न सर्वेक्षणों के नतीजे आने लगे, तो ढोल की पोल खुलने लगी। तब शिक्षा के कर्णधारों की तीसरी आंख खुलना लाजिमी थी। हालांकि गुरु को बेहतर गुरु बनने के गुर सिखाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाती रहीं. परंतु उनमें शोर ज्यादा सुनाई दिया, व्यावहारिक जोर और गंभीरता कम दिखाई दी। खेल-खेल में पढ़ाई की अवधारणा कागजों में तो आकर्षक दिखी, परंतु असल में यह हुआ कि पढ़ाई पिछली सीट पर और खेल ड्राइवर सीट पर आ गया। जाने-अनजाने खेल-खेल में शिक्षा से खेला होता रहा। मॉनिटरिंग के लिए टीमें बनीं, पर हासिल क्या हुआ? गुरुजी पर नकेल कसने के लिए उनकी हाजिरी बाइऑमीट्रिक मशीन पर दर्ज की जाने लगी। यहां भी एक यह गड़बड़ हो गई कि बाइऑमीट्रिक मशीनें सेकेंडरी स्कूलों में तो लगीं, परंतु प्राइमरी और मिडल स्कूलों में नहीं लगीं जहां शिक्षा की नींव तैयार होती है। अब कहीं-कहीं, किसी-किसी स्कूल में लगी हों, तो अलग बात है। यह सब हमारी नाक के नीचे हुआ। जब कभी किसी कर्तव्यपरायण व जमीरजीवी चिंतक ने इस बाबत चिंता जाहिर की, तो उसे ये रटा-रटाया राग सुनाया जाता रहा- ऐसा ही चलता है। वाकई शिक्षा ऐसे ही चलती रही और वैसे नहीं चली, जैसे चलनी चाहिए थी। चलते-चलते शिक्षा नीति 2020 आ गई। इसके अनुसार 10 जमा 2 की जगह अब 5 प्लस 3 प्लस 3 प्लस 3 पद्धति को अपनाया जा रहा है। अभी यह आरंभिक दौर में ही है और इसी बीच जब तीसरी, छठी व नवीं के छात्रों के शिक्षा के स्तर की 'परख' हुई तो पाया गया कि अपना प्रदेश पूरे देश में आधारभूत साक्षरता, भाषायी व गणितीय दक्षताओं में 21वें स्थान पर खिसक गया है। अब स्थिति सुधारने के लिए ऊहापोह चल रही है। चिंता का विषय है कि छठी कक्षा का बच्चा दूसरी-तीसरी कक्षा के विषय समझ व पढ़ नहीं पा रहा है और नवीं कक्षा का छात्र छठी कक्षा का ज्ञान नहीं रखता। आगामी राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा 'परख' दिसंबर माह में होगी। इसके लिए मॉक टैस्ट पर जोर दिया जा रहा है। अतिरिक्त कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। अगर ऐसा ही जोर समय रहते देते, तो आज इसकी जरूरत न होती। ये हमारे अध्यापन का खोखलापन व शिक्षा व्यवस्था का नकारापन ही है कि आज छात्रों के अगली कक्षा में पहुंचने के बावजूद उन्हें पिछली कक्षाओं की पढ़ाई करवाने के लिए हम मजबूर हैं, वरना अगली कक्षा में पहुंचने के बाद पिछली कक्षाओं की पढ़ाई करने-करवाने की क्या गर्ज! शिक्षा के इस सफर में सरकार ने आदर्श स्कूल बनवाए, उत्कृष्ट स्कूल बनवाए और अब पीएम श्री स्कूल चिन्हित किए गए हैं। स्कूली भवनों की कायाकल्प की जा रही है।

आप का नजरीया

## कम हो रहे हैं एड्स के रोगी

**आकड़ों** पर गौर करें तो पाएंगे की पीड़ितों को मौत के आगोश में सुलाने वाली यह महामारी धीरे ही सही मगर अब पकड़ में आ गईं है। विश्व स्तर पर चेतना और जागरुकता के कारण इस पर विजय हासिल की जा सकी। मगर इसका मतलब यह कतईं नहीं है कि एड्स हमारे पूरी तरह नियंत्रण में आ गया है। भारत अभी भी विश्व के उन पांच देशों में शुमार है जहां एड्स का प्रभाव सर्वाधिक है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार 2030 तक एड्स को जड़ मूल से समाप्त कर दिया जाएगा। दुनिया के सबसे घातक बीमारियों में एक है एड्स। इस बीमारी का मुकम्मल इलाज अभी मुमकिन नहीं हो पाया है लेकिन वुछ रिसर्च हो रहे हैं। जिससे आप उम्मीद कर सकते हैं कि भविष्य में इसका एक मुकम्मल इलाज हो। विश्व एड्स दिवस हर साल एक दिसम्बर को मनाया जाता है। इस दिन इस वायरस और बीमारी से बचने के लिए कईं जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं। लेकिन उसके बावजूद आम लोगों के दिमाग में कईं सवाल घूमते रहते हैं। इसी वजह से इस जानलेवा बीमारी को लेकर कईं तरह के मिथक बन जाते हैं। हर कोईं अपनी जानकारी के हिसाब से दूसरे व्यक्ति को सलाह देता है, लेकिन कौन-सी बात कितनी सच है इसको लेकर लोग काफी वंफ्यूजन रहता है। एचआईंवी को लेकर एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया है कि विश्व में एचआईंवी से पीड़ित होने वालों में सबसे अधिक संख्या किशोरों की है। यह संख्या 20 लाख से ऊपर है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2000 से अब तक किशोरों के एड्स से पीड़ित होने के मामलों में तीन गुना इजाफा हुआ है जो कि चिन्ता का विषय है। ये चिन्ता तब और भी बढ़ जाती है जब ये जानने को मिलता है कि एड्स से पीड़ित दस लाख से अधिक किशोर सिर्प छह देशों में रह रहे हैं और भारत उनमें एक है। एड्स हाथ मिलाने, गले लगने, छूने, छींकने से नहीं पैलता. इससे बचने के लिए जरूरी है कि लोग इस बीमारी के प्रति जागरूक हों। अगर एचआईंवी पॉजिटिव हो, तो दवा लें, और अपना और अपने साथी का खास ख्याल रखें। एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है। भारत में 15 से 49 वर्ष की उम्र के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभावित हैं। यह आंकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर आता है। एचआईंवी आकलन 2012 के अनुसार भारतीय युवाओं में वार्षिक आधार पर एड्स के नए मामलों में 57 प्रतिशत की कमी आईं है। जो एक सुखद स्थिति है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अब तक 37.9 मिलियन लोग एड्स के शिकार हुए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार रोजाना 980 बच्चे एचआईंवी के शिकार होते हैं जिनमें से 320 की मृत्यु हो जाती है। विश्व एड्स दिवस 1988 से हर साल एक दिसंबर को मनाया जाता है। इसे मनाए जाने का मुख्य मकसद लोगों को एचआईंवी सं्रामण से होने वाली बीमारी एड्स के बारे में जागरूक करना है।

**संक्षिप्त खबरें**

## भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले राज्यसभा सांसद, चुनाव पर किया चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान वे भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले और विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने और झारखंड प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। कार्यकर्ता निष्ठा समर्पण भाव से इस मुहिम में जुटें और झारखंड में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएं। राज्यसभा सांसद ने कार्यकर्ताओं से असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी चुनावी दौरे पर आने पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री का 30 अक्टूबर और केंद्रीय गृह मंत्री का 3 नवंबर को सिमरिया आगमन की संभावना है।

**महागठबंधन के समर्थन में उतरे बानासाडी के ग्रामीण**

# प्रत्याशी मनोज चंद्रा का किया गया भव्य स्वागत, दिया आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के बानासाडी के मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने एक कार्यक्रम आयोजित कर महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद कुछ प्रबुद्ध लोगों ने अपना अपना मंतव्य रखे और मनोज चंद्रा को जिताने तथा अपना बहुमूल्य मतदान एक तरफा करने का शपथ लिया। कार्यक्रम के उपरांत मंदिर में प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने मत्था टेक आशीर्वाद लिया। और कहा कि हमको सिमरिया विधान सभा के मतदाताओं ने अपना जनादेश दिया तो हम कुछ नया करने का का प्रयास करूंगा वहीं स्वर्गीय विधायक पिता रामचंद्र राम का पुत्र हूं उनके अधूरे सपना को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। वहीं ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय देते हुए प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में वोट देने का खुले मंच से आह्वान किया। वहीं ग्रामीणों ने मनोज चंद्रा जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद का जम कर नारे लगा कर आशीर्वाद दिया।

## स्पीच कंपीटिशन में अलीशा तथा साबरीन रही अव्वल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सदर प्रखंड अंतर्गत धमनिया मोड़ में संचालित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भागीदारी, महिलाओं को सम्मान, महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक तथा शारीरिक रूप से कैसे मजबूत बनाकर समाज को एक पहचान दिया जाए। इसी मुद्दे पर स्पीच कंपीटिशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत आरा के मुखिया प्रतिनिधि अजय यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में हाफिज मंसूर साहब तथा विद्यालय के सलाहकार समिति के निदेशक मौलाना इसराइल मजाहिरी मौजूद थे। विद्यालय के बच्चों ने बारी बारी से स्पीच सुनाया। अतिथियों ने बारी बारी से सब बच्चों के स्पीच को बहुत ही बारीकियों के साथ सुना। स्कोरर की भूमिका में मौलाना इसराइल मजाहिरी साहब, हाफिज मंसूर साहब तथा इमराना फारूक थीं। बच्चों ने अपने स्पीच के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि आज के इस परिवेश में महिलाओं को एक आयाम देने की जरूरत है, महिलाओं को सम्मान देने की जरूरत है, महिलाओं को हौसला देने की जरूरत है। कम उम्र में बच्चियों की शादी नहीं करनी चाहिए, बच्चियों को मदर टेरेसा बनने दिया जाना चाहिए। आज हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं जो महिला ही हैं, एक महिला के पढ़ने से पूरा समाज पढ़ जाता है, ऐसे कई उदाहरण बताकर बच्चों ने मौजूद श्रोतागणों को बता दिया कि सशक्त, विकसित तथा सुशभ्य समाज की परिकल्पना बगैर महिला के नहीं की जा सकती।

## सीओ ने अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर को किया जब्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बेल ग़ाछ समीप से सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मंगलवार को अवैध रूप से बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आया है। इस दौरान सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध बालू उठाव के विरुद्ध लगातार गुप्त सूचना प्राप्त हो रही थी। सूचना के आलोक में अवैध बालू परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर को पड़कर थाना लाया है। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि चारों ट्रैक्टर मलिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़प्पा मचा है।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति बनाये रखने की अपील



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न गांवों में पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाली। फ्लैग मार्च थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च गिद्धौर, मंझगांवां,सिंदुआरी, घटेरि समेत अन्य गांव में निकाली गई।फ्लैग मार्च में पुलिस बल जवान शामिल थे।

## एक अदद आवास के लिए दर-दर भटक रही है महिला

**डीसी के दरबार में हाजिरी लगाने के बावजूद पूरी नहीं हुई फरियाद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतापपुर :** कहते हैं इस युग में गरीबी, लाचारी और आर्थिक तंगी होना इस युग में बहुत बड़ा अभिशाप है।है आपके पास धन दौलत और रुपए नहीं है तो कुछ भी नहीं है।खासकर झारखंड में अगर रहते हैं तो रुपए नहीं रहने पर आपका कोई काम भी नहीं होंगे। जीहां कुछ इसी प्रकार का वाक्या चतरा जिले के सुदूरवर्ती प्रतापपुर प्रखंड की एक महिला के साथ चरितार्थ हो रही है *प्रतापपुर प्रखंड के ग्राम बभने की एक मुस्लिम महिला अबुआ आवास योजना के लिए पिछले 6 महीने से मुखिया, पंचायत सचिव से लेकर डीसी के दरबार तक चक्कर काट रही है* परंतु उसे इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया गया कि इसका कारण उसके साथ आर्थिक तंगी बन रहा है। जानकारी के अनुसार लाभुक साजिया बीबी पति ताहिर खान के था। जिसे मुखिया और पंचायत नाम से अबुआ आवास में लाभुक सचिव ने आवास देने के लिए बीस हजार रूपए की मांग की।लाभुक के पास पैसा नहीं रहने के कारण महिला ने बोली कि आवास मेरा कर दीजिए। जब पैसा आ जायेगा तो हम निकल कर दे देंगे। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव मैं उसे आवास आवंटन करने से मना कर दिए। कहा कि जब तक पैसा नहीं देंगे तब तक आवास नहीं करेंगें। मामले को लेकर लाभुक महिला ने उपायुक्त कार्यालय में लगने वाले जनता दरबार में मुखिया के खिलाफ उपायुक्त से रूबरू होकर आवेदन के माध्यम से शिकायत भी की।उपायुक्त ने आश्वासन दिया गया कि आपकी आवेदन को आपके प्रखंड कार्यालय प्रतापपुर भेज कर जांच कराएंगे। लेकिन अभी तक जांच मामले की ना जांच कराई गई और नहीं इस गरीब महिला को आवास का आवंटन किया गया।यह महिला अत्यंत गरीब है। घर में परिवार सदस्यों की संख्या अधिक है। सभी खपरैल के एक ही घर में रहने पर मजबूर हैं। आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण यह आवास नहीं बना पा रही है। इधर मामले को लेकर संबंधित मुखिया और पंचायत सचिव से संपर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

**विवाहिता का हत्यारा पति गिरफ्तार, जेल**

# प्राथमिकी दर्ज के 24 घंटा के अंदर थाना प्रभारी ने आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत के जोकाही गांव में एक विवाहिता के दरिंदा पति ने पत्नी को केरोसिन छिड़क कर आग लगा दिया था। जिससे विवाहित स्मिता कुमारी का पिछले रविवार को इलाज के दौरान रिम्स हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। जिसको लेकर स्मिता के पिता वासुदेव भुईयां ने गिद्धौर थाना में सोमवार शाम लिखित आवेदन देकर प्राथमिकता दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 24 घंटा के अंदर दरिंदा पति सुनील कुमार राम पिता स्व मोहन राम गांव जोकाही पंचायत द्वारी थाना गिद्धौर को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक अभिरक्षा दिया है। जिसका गिद्धौर थाना कांड संख्या 64/24 धारा 103 (1)/3 (5) बिएनएस में मामला दर्ज है। मृतिका विवाहिता का अंतिम संस्कार सोमवार को कर दिया गया। बताया गया सुनील राम एवं पत्नी स्मिता कुमारीउम्र (22) वर्ष के बीच 22 अक्टूबर की देर रात किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ था। बता दें कि स्मिता का माईका हजारीबाग के चौपारण थाना के पांडेयपुरा अन्तर्गत जगदीशपुर गांव में था।स्मिता कुमारी चतरा के टूडांग गांव में अपने नानी के घर रहती थी। वहीं से इसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गिद्धौर थाना के जोकाहीं गांव निवासी सुनील राम के साथ वर्ष 2022 में किया गया था। एक वर्ष बाद से किसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी लड़ाई झगड़ा होता रहता था। इस बात को लेकर कई बार गांव में भी पंचायत किया गया था।

## बॉलीवॉल व क्रिकेट के सद्भावना मैच का आयोजन, विजेता व उप-विजेता टीम किये गये पुरस्कृत



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के जीएम कार्यालय परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह द्वारा अधिकारियों, कामगारों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जीवन में ईमानदारी, विधिसम्मत कर्तव्यों का निर्वहन, भ्रष्टाचार मुक्त आचरण, जनहितों के प्रति समर्पण तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। जीएम श्री सिंह ने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, जिसे सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को हीं अपनाकर मुक्त किया जा सकता है। दूसरी ओर, परियोजना क्षेत्र के कुरहापतरा खेल मैदान में बॉलीवॉल तथा क्रिकेट का सद्भावना मैच खेला गया। जिसमें परियोजना उच्च विद्यालय टंडवा बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के हुवे मैच में टंडवा विजयी हुआ।जबकि सीसीएल बनाम पत्रकार एकादश के बीच हुवे क्रिकेट मैच में पत्रकारों को हार का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाये। सीसीएल महाप्रबंधक श्री सिंह ने विजेता व उप-विजेता टीम को ट्रॉफी, जर्सी तथा मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी मो. एकराम, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा, सीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी, पत्रकारों समेत विस्थापित- प्रभावित क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## दो बाईक की आमने-सामने टक्कर में चार घायल, 2 रिम्स रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ - लातेहार पथ पर ओल्हे पाठ मोड़ के समीप मंगलवार को दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में एक मोटरसाइकिल में सवार मोहम्मद अमरोज 30 वर्ष पिता बालों मियां,मोहम्मद ईदउल 15 वर्ष पिता मोहम्मद बैरुदीन मिया, वाशिक मियां 60 वर्ष तीनों ग्राम होलग थाना बालूमाथ एवं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार नागेंद्र उरांव 30 वर्ष पिता सोमरा उरांव ग्राम डहू थाना चतरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से चारों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा वाशिक मियां एवं नागेंद्र उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल में सवार मो अमरोज समेत तीन लोग अपने घर होलनग से बालूमाथ बाजार आ रहा था। इसी बीच बालूमाथ से तूवैत कोलयरी जा रहा नागेंद्र उरांव के साथ ओल्हेपाठ मोड में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि के अध्यक्षता में सभी वालेन्टियर्स के साथ वीसी का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान तथा अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के उपस्थिति व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि की अध्यक्षता में सभी मतदान केंद्रों में प्रति नियुक्त वॉलिंटियर्स के साथ व वीसी (विडियो कांन्फ्रेंस) आयोजित की गई। इस वीसी में बारियातू प्रखण्ड अंतर्गत 50 मतदान केंद्रों हेतु 200 वॉलिंटियर्स उपस्थित हुए। वीसी के माध्यम से सभी वॉलंटियर को मतदान दिवस के दिन उनके दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। वीसी के पश्चात सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमित कुमार पासवान व सीओ नंद कुमार राम ने सभी वोलेन्टियरों के साथ बैठक किया। इस दौरान सभी वोलेन्टियरों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी वोलेन्टियरों ने भी पदाधिकारीयों से सवाल कर कई बातों को जानना चाहा, वोलेन्टियरों के सवालों का सटिक जबाब देकर बिडिओ व सीओ ने उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया।

## बीडीओ व सीओ ने सभी बीएलओ के साथ पोड डे मैनेजमेंट हेतु किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान एवं अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के संयुक्त अध्यक्षता में सभी बीएलओ के साथ पोल डे मैनेजमेंट हेतु बैठक किया गया इस बैठक में सभी बीएलओ को पीडीएमएस ऐप से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सभी बीएलओ को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से मतदान के दिन मतदान के लिए कतार में खड़े लोगों की बिस्तृत जानकारी हेतु एन्ट्री किया जाना है। साथ ही मतदाता सुचना पर्ची के वितरण के संबन्ध में सभी बीएलओ से जानकारी ली गयी तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।साथ ही उन्हें अपने कार्य मे तेजी लाने व निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को संपन्न करने को कहा गया। उन्होंने सभी बीएलओ को सख्त लहजे में कहा कि इस चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। मौके पर सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## विस निर्वाचन को सफ़लतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर मतदान दल कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में अनुप्रमाणन पदाधिकारी, भीएफसी के मतदानकर्मी, माइक्रो ऑबजर्वर, माइक्रो ऑबजर्वर होम वोटींग, भीएफसी के मतदान कर्मी, पीभीसी के मतदान कर्मी, होम वोटिंग मतदान दल के कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को आयोजित प्रशिक्षण में 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति सामान्य प्रेक्षक, कुमार प्रशांत ने अनुप्रमाणन पदाधिकारी, भीएफसी के मतदानकर्मी, माइक्रो ऑबजर्वर, माइक्रो ऑबजर्वर होम वोटींग, भीएफसी के मतदान कर्मी, पीभीसी के मतदान कर्मी, होम वोटिंग मतदान दल के कर्मी को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार विधानसभा, मनिका विधानसभा में पहले चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही चुनाव में बरतने वाली सावधानियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया गया।मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे अनुप्रमाणन पदाधिकारी,भीएफसी के मतदानकर्मी, माइक्रो ऑबजर्वर, माइक्रो ऑबजर्वर होम वोटींग, भीएफसी के मतदान कर्मी,पीभीसी के मतदान कर्मी, होम वोटिंग मतदान दल के कर्मी को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों से अच्छी तरह अवगत हो लें।साथ ही मतदान से पहले बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया,सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# सप्ताहिक मंगल बाजार में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान व निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में शहर के बाजार टांड़ में लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार में स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।इस दौरान मांदर बजाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने सभी मौजूद लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाकर 13 नवंबर को वोट करने की अपील की।उपायुक्त ने सब्जी मार्केट में घूम-घूमकर सब्जी विक्रेताओं व शहरवासी से मिलकर मतदान के लिए अपील किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को लातेहार विधानसभा क्षेत्र एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है, सभी मतदाता चाहे वो फर्स्ट टाइम वोटर हो, नए हों, महिला, वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाता, 85 प्लस आयुवर्ग के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उपायुक्त को अचानक अपने बीच पाकर सब्जी विक्रेता काफी प्रसन्न थे। सभी ने एक सुर में कहा कि हम वोट जरूर देंगे।मौके पर सभी अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता पोस्टर पंपलेट आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, स्वीप कोषांग की टीम उपस्थित थे।

# उपायुक्त के अध्यक्षता में अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विधानसभा चुनाव 2024 के निमित आय व्यय लेखा संधारण, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, पोस्टल बैलेट की सुविधा एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों / राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन से संबंधित Advisory Ïlæ Do's & Don'ts की प्रति उपलब्ध कराई गई तथा उसका अध्ययन करने तथा आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार/सभा/रैली/जुलूस/मीटिंग/रोड शो/वाहन का उपयोग / हेलीकॉप्टर के माध्यम से प्रचार/कार्यालय की शुरूआत करने से पूर्व संबंधित पदाधिकारी से नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने हेतु सभी उपस्थित अभ्यर्थियों / प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। बैठक में सभी अभ्यर्थियों / राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों को बताया गया कि वे सभी प्रकार की अनुमति हेतु सुविधा एप्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कम से कम 48 घंटे पूर्व आवश्यक अभिलेखों/अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क सहित समर्पित करेंगे, ताकि अनुमति प्रदान करने में किसी प्रकार की कठिनाई/विलंब नहीं हो।बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक , संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धनतेरस के अवसर पर बाजारों में रहे रौनक, जमकर हुई सोने चांदी की खरीदारी

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनतेरस के अवसर पर लातेहार में बाजारों में रौनक छाई रही और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। धनतेरस के साथ साथ लातेहार में मंगलवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण मुख्य सड़क भी सुबह से ही काफी जाम रहा। धनतेरस का यह दिन समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक माना जाता है, इसलिए लोग इस दिन पर नई वस्तुएं, विशेषकर सोना, चांदी और बर्तनों की खरीदारी करते हैं। शहर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल दिखाई दी, और दुकानदारों ने विशेष छूट और ऑफर्स के साथ अपने स्टॉल सजाए। सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई, वहीं लोग इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और घरेलू उपयोग की वस्तुएं भी खरीदते नजर आए।लातेहार के विभिन्न बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। दुकानदारों के अनुसार, इस बार धनतेरस पर पिछले वर्षों के मुकाबले खरीदारी में बढ़ोतरी देखी गई है। लोगों में खरीदारी को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला, जिससे स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ हुआ।

# धनतेरस पर शहर में हुई जमकर खरीदारी

## पूरे शहर में करीब 18 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरहेट/बरहरवा :** धनतेरस के अवसर पर शुभ मुहूर्त में लोगों ने चांदी के सिक्के के अलावे विभिन्न आवश्यक सामानों की खरीदारी की। दोपहर बाद से खरीदारी को लेकर बाइक के शोरूम, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, सोने चांदी की दुकान में लोगों की भीड़ रही । बरहरवा के मैन रोड पतना चौक हाटपाड़ा बंगाली पारा सहित अन्य जगहों पर लोगों ने धनतेरस के अवसर पर अपने-अपने जरूरत के सामानों की खरीदारी जमकर की वही बरहरवा के होंडा शोरूम हीरो शोरूम बजाज शोरूम बुलेट शोरूम में भी लोगों ने अपने-अपने पसंद की मोटरसाइकिल की खरीदारी की बड़हरवा बाजार के कई प्रतिष्ठानों में व्यवसायियों ने महालक्ष्मी व गणेश जी की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की धनतेरस के मौके पर लोगों में उत्साह देखने को मिला ।

### मान्यता है कि धनतेरस पर सोना-चांदी, तांबा, पीतल, कांसा व अन्य सामान की खरीदारी करना है शुभ

### चांदी के सिक्के व बर्तन की बिक्री

धनतेरस पर सोना-चांदी की खरीदारी का खास महत्व होता है। हालांकि इस बार धनतेरस पर सोना, चांदी का कारोबार अपेक्षाकृत कम हुआ। लेकिन चांदी के आभूषण व सिक्के खूब बिके। कॉलेज रोड के एक दुकानदार ने बताया कि तांबे, पीतल जैसी धातुओं के बर्तन के साथ छोटे बर्तनों की अधिक बिक्री हुई।

### छोटी दीपावली आज

काली पूजा से एक दिन पहले यानी चतुर्दशी यानि शनिवार को छोटी दीपावली है।

इस दिन से दीपावली का उल्लास छा जाता है। धनतेरस पर खरीदारी नहीं कर पाने वाले लोग छोटी दीपावली पर खरीदारी कर पाएंगे।

लोग पटाखा, मिट्टी के दीये, ढिबरी, लक्ष्मी-गणेश मूर्ति, पूजन सामग्री, सजावट के सामान की खरीदारी में जुटे हैं।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर में धनतेरस पर जमकर खरीदारी हुई। धनतेरस पर शहर में करीब 18 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। धनतेरस पर शाम में बर्तन दुकान, इलेक्ट्रोनिक सामान की दुकान, ज्वेलर्स की दुकानों में काफी भीड़ दिखी।

स्वर्ण आभूषण, सोना-चांदी के सिक्के के अलावा कई किस्म के बर्तन, टीवी, एलईडी, फ्रिज, माइक्रो ओवेन, वाशिंग मशीन, वाटर प्यूरीफायर, मोबाइल समेत अन्य घरेलु सामानों की बिक्री हुई। इसके अलावा चौक बाजार, बाटा चौक, स्टेशन चौक, कॉलेज रोड, पूर्वी रेलवे फाटक, चैती दुर्गा स्थान चौक पर धनतेरस को लेकर अस्थाई व मौसमी दुकानें सजी थी। अस्थाई व मौसमी दुकानों से लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, सजावट व पूजन सामग्री, मिट्टी के दीप, झाड़ू आदि की भी खूब बिक्री हुई। देर रात तक खरीदारी होती रही। मान्यता है कि धनतेरस पर सोना-चांदी, तांबा, पीतल, कांसा व अन्य सामान की खरीदारी करना शुभ है।

### खूब बिके बाइक-स्कूटी व चार पहिया वाहन

धनतेरस पर शहर में बाइक व स्कूटी की खूब बिक्री हुई। विभिन्न कंपनी के करीब 650 बाइक व स्कूटी बिक्री हुई। कई बाइक शोरूम ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिये लुभावने ऑफर भी रखे थे। एक सप्ताह पहले से शोरूम मालिकों ने एडवांस बुकिंग भी की थी। ग्राहक को निश्चित उपहार में स्क्रैच कूपन, चांदी के सिक्के, कैश डिस्काउंट आदि ऑफर दिये गए। वहीं करीब 20 कार की बिक्री हुई। टाटा, सुजुकी, महिन्द्रा, हुंडई समेत अन्य कंपनी का कार व एसयूवी की एडवांस बुकिंग हो चुकी थी।

## धन्वंतरि जयंती पर तालाब मिडिल स्कूल में हुई परिचर्चा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के मध्य विद्यालय तालाब में मंगलवार को धन्वंतरी जयंती मनायी गयी। इस मौके पर एक परिचर्चा का आयोजन शिक्षा विभाग के निर्देश पर किया गया। परिचर्चा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक डॉ. सच्चिदानंद, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी एवं अध्यक्षता निवर्तमान प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राय ने की। प्रभारी प्रधानाध्यापिका रूबी देवी ने परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि की जन्म जयंती भारतीय संस्कृति में आयुर्वेद की उपयोगिता से जुड़ा है। आयुर्वेद चिकित्सा नहीं बल्कि जीवन पद्धति है । परिचर्या को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सच्चिदानंद ने कहा की आयुर्वेदिक चिकित्सा की महान पद्धति मानवता के आरोग्यपूर्ण जीवन में निरंतर काम आती रहेगी। श्रीविष्णु हरि के 24 में अवतार में 12 वां अवतार भगवान धन्वंतरि के हाथ का कलश धन-धन और सुख शांति का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी ने धन्वंतरि जयंती एवं धनतेरस की शुभकामनाएं देते निवर्तमान प्रधानाध्यापक को उनके कार्यकाल के अंतिम दिन अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया और उनके सराहनीय कार्यकाल को याद किया। कार्यक्रम संचालन सहायक अध्यापक जितेंद्र हरि ने किया। कार्यक्रम को शिक्षिका सुचिता कुमारी, विद्यार्थियों में देव कुमार, सुमित कुमार, मिलन कुमार, हिमांशु राज, अंजली कुमारी, रिया सिंह, कृष्ण कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन पीहू प्रिया ने किया।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी फरियादियों की फरियाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में डीसी हेमंत सती ने मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। डीसी ने उपस्थित मरियम हांसदा, रजनी देवी, नीलू खातून, गुलबदन खातून, एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित एवं असंबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय में जमा करें।

## सामान्य प्रेक्षक ने लिया ईवीएम वेयर हाउस का जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक गौतम सिंह मंगलवार को साहिबगंज पहुंचे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी व एसपी अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से डीसी कार्यालय कक्ष में पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने बोरियो (अजजा) विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में गौतम सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं बरहेट (अजजा) सीट के लिए सामान्य प्रेक्षक माजिद खलील अहमद द्राबू एवं पुलिस प्रेक्षक बादुगा देवा पॉलसन ने संयुक्त रूप से समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।

## नामांकन के अंतिम दिन 24 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

### बरहेट से भाजपा प्रत्याशी गामालियल हेम्ब्रम ने किया पर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव -2024 के परिपेक्ष्य नामांकन दाखिल करने के छठे एवं अंतिम दिन अभ्यार्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया। 01 राजमहल निर्वाची पदाधिकारी कपिल कुमार के समक्ष निर्दल अधीर कुमार मंडल, मोहम्मद असलम, मुरलीधर तिवारी, गोपाल चंद्र मंडल एवं समाजवादी पार्टी प्रत्याशी शहादत हुसैन ने नामांकन प्रपत्र दाखिल क़िया।

वहीं 02 बोरियो से निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के समक्ष राष्ट्रीय देशज पार्टी प्रत्याशी अरुण कुमार बेसरा, निर्दल पौलूस मुर्मू, मरांग मरांडी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी सूर्यनारायण हांसदा, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी अमित कुमार पहाड़िया, निर्दल रामा पहाड़िया, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी महेश कुमार मालतो, निर्दल चंदर मुर्मू, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी मुकेश सोरेन, निर्दल मनोज सोरेन, निर्दल रंजो कुमारी, निर्दल शिला सोरेन ने नामांकन किया। निर्दल इनोसेंट सोरेन में पुनः नामांकन दाखिल किया। बरहेट सीट से निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत के समक्ष भाजपा प्रत्याशी गमलियल हेंब्रम, निर्दल सिमोन मालतो, अंबेडकराई ऑफ़ इंडिया प्रत्याशी रानी हांसदा, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी नथानियल मालतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी थोमस सोरेन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी दिनेश सोरेन, निर्दल रोशनी मुर्मू ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

**कब किसने किया नामांकन:-** गुरुवार 24 अक्टूबर राजमहल - भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा, झामुमो प्रत्याशी मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, निर्दल सुनील यादव

**बोरियो :** झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन

**बरहेट :** झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन व निर्दल जोसेफ सोरेन

शुक्रवार 25 अक्टूबर

राजमहल : निर्दल रामेश्वर मंडल, बोरियो- निर्दल मंडल हांसदा, भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम

**बरहेट :** निर्दल सेवास्टियन

**सोमवार 28 अक्टूबर :-** निर्दल सद्दाम हुसैन, रणधीर प्रसाद, नंद लाल साह, नईम शेख एवं जेएलकेएम प्रत्याशी मोतीलाल सरकार

भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा, झामुमो प्रत्याशी एमटी राजा, निर्दल सुनील यादव ने पुनः नामांकन

बरहेट विस से एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। निर्दल प्रत्याशी अजय कुमार हेंब्रम ने

बरहेट से ही झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन व एक निर्दल प्रत्याशी जोसेफ सोरेन ने पुनः नामांकन किया।

बोरियो विधानसभा से एक नामांकन हुए। निर्दल इनोसेंट सोरेन ने सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जबकि झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन ने पुनः नामांकन दाखिल किया।

## पुलिस ने महाराजपुर मोड़ पर चलाया एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तालझारी :** तालझारी थाना क्षेत्र के महराजपुर मोड़ के पास मंगलवार को तालझारी थाना पुलिस ने एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एसआई मनसा हजाम व पुलिस जवानों ने दो व चार पहिया वाहन को बारी-बारी से रोककर जांच की। सभी वाहनों के कागज़ात, डिक्की, हेलमेट की जांच किया। वहीं अभियान के दरम्यान विशेष रूप से हेलमेट एवं सामान की भी जांच की गई। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने सभी बाइक चालको को हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की नसीहत दी। वहीं चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने को कहा। अन्यथा कार्रवाई करने की बात कही।

## मुफस्सिल थाना में काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** मुफ़स्सिल थाना परिसर में मंगलवार को काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना मदन कुमार ने की। बैठक में शांति समिति सदस्यों ने सौहार्द पूर्ण काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा मानने में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि किसी प्रकार का किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से फैलाने की कोशिश करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। बताया कि निर्धारित समय पर विसर्जन शांतिपूर्वक तरीके से करने की सहमति पूजा समितियों ने जताई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों व हर चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से नजर रखी जायेगी। वहीं पंडालों अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश नहीं मानने पर लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। वहीं डीजे जब्त कर लिया जाएगा। साउंड हर हाल में 90 डेसिबल से ज्यादा नहीं होगा। शराब पीने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। मौके पर एसआई, एएसआई व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## बिहार के अमदाबाद में साहिबगंज के किसान की जमीन कब्जाने के लिए ताबड़तोड़ गोलीबारी, मुफस्सिल थाना पुलिस ने की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना के सीमावर्ती दियारा इलाकों में कुछ अज्ञात लोगों ने अंधाधुंध गोलीबारी की चर्चा है। हालांकि मुफस्सिल थाना पुलिस घटना अमदाबाद थाना क्षेत्र के दियारा क्षेत्र के होने की बात कही है।

लेकिन इस घटना को लेकर मुफस्सिल थाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। घटना की सूचना पाकर मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने गोपालपुर पीलर टोला, घीसूटोला, रामपुर टोपरा दियारा आदि दियार इलाकों में पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों को लेकर सर्च अभियान चलाया। वहीं सीमावर्ती दियारा क्षेत्र में एलआरपी भी की।

जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना के सीमा से सटे बिहार के अमदाबाद के पाड़ दियारा पंचायत के दियारा क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर बीते सोमवार को ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई। बताया जाता है कि बीते 10 जुलाई को गजाई दियारा में जमीन विवाद को लेकर वीरेंद्र चौधरी की उनके दामाद शिवजी चौधरी व समधी ने गोपाल चौधरी ने हत्या कर दी थी। वीरेंद्र चौधरी साहिबगंज के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर पीलरटोला के रहने वाले थे

। उनकी जमीन पाड़ दियारा पंचायत के दियारा क्षेत्र में है। इसपर लेकर अपने ही दामाद व समाधि से उनका विवाद चल रहा था। इसी जमीन पर कब्जे को लेकर बीते मंगलवार को भी गोलीबारी की गई है। हालांकि गोलीबारी को लेकर मुफस्सिल थाना पुलिस व अमदाबाद थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सीओ ने डीलरों के साथ की पीडीएफ पर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तालझारी :** प्रखंड सभागार भवन में मंगलवार को सीओ रामसुमन प्रसाद की अध्यक्षता में राशन डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ ने सभी डीलरों से कहा कि वैसे राशनकार्ड धारकों के नाम जो व्यक्ति मृत्यु हो चुके हैं, और जिन लड़की की शादी हो चुकी है।

उन लोगों को चिन्हित कर उसका नाम राशन कार्ड से हटाया जाए और उसके बदले जिन कार्डधारकों में नए नाम जोड़ना हो, वैसे व्यक्ति का राशन कार्ड में नाम जोड़ा जाए।

इसकी सूचना पंचायत के मुखिया, वार्ड को देकर उनसे उनके बारे में एक लिखित जानकारी भी लें लेंगे कि वह व्यक्ति जिसका नाम राशनकार्ड से हटाया जा रहा है वह सही में है या नहीं।

उसके बाद उस व्यक्ति का नाम को हटाना है। वहीं डीलर राम मालतो से सीओ ने पूछा कि सितंबर, अक्टूबर, नवम्बर तीनों माह का राशन उठाने के बावजूद अबतक सितंबर व अक्टूबर का राशन कार्डधारियों के बीच क्यों वितरण नहीं किया है।

सिर्फ कार्ड धारी से फिंगर ले लिया गया है।

ऐसे राशन कार्ड धारी ने आरोप लगाया है। इस मामले को राम मालतो डीलर अपने स्तर से देख लें।

अन्यथा उनपर वरीय पदाधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर एजीएम मोहम्मद अब्दुल सलाम सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

## रामगढ एसपी ने चुटुपालू घाटी में लगे एसएसटी टीम का औचक किया निरीक्षण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रात्रि में चुटुपालू घाटी में लगे एसएसटी टीम का औचक निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियो को चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिया गया।



## डॉ. शारदा प्रसाद प्रतिष्ठित कादंबरी सम्मान के लिए चयनित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय प्रतिष्ठित कादंबरी साहित्यिक संस्था, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा डॉक्टर शारदा प्रसाद का चयन समग्र लेखन सम्मान हेतु किया गया है। कादंबरी अखिल भारतीय साहित्यकार-पत्रकार अलंकरण सम्मान- 2024, के लिए उन्हें समग्र लेखन विधा में स्व. श्रवण कुमार दीपावरे सम्मान हेतु चयनित किया गया है । पांच सदस्यीय चयनकर्ता समिति द्वारा उनकी साहित्यिक सेवा हेतु यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष आचार्य भागवत दुबे एवं महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि यह अलंकरण समारोह 9 नवंबर को संस्कारधानी जबलपुर में एक भव्य समारोह आयोजित करके प्रदान किया जाएगा। डॉ. शारदा ने माननीय अध्यक्ष, महासचिव एवं चयनकर्ता समिति के विद्वानों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा उम्मीद स्कूल मे स्पेशल एबल्ड बच्चों के साथ मनाया दिवाली

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा उम्मीद स्कूल मे स्पेशल एबल्ड बच्चों के साथ दिवाली बनाया । इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ गेम्स खेला और उपस्थित सभी बच्चों को क्लब कि और से गिफ्ट हैंपर दिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने कहा दिवाली खुशियों का त्यौहार हैं अगर आप किसी को खुशी दे सकते है तो उससे बड़ा कोई त्यौहार नहीं हैं। मौके पर पिंकी पोद्दार,नीरू साहनी, मेघा बगडिया, दीपा वडेरा, श्वेता जैन आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रो पिंकी कुमारी बनी विधानसभा प्रभारी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं के सत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विधानसभा स्तरीय प्रभारियों की घोषणा की है। भाजपा रामगढ़ जिला महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रो पिंकी कुमारी को रामगढ़ विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है। प्रो पिंकी कुमारी सामाजिक क्षेत्रों में निरन्तर सक्रिय रहती हैं। उन्होंने अपने मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता तथा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह के प्रति आभार जताया है। प्रो पिंकी कुमारी को विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर वरिष्ठ नेत्री इला रानी पाठक,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह संजीव कुमार बबला, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, सरदार अनमोल सिंह,संजय प्रभाकर,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, महिला मोर्चा के रूपा देवी, जिला मीडिया सह प्रभारी भीमसेन चौहान, धीरज कुमार साहू,सोनू कुमार शौर्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और कहा कि विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन के साथ जोड़ते हुए आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में सबके योगदान से एनडीए के पक्ष में सकारात्मक परिणाम मिलनेवाला है ।



## रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक को चाकू मार कर किया घायल एवं 5000 की लूट

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ लोहार टोला शौचालय में एक युवक से 5000 की लूट व सर में चाकू मार के घायल करने की सूचना बताया जाता है कि घायल युवक गोला से आया हुआ था। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जेएलकेएम के उम्मीदवार पनेश्वर महतो के नामांकन में इसी बीच मोटर खरीदने लोहार टोला आया जिस दौरान शौच लगा तो वह युवक लोहार टोला शौचालय पहुंचा जहां उससे 5000 की छिनतई एवं सर में चाकू मार घायल कर दिया गया मौके पर पहुंचे लोगों ने हंड्रेड डायल में कॉल किया एवं रामगढ़ थाना संपर्क किया पुलिस आकर चाकू मारने वाले को पकड़ ले गई एवं बेहतर इलाज के लिए घायल युवक को रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा आगे की कार्रवाई रामगढ़ थाना पुलिस कर रही है।




## गांधी +2 हाई स्कूल में मतदान कर्मियों का चल रहे प्रशिक्षण का प्रेक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक, 22 बड़कागांव वी सरावना ने द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक, 22 बड़कागांव वी सरावना ने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया गया।



## रामगढ़ विधानसभा से ममता देवी ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया दाखिल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रामगढ़ विधानसभा में इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने नामांकन किया । जिसमें मुख्य रूप से शामिल हुए झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी साथ ही हजारों हजार की संख्या में भीड़ का उमड़ा जनसैलाब । रामगढ़ में इस बार थाना है फिर से ममता देवी जी को लाना है इस तरह के नारों से लोगों में एक खुशी की माहौल दिखा हर गांव में ये ऐतिहासिक नामांकन का चर्चा दिनभर चला और रामगढ़ में इस बार कांग्रेस पार्टी का परचम जीत के साथ झंडा लहराना है।



# रामगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक, सामान्य प्रेक्षकों ने की अध्यक्षता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु सामान्य प्रेक्षक 22-बड़कागांव वी सरवना एवं 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टी वी सुभाष, पुलिस प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दस एवं व्यय प्रेक्षक, 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास एवं 23रामगढ़ व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र पीयूष शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभा कक्ष रामगढ़ में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार,ष्ट- 22 बड़कागांव एवं,ष्ट -23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने का उद्देश्य की जा रही कार्यो को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए वहीं उन्होंने अंतरराज्य चेक नाका एवं जिले में बनाए गए चेक नाका के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं निर्वाचन के दृष्टिकोण से जिले में आने जाने वाहनों की चेकिंग के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव एवं केरेडारी अंतर्गत आने वाले बूथों के संबंध में जानकारी दी। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा बारी-बारी से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के उद्देश्य से बनाए गए कोषांग के वरीय पदाधिकारियो से चल रही तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यो का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चतरा, वरीय पदाधिकारी गठित को सॉन्ग रामगढ़,जिला पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय रामगढ़ , परिवहन पदाधिकारी रामगढ़, सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रक्टरों को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली की थी रामगढ़ थाना अंतर्गत अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रामगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें रामगढ़ थाना अंतर्गत रांची रोड सिंह होटल के पास से 02 ट्रैक्टर को लगभग 200 सीएफटी बालू के साथ जब्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना काण्ड सं0-342/24, दिनांक-28.10.2024, धारा-303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस एवं 4/21 एमएमडीआर एक्ट-1957, 54 जेएमएमसीए-2004, 9/13 झारखंड मिनरल्स (प्रेवेनशन ऑफ इलिगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज -2017 दर्ज कर चालक एवं मालिक के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के वार्ड 01,04 व 06 के प्रमुख सदस्यों की बैठक रात्रि चौपाल के माध्यम से रामगढ़ शहर के नईसराय में रखी गई. बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव अजय राम व संचालन सोशल मीडिया प्रभारी अमर बोदरा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस उपस्थिति हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रामगढ़ जिला के रामगढ़, मांडू व बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा हर नागरिक को अपने मत की ताकत को समझना चाहिए और चुनाव में मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान ही हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाता है।

## रामगढ़ के श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में दीया सजाओ एवं रंगोली उत्सव का किया गया भव्य कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ रेलवे-स्टेशन स्टेशन के समीप स्थित् गणिनाथ पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन पर्व की उमंग में दीया सजाओ एवं रंगोली बनाओ उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर छात्र छात्राओं ने रंग-बिरंगी मोतियों, लेस, पेंट एवं अन्य सजावट की सामग्रियों का प्रयोग करके दीयों को सजाया साथ ही विभिन्न प्रकार के रंगो का प्रयोग करके रंग बिरंगी रंगोली बनाकर भारतीय संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रदर्शन किया। साथ ही बच्चो ने समूह बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। हर रंगोली में छात्राओं की रचनात्मकता और भारतीयता की भावना स्पष्ट दिखाई दी।बच्चो ने राम सीता बनकर भारतीय संस्कृति के महत्व का भी परिचय दिया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्याक आर. एस.गोस्वामी ने सभी को दिपावली की शुभकामनाये देते हुए कहा कि दिपावली एक त्योहार ही हैं बल्कि हमारी पावन संस्कृति और सद्भाव का प्रतीक है साथ ही यह युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं के प्रति जागरूक भी बनाता है।इस अवसर पर विधालय समिति के चेयरमैन श्री एन के गुप्ता, डिप्टी चेयरमैन राहुल गुप्ता एवं सचिव रामेश्वर प्रसाद ने सभी को दिवाली की बधाई दी। दिया सजाओ एवं रंगोली उत्सव में शिक्षक अमर मुखर्जी, हर्ष करमाली, आशा सिन्हा, अलिशा खान,होलिका कुमारी, सास्वती बनर्जी रूबी गोस्वामी, वीणा प्रसाद, पूर्णिमा गांगुली, देबजानी मुखर्जी, प्रीति कुमारी, अन्वेषा कुमारी शामिल थे।



## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में रंगोली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग में रंगोली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक और स्नाकोत्तर के सभी सत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली बनाने के महत्व पर अपने विचार साझा किए और इसके सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष चार विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ और बधाई दी।सचिव प्रियंका कुमारी , प्रतिकुलपति महोदय प्रो (डॉ )रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दिए। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कार्लोस टोप्पो ने रंगोली के महत्व बताते हुए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के व्याख्याता डॉ राकेश कुमार महतो ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में कला, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे थे।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रदेश महासचिव अमर नाथ राम सहीत दर्जनों ने लिया भाजपा की सदस्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बड़कागांव विधासभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड स्थित एनडीए उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में बड़कागांव विधानसभा भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी एवं रेखा चौधरी के उपस्तिथि में कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रदेश महासचिव अमर नाथ राम सह युवा नेता अनुप विश्वकर्मा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली सदस्यता लेने वालो में आनंद, लालन यादव,आदित्य यादव, सरजू यादव, अरबिंद यादव, बिरजू यादव, संदीप यादव, सूरज कुमार, कृष्णा कुमार, सुभाष कुमार,सूरज राम, सुमित कुमार, छोटू कुमार,सोनू रजक, सुनील यादव,मनीष कुमार, अमित रजक, विनीत कुमार,पवन कुमार,सोनू पासवान,संजय यादव, भोला राम,नवीन यादव,प्रवीण यादव,चंदन कुमार,रोहित कुमार, दिलीप कुमार सहित दर्जनों क्षेत्र के युवा हैं मौके पर अमर नाथ राम ने कहा कि भाजपा विकास के लिए संकल्पित पार्टी हैं कांग्रेस ने जितने वर्ष बड़कागांव क्षेत्र में शासन किया वह शासन नही क्षेत्र के जनता पर शोषण था इसलिए मैंने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली हैं तथा इसके साथ बचरा से आई हुई सामाजिक संगठन महिला सुरक्षा समिति प्रदेश अध्यक्ष गीता देवी जिला अध्यक्ष किरण देवी प्रखंड अध्यक्ष हिरण देवी पंचायत अध्यक्ष गुड़िया देवी भी शामिल हुए और चुनाव में रोशन लाल चौधरी को जितवाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में भाजपा पतरातु मंडल अध्यक्ष राजा राम प्रजापति,उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो,युवा नेता रितिक चौधरी,चंदन कुमार,गणेश करमाली, राजेश पटेल,कौलेश्वर महतो,परमानंद कुमार,बादल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के रोशन लाल चौधरी ने पतरातू में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस क्षेत्र भाजपा पतरातू मंडल अंतर्गत बिरसा मार्केट हेसला काली मंदिर कटिया न्यू मार्केट पतरातु ब्लॉक मोड रेलवे गेट स्टेशन होते हुए शहीद चौक लेनिन चौक इन सभी जगहों मे बड़कागांव विधानसभा एनडीए प्रत्याशी माननीय रोशन लाल चौधरी के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी माननीय रोशन लाल चौधरी ने कहा की 15 वर्षो से लगातार एक ही परिवार के विधायक बनना बड़कागव विधानसभा की स्थिति रसातल की ओर चला गया है। विकास के नाम पर अपना पैकेट भरने का काम किया है।इसलिए बड़कागांव विधानसभा की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है और इस बार जनता भली भांति जान चुक समझ चुकी है अब एक ही विकल्प है परिवर्तन करना है और हम कह सकते हैं कि इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे। और निश्चित रूप से इस बार सिर्फ बड़कागांव विधानसभा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में कमल खिलेगा और एनडीए का सरकार बनेगा या यह भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। वंही जनसंपर्क अभियान में भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति,उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो,महामंत्री पंकज कुमार सिंह,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर,बृजेश कुमार,अवधेश सिंह,अशोक पाठक, मनोरंजन सिंह,वारिस खान,मनोज राम फूलचंद महतो इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विधायक ने सयाल प्रक्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया, मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव विधानसभा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार को सयाल प्रक्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया एवं अपने पछ में मतदान करने हेतु समर्थन मांगा। इस दौरान गंठबंधन के झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, समाजसेवी पम्मी कुमार, कांग्रेसी नेता खंचाची राम, गणेश राम,बच्चन पांडेय इस जनसंपर्क में शामिल थे। श्री बेदिया ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि गठबंधन कि उम्मीदवार अंबा प्रसाद ही पुरे बड़कागांव विधानसभा का चहुंमुखी विकास करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि सरकार ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास का कार्य किया है। जनता इस बार भी मन बना चुकी है। झारखंड में एक बार फिर से झामुमो गठबंधन कि सरकार बनेगी। इधर अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं आपकी बेटी हु। मेरे पुरे परिवार ने बड़कागांव विधानसभा में विकास व ग्रामीणो के हक अधिकार दिलाने के लिए द्रिढ संकल्पित है।वहीं इस मौके पर अमित प्रसाद, मुखिया जगदीश साव, तिलेश्वर साव,पुर्व मुखिया सतेन्द्र यादव, कृष्णा साव,अजय पासवान, रामदुलार साव, जावेद खान, संजय सिंह, बबीता सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान किया गया संचालित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान भदानी नगर ओ0पी0 अन्तर्गत ग्राम कुरसे एवं कुज्जू ओ0पी0 अन्तर्गत ग्राम-बोंगाबार में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 620 कि0ग्रा0 बरामद हुआ, जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 43,400/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## बसपा रामगढ़ विस प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला(रामगढ़) :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है,प्रत्याशियों का नामांकन पपत्र दाखिल करने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गोला प्रखंड के रायपुरा गांव निवासी पूर्व विस प्रत्याशी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों ने फूल माला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया। रामगढ़ विस क्षेत्र वासियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा बहुजन समाज पार्टी दबे, कुचलें,पीछडे और शोषित लोगों की आवाज है, और न्याय दिलाने का काम करती है। रामगढ़ को भय मुक्त, शोषण मुक्त, परिवार वाद मुक्त रामगढ़ बनाना है। नामांकन के दौरान पार्टी के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# पत्र लेखन के जरिये मतदान के प्रति किया गया जागरूक : अफरोज आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार के छात्र-छात्राओं ने स्वीप कार्यक्रम के तहत पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में कक्षा 5 से लेकर 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता वह आमजनों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पत्र लेखन कर उसके फोटोग्राफ सोशल मीडिया साइट्स पर अपलोड किया। पत्र लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को बताया, आगे उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की नींव है, मतदान मतदाताओं का कर्तव्य के साथ जिम्मेवारी भी है, जितना ज्यादा मतदान होगा हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा। इसलिए बिना किसी भय और लोभ ङ्गलालच के अपनी सूझबूझ से अच्छे प्रत्याशी को वोट करें। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्रभारी सहायक शिक्षक अफरोज आलम, सीताराम रविदास, प्रकाश सिंह, उपेन्द्र प्रसाद, सालेह गजाली ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। पत्र लिखने वालों में फिजा प्रवीण, सुहाना प्रवीण, नुजहत प्रवीण, अल्फा प्रवीण,मुस्कुराना प्रवीण,मुबाशिरा प्रवीण,नुसरत प्रवीण,इशरत प्रवीण, नाजिया प्रवीण, आलिया, शाहजहां प्रवीण,शबनम सहित विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लेग मार्च

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां अंतिम चरण पर की जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देशन पर वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया जा रहा है स्कूलों में पुलिस सुरक्षा बल, रखरखाव मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार का कोई कमी नहीं रहे। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पुरजोर तैयारी की जा रही है। गांव में विधि व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च की जा रही है। वही कार्रवाई के लिए चुनाव में दहशत फैलाने वाले और शरारती तत्वों की पहचान पुलिस द्वारा की जा रही है। मंगलवार को बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा नापो कला, हरली, महुदी , बलिया में फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## ब्राउन सुगर खरीद बिक्री मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार, चार लोगों को भेजा जेल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्राउन सुगर खरीद बिक्री के मामले में एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चार युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 28 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार के निर्देश पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव पीपल नदी के किनारे अवैध रूप से ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री एवं सेवन करते चार युवक पकड़े गए। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस के पहुंचते ही तीन-चार लड़के पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि जेल भेजे राजेंद्र कुमार, बिरजू विश्वकर्मा, सुबोध कुमार एवं मुन्ना कुमार सोनी सभी बड़कागांव के रहने वाले हैं। तलाशी में 5.41 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ, नगद 44200 रूपये, 3 मोबाइल, 2 मोटरसाइकिल बीआर 13 ए 3159 एंव , जेएच 02 एबी 9475 एंव 2 चाकू जप्त किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## युवा समाजसेवी अंकित गुप्ता और विकास गुप्ता ने थामा भाजपा का दामन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही क्षेत्र में समाजसेवा के लिए पहचाने जाने वाले युवा समाजसेवी अंकित गुप्ता और विकास गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने उन्हें भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा में शामिल होकर उन्होंने आगामी चुनावों में पार्टी के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया और जनता से भी समर्थन की अपील की है। अंकित गुप्ता ने भाजपा का दामन थामते हुए जाति-पाति और समुदाय से ऊपर उठकर राजनीति में काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का साथ देकर वे क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव को भारी मतों से विजयी बनाएं। विकास गुप्ता ने भी भाजपा में शामिल होते हुए पार्टी की नीतियों और विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने का निर्णय विचार और समझ के बाद लिया गया है। उनके अनुसार, भाजपा की नीतियाँ और कार्यक्रम युवाओं और समाज के विकास के प्रति समर्पित हैं और इसी के चलते उन्होंने पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। मौके पर उमेश ठाकुर, आकाश जायसवाल, मुन्ना यादव, पिंटू ठाकुर मौजूद थे।

## अंतर बटालियन ग्रुप केंद्र क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी झारखंड द्वारा दिनांक 28.10.2024 से 29.10.2024 तक 209 कोबरा के प्रांगण में किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 28.10.2024 एवं समापन 29.10.2024 को मृत्युंजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 94के द्वारा किया गया । उन्होंने अपने समापन संबोधन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और उनके टीम को बधाई दी । तथा अन्य सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी को उनके भविष्य में और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु टीम भावना एवं उचित तालमेल के साथ कार्य करने हेतु संबोधित किया। इस अवसर पर प्रथम विजेता टीम,द्वितीय विजेता टीम एवं तृतीय विजेता टीम को घोषणा को गई और सभी टीमों को उनके खेल के अनुसार पारितोषिक दिया गया जिसका विवरण नीचे है।इस प्रतियोगिता टीम इवेंट में प्रथम स्थान 94वाहिनी,द्वितीय स्थान 26वाहिनी एवं तृतीय स्थान 134वाहिनी को प्राप्त हुआ तथा इसी।क्रम में इस प्रतियोगिता में ऐसे कार्मिक चयनित किए गए जिन्होंने अपनी करी मेहनत के साथ इस प्रतियोगियों में प्रथम साथ ct/gd रिक्की मुन्नाअला 60वाहिनी,द्वितीय स्थान ct/gd सोना लाल 157 वाहिनी ,तृतीय स्थान hc/gd अमित सेन 174वीं वाहिनी ने प्राप्त किया।

## छात्रों ने रैली निकाल कर मतदान के लिए किया जागरूक

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के प्लस- टू उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत यूथ चले बूथ के बैनर तले मतदाता जागरूक अभियान चलाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं मजबूत सरकार गठन के लिए एक-एक वोट काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया। वहीं चुनाव में इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई। मौके पर शिक्षक रमेश प्रसाद गोस्वामी, कुमुद रंजन साहा, रूपेश कुमार, आलोक कुमार, नोएल किस्कू, स्वेता कुमारी, पिंकी कुमारी, सोनाली दत्ता आदि मौजूद थे।

## आजसू के पदयात्रा में उमड़ी भीड़, पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो हुए शामिल

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी की ओर से मंगलवार को पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के पैतृक गांव जानकीनगर से निकाली गई। पदयात्रा मुख्य सड़क से होकर मौलाना चौक होते हुए शहर में प्रवेश किया। इसके बाद गांधी चौक होते हुए जनसभा स्थल हरिणडंगा हाई स्कूल मैदान पहुंची। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शहर के टीन बंगला के पास पदयात्रा में शामिल हुए। आजसू सुप्रीमो ने लोगों का अभिवादन किया। हालांकि आगे चलकर पेट्रोल पंप के पास वे अन्यत्र निकल गए। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को व्यस्त कार्यक्रम की वजह से उन्हें जाना पड़ा। पदयात्रा में काफी संख्या में अजहर इस्लाम के समर्थक शामिल हुए। जिसमें प्रत्याशी अजहर इस्लाम के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी हिस्सा लिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों से "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। i) **निविदा संख्या एवं दिनांक : GEM/2024/B/5543761, दिनांक : 25.10.2024, ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद रेलवे कॉलोनियों की सफाई चार साल (यानि 1460 दिन) की अवधि के लिए।, **कार्य समापन अवधि : 4 वर्ष, iii) कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 2,08,01,467.52 (दो करोड़ आठ लाख एक हजार चार सौ सड़सठ रूपये और बावन पैसे) मात्र।, **iv) बयाना राशि :** रू. 2,54,100.00 (दो लाख चौवन हजार एक सौ रूपये) मात्र।, **v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 15.11.2024 को 16:00 बजे।, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 15.11.2024 को 16:30 बजे।, **vi) वेबसाइट विवरण : https://www.gem.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

ए.एम.इ. (समाडी–।।)/धनबाद

पीआर/01405/डीएचएन/यां./टी/24–25/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**

**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा संख्या:** GeM Bid No. GEM/2024/B/5537252, **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:**Hiring of four (04) nos. of maintenance vehicle Mahindra Bolero Camper, Tata Xenon, Mahindra Imperio etc. for CRP (Under SSE/TRD/CRP), GMIA (under SSE/TRD/GMIA), KLRE (under SSE/TRD/KLRE) & CPU (under SSE/TRD/CPU) in Dhanbad division for two (02) years. । (कार्य समापन की अवधि – (02) दो वर्ष), **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रूपया 47,04,000/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य/–, **(3) बिड सिक्युरिटि:** 94,100/–, **(4) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि: 18.11.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि: 18.11.2024 को 11:30 बजे। **(5) वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट **www.gem.gov.in** जेम निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01407/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/36

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा

(जिला निर्वाचन)

### प्रेस विज्ञप्ति

### अधिग्रहण आदेश

मैं वाघमारे प्रसाद कृष्ण (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अधीन लोहरदगा जिलान्तर्गत 72–लोहरदगा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 69–बिशुनपुर (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अंश) के मतदान केन्द्र रूप में अधिसूचित भवनों को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में दिनांक 11.11.2024 से 14.11.2024 तक के लिए (उपस्करों सहित) अधिग्रहण करता हूँ एवं संबंधित भवनों के प्रधान को आदेशित करता हूँ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लोहरदगा को (उपस्करों सहित) उपलब्ध करा देंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

**72-Lohardaga (ST)**

| Part No. | Part Name |
|---|---|
| 1 | Govt. Upgraded Middle School, Sangodih. |
| 2 | Upgraded Primary School, Murmu Upar Toli |
| 3 | Govt. Primary School, Manha. |
| 4 | Upgraded Middle School, Manchi |
| 5 | Govt. Upgraded Middle School, Siram Manchi. |
| 6 | Upgraded Primary School, Rubed (Old Building) |
| 7 | Govt. Upgraded Middle School, Bariyatu. |
| 8 | Govt. Middle School, Makka. |
| 9 | Govt. Upgraded Middle School, Kerar. |
| 10 | Govt. Upgraded High School, Duggu |
| 11 | Govt. Upgraded Middle School, Peshrar Kanitoli |
| 12 | Govt. Middle School, Bondobar |
| 13 | Govt. Middle School, Kauwadanr |
| 14 | Govt. Upgraded Middle School, Onegada |
| 15 | Govt. Middle School, Rorad (North Wing) |
| 16 | Govt. Middle School, Rorad (South Wing) |
| 17 | Govt. Upgraded Middle School, Kekrang. |
| 18 | Govt. Upgraded High School, Thakuraindera, Kharcha |
| 19 | Govt. Upgraded Middle School, Deodariya |
| 20 | Govt. Primary School, Khadiya |
| 21 | Govt. Upgraded Middle School, Banglapat (North Wing) |
| 22 | Govt. Upgraded Middle School, Banglapat (South Wing) |
| 23 | Govt. Primary School, Salaiya (North Wing) |
| 24 | Govt. Primary School, Salaiya (South Wing) |
| 25 | Govt. Middle School, Tisiya |
| 26 | Govt. Upgraded Middle School, Nathpur (New Building) |
| 27 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Nari (North Wing) |
| 28 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Nari (South Wing) |
| 29 | Upgraded Primary School, Durhul (Sarnatoli) |
| 30 | Govt. Primary School, Nini |
| 31 | Govt. Urdu Primary School, Nawadih (Old Building) |
| 32 | Govt.Middle School, Nari Nawadih (East Wing) |
| 33 | Govt.Middle School, Nari Nawadih (West Wing) |
| 34 | Primary School, Parhepat (Old Building) |
| 35 | Govt. Girls Middle School, (Janwal) Kisko (North Wing) |
| 36 | Govt. Girls Middle School, (Janwal) Kisko (South Wing) |
| 37 | Govt. Middle School, Kisko (North Wing) |
| 38 | Govt. Middle School, Kisko (South Wing) |
| 39 | Govt.Upgraded Urdu Middle School, Hondaga (East Wing) |
| 40 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Hondaga (West Wing) |
| 41 | Govt. Primary School, Kasiyadih |
| 42 | Govt. Primary School, Semardih |
| 43 | Upgraded Primary School, Kharki |
| 44 | Govt. Upgraded Middle School, Kocha |
| 45 | Govt. Primary School, Datma |
| 46 | Govt. Upgraded Middle School, Banpur |
| 47 | Govt. Urdu Primary School, Anandpur |
| 48 | Community Hall Anandpur Rotawatoli |
| 49 | Upgraded Primary School, Patgechha |
| 50 | Govt. Upgraded Middle School, Bethath (North Wing) |
| 51 | Govt. Upgraded Middle School, Bethath (South Wing) |
| 52 | Govt. Upgraded Middle School, Bhushad |
| 53 | Govt.Upgraded Middle School, Hisri Jamuntoli (South Wing) |
| 54 | Govt. Upgraded Middle School, Hisri Jamuntoli (North Wing) |
| 55 | Govt. Middle School, Bagdu Jamuntoli (North Wing) |
| 56 | Govt. Middle School, Bagdu Jamuntoli (South Wing) |
| 57 | Govt. Middle School, Bagdu Hill |
| 58 | Govt. Primary School, Chhotchorgain |
| 59 | Govt. Middle School, Merle |
| 60 | Community Hall, Jogiyara |
| 61 | Upgraded Primary School,Upar Hisri (Old Building) |
| 62 | Upgraded Primary School,Upar Hisri (West Wing) |
| 63 | Govt Urdu Middle School Hisri ( North Wing) |
| 64 | Govt Urdu Middle School Hisri ( South Wing) |
| 65 | Govt. Primary School, Barwatoli, Agardih |
| 66 | Govt. Primary School, Tetardand |
| 67 | Upgraded Primary School, Mahugaon (Old Building) |
| 68 | Govt. Upgraded Urdu High School, Charhu |
| 69 | Community Hall, Nirhu |
| 70 | Govt. Primary School, Bonga |
| 71 | Govt. Middle School, Areya (East Part) |
| 72 | Govt. Middle School, Areya (West Wing) |
| 73 | Govt. Upgraded Middle School, Masiyatu |
| 74 | Govt. Upgraded Middle School, Dhoura |
| 75 | Govt.Upgraded High School, Salgi (East Wing) 1 |
| 76 | Govt. Upgraded High School Salgi (East Wing) 2 |
| 77 | Govt.Upgraded High School, Salgi (West Wing) 1 |
| 78 | Govt. Upgraded High School Salgi (West Wing) 2 |
| 79 | Govt. Upgraded Middle School, Rocho |
| 80 | Govt.Upgraded Middle School, Kundgarha |
| 81 | Govt.Primary School, Chund |
| 82 | Upgraded Primary School, Jario |
| 83 | Anganbari Kendra, Hotwar |
| 84 | Vetnary Centre, Barkichanpi |
| 85 | New Primary School, Dubang Nawatoli (Old Building) |
| 86 | Govt. Basic School, Banduwa Dubang |
| 87 | Upgraded Primary School, Chotkichanpi |
| 88 | Govt.Middle School, Opa |
| 89 | Govt.Primary School, Kamle |
| 90 | Govt.Upgraded Urdu Girls Middle School, Sundru (North Wing) |
| 91 | Govt. Upgraded Urdu Girls Middle School, Sundru (South Wing) |
| 92 | Govt.Upgraded Middle School, Bishramgarh |
| 93 | Govt. Upgraded Middle School, Sukumar |
| 94 | Govt. Upgraded Basic High School, Chiri (North Wing) |
| 95 | Govt.Upgraded Basic High School, Chiri (South Wing) |
| 96 | Govt. Primary School, Karak (North Wing) |
| 97 | Govt. Primary School, Karak (South Wing) |
| 98 | Govt. Primary School, Tiko |
| 99 | Govt.Primary School, Chatakpur |
| 100 | Govt. Middle School, Jima (North Wing) |
| 101 | Govt. Middle School, Jima (South Wing) |
| 102 | Panchayat Sachivalaya Jima |
| 103 | Anganbari Kendra, Chandu |
| 104 | Govt. Basic School, Lawagain (North Wing) |
| 105 | Upgraded Primary School, Lawagain Patratoli(Old Building) |
| 106 | Govt. Basic School, Lawagain (South Wing) |
| 107 | Upgraded Primary School Lawagain, Tonkatoli |
| 108 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Nantilo (West Wing) |
| 109 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Nantilo (East Wing) |
| 110 | Govt. Primary School, Jangi (Old Building) |
| 111 | Govt. Middle School, Kolsimri (North Wing) |
| 112 | Govt. Middle School, Kolsimri (South Wing) |
| 113 | Govt. Middle School, Umri (East Wing) |
| 114 | Govt. Middle School, Umri (West Wing) |
| 115 | Govt. Primary School, Sinjo |
| 116 | Upgraded Primary School, Bardih (Old Building) |
| 117 | Govt. Primary School, Sukurhuttu |
| 118 | Govt. Upgraded Middle School, Jonjro (North Wing) |
| 119 | Govt. Upgraded Middle School, Jonjro (South Wing) |
| 120 | Upgraded High School, Jingi (North Wing) |
| 121 | Upgraded High School, Jingi (South Wing) |
| 122 | Upgraded Middle School, Tan |
| 123 | Govt. Upgraded Middle School, Urumuru (North Wing) |
| 124 | Govt.Upgraded Middle School, Urumuru (South Wing) |
| 125 | Anganbari Kendra, Baridih |
| 126 | Govt. Primary School, Hurhad |
| 127 | Govt. Upgraded Middle School, Makandu |
| 128 | Govt. Primary School, Barmara |
| 129 | Govt. Primary School, Kundo |
| 130 | Govt. Upgraded Middle School, Tati (North Wing) |
| 131 | Govt, Upgraded Middle School, Tati (South Wing) |
| 132 | Govt. Upgraded Middle School, Doba |
| 133 | Anganbari Kendra, Taku |
| 134 | Upgraded Primary School, Jido |
| 135 | Govt. Basic School, Kuru (North Wing) |
| 136 | Govt. Basic School, Kuru |
| 137 | Govt. Basic School, Kuru (South Wing) |
| 138 | Multypurpose Building Kuru |
| 139 | Govt. Girls Middle School, Taku, Kuru (West Wing) |
| 140 | Govt. Girls Middle School, Taku, Kuru (East Wing) |
| 141 | Panchayat Sachivalaya, Kuru (West Wing) |
| 142 | Panchayat Sachivalaya, Kuru (East Wing) |
| 143 | Govt. Gandhi Memorial Plus 2 High School, Maradih |
| 144 | Govt. Basic School, Jilling |
| 145 | Govt. Girls Middle School, Pandra (North Wing) |
| 146 | Govt. Girls Middle School, Pandra (South Wing) |
| 147 | Govt. Primary School, Chetar |
| 148 | Govt. Primary School, Rajrom |
| 149 | Govt.Upgraded High School, Henjla (North Wing) |
| 150 | Govt. Upgraded High School, Henjla (South Wing) |
| 151 | Primary School, Chandlaso (South Wing) |
| 152 | Primary School, Chandlaso (North Wing) |
| 153 | Govt. Upgraded Middle School, Kokar |
| 154 | Govt. Upgraded Middle School, Fulsuri (East Wing) |
| 155 | Govt. Upgraded Middle School, Fulsuri (West Wing) |
| 156 | Govt. Middle School, Kakargarh (East Wing) |
| 157 | Govt. Middle School, Kakargarh (West Wing) |
| 158 | Govt. Primary School, Mahugaon |
| 159 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Lapur (South Wing) |
| 160 | Govt. Upgraded Urdu Middle School, Lapur (North Wing) |
| 161 | Govt. Upgraded High School, Basri Nagra (East Wing) |
| 162 | Govt. Upgraded High School, Basri Nagra (West Wing) |
| 163 | Govt. Middle School, Guri (East Wing) |
| 164 | Govt Middle School, Guri (West Wing) |
| 165 | Govt. Upgraded Middle School, Chipo |
| 166 | Parha Bhawan, Baghi |
| 167 | Govt. Middle School, Kairo (North Wing) |
| 168 | Govt. Middle School, Kairo (South Wing) |
| 169 | Panchayat Sachivalaya, Kairo |
| 170 | Upgraded Primary School, Birajpur Kairo |
| 171 | Govt. Primary School, Utka |
| 172 | Dr. Anugrah Narayan +2 High School, Kairo |
| 173 | Govt Primary School, Eradon |
| 174 | Govt.Upgraded Middle School, Sadhabe (East Wing) |
| 175 | Govt.Upgraded Middle School, Sadhabe (West Wing) |
| 176 | Govt. Primary School, Tati Kharta |
| 177 | Govt. Upgraded Middle School, Kharta |
| 178 | Govt.Basic School, Hanhat (East Wing) |
| 179 | Project High School, Hanhat |
| 180 | Govt.Basic School, Hanhat (West Wing) |
| 181 | Govt. Primary School, Torang |
| 182 | Govt. Upgraded Middle School, Gitilgarh (East Wing) |
| 183 | Govt. Upgraded Middle School, Gitilgarh (West Wing) |
| 184 | Govt. Upgraded Middle School, Huddu |
| 185 | Govt. Primary School, Khanda |
| 186 | Govt. Middle School, Chalho |
| 187 | Govt. Primary School, Mahuwari |
| 188 | Govt. Upgraded Middle School, Gajni (North Wing) |
| 189 | Govt. Upgraded Middle School, Gajni (South Wing) |
| 190 | Govt. Upgraded Urdu High School, Garadih |
| 191 | Govt. Primary School, Ulti |
| 192 | Govt. Middle School, Narauli (North Wing) |
| 193 | Govt. Middle School, Narauli (South Wing) |
| 194 | Govt. Primary School, Khawas Ambowa |
| 195 | Govt. Primary School, Pachangai |
| 196 | Govt. Upgraded High School, Nagjuwa |
| 197 | New Primary School, Charima Jhakhratoli (Old Building) |
| 198 | Govt. Upgraded Middle School, Hesal (Room No.1) |
| 199 | Govt. Upgraded Middle School, Hesal (Room No.2) |
| 200 | Govt. Middle School, Kurse (Room No.1) |
| 201 | Govt. Middle School, Kurse (Room No.2) |
| 202 | Govt. Primary School, Kujji |
| 203 | Govt.Upgraded High School, Kujra (Room No.1) |
| 204 | Govt.Upgraded High School, Kujra (Room No.2) |
| 205 | Primary School, Hendlaso |
| 206 | Govt. Urdu Middle School Hirhi |
| 207 | Govt. Basic School, Hirhi (East Wing) |
| 208 | Govt.Basic School, Hirhi (West Wing) |
| 209 | Govt. Primary School, Burhu Baratpur |
| 210 | Anganbari Kendra, Baksi |
| 211 | Govt. Upgraded Middle School, Banjar Kisko |
| 212 | Govt. Upgraded Middle School, Kaimo (Room No.1) |
| 213 | Govt. Upgraded Middle School, Kaimo (Room No.2) |
| 214 | Govt. Upgraded Middle School, Manho |
| 215 | Samudayik Bhawan, Manho |
| 216 | Govt. Upgraded Middle School, Jori (Room No.1) |
| 217 | Govt. Upgraded Middle School, Jori (Room No.2) |
| 218 | Samudayik Bhawan, Saheda |
| 219 | Govt. Primary School, Oina |
| 220 | Govt. Primary School, Kutmu (East Wing) |
| 221 | Govt. Primary School, Kutmu (West Wing) |
| 222 | Panchayat Sachivalaya, Nigni |
| 223 | Anganbari Kendra, Bamandiha |
| 224 | Govt. Primary School, Kumbatoli Nigni |
| 225 | Anganbari Kendra, Uppertoli Ningni |
| 226 | Govt. Middle School, Juriya (Room No.1) |
| 227 | Govt. Middle School, Juriya (Room No.2) |
| 228 | Panchayat Sachivalaya, Juriya |
| 229 | Govt. Primary School, Juriya Karamtoli |
| 230 | Govt.+2 Nadia Hindu High School, Lohardaga (East Wing) |
| 231 | Govt.+2 Nadia Hindu High School, Lohardaga (West Wing) |
| 232 | Govt. Primary School, Harmu |
| 233 | Anganbari Kendra cum Nursery School, Harmu Nichetoli |
| 234 | Upgraded Middle School, Bhakso (Room No.1) |
| 235 | Upgraded Middle School, Bhakso (Room No.2) |
| 236 | Govt. Upgraded High School, Arkosa (North Wing) |
| 237 | Govt. Upgraded High School, Arkosa (South Wing) |
| 238 | Primary School, Khakhparta |
| 239 | Panchayat Sachivalaya, Rampur |
| 240 | Govt. Upgraded High School, Rampur (East Wing) |
| 241 | Govt. Upgraded High School, Rampur (West Wing) |
| 242 | Govt. Middle School, Bagha |
| 243 | Govt. Primary School, Aine (Room No.1) |
| 244 | Govt. Primary School, Aine (Room No.2) |
| 245 | Govt. Primary School, Nadi Nagra |
| 246 | Tahsil Kachahri, Basri |
| 247 | Govt. Primary School, Bakarni |
| 248 | Govt. Middle School, Bhatkhijri |
| 249 | Govt. Primary School, Mundo |
| 250 | Project Girls High School, Irgaon |
| 251 | Govt. Middle School, Tigra (East Wing) |
| 252 | Govt. Middle School, Tigra (West Wing) |
| 253 | Govt. Primary School, Inta |
| 254 | Govt. Basic School, Bhujania (Room No.1) |
| 255 | Govt. Basic School, Bhujania (Room No.2) |
| 256 | Primary School, Bejwali |
| 257 | Old Nagarpalika Karyalaya, Lohardaga (East Wing) |
| 258 | Old Nagarpalika Karyalaya, Lohardaga (West Wing) |
| 259 | Samudayik Bhawan, Kutmu, Bagru Chouk Qurishi Muhalla Lohardaga |
| 260 | Minority Hostel, Islamnagar (East Wing) |
| 261 | Minority Hostel, Islamnagar (West Wing) |
| 262 | Primary School, Somar Bazar Amla Toli, Lohardaga (Old Building) |
| 263 | Govt. Middle School, Court Road Lohardaga (South Wing) |
| 264 | Govt. Middle School, Court Road Lohardaga (North Wing) |
| 265 | Vigyan Bhawan, District Vigyan Center Lohardaga (West Wing) |
| 266 | Vigyan Bhawan, District Vigyan Center Lohardaga (East Wing) |
| 267 | Govt. Middle School, Powerganj Lohardaga (East Wing) |
| 268 | Govt. Middle School, Powerganj Lohardaga (West Wing) |
| 269 | Islamia Urdu Middle School, Lohardaga. |
| 270 | Govt.Maharshi Dayanand Upgreded Middle School, Shanti Ashram (East Wing) |
| 271 | Govt. Maharshi Dayanand Upgraded Middle School, Shanti Ashram (West Wing) |
| 272 | Aisha Kacchi Girls High School, Lohardaga (South Wing) |
| 273 | Aisha Kacchi Girls High School, Lohardaga (East Wing) |
| 274 | Aisha Kacchi Girls High School, Lohardaga (North Wing) |
| 275 | Master Sobran Manjhi District Library, Lohardaga |
| 276 | Govt. Hindi Middle School, Lohardaga (East Wing) |
| 277 | Govt. Hindi Middle School, Lohardaga (West Wing) |
| 278 | Govt. Girls Middle School Lohardaga (North Wing) |
| 279 | Govt. Girls High School, Thana Road Lohardaga (East Wing) |
| 280 | Govt. Girls High School, Thana Road Lohardaga (West Wing) |
| 281 | Govt. Girls Middle School, Lohardaga (West Wing) |
| 282 | Govt.+2 Chunnilal High School, Lohardaga (East Wing) |
| 283 | Govt.+2 Chunnilal High School, Lohardaga (West Wing) |
| 284 | Govt. Middle School, Nawaripara Lohardaga (South Wing) |
| 285 | Govt. Middle School, Nawaripara Lohardaga (North Wing) |
| 286 | Krishi Utpadan Bazar Samittee Office, Lohardaga |
| 287 | Govt. Primary School, Baksitoli, Senha |
| 288 | Ursuline Girls Middle School, Lohardaga |
| 289 | Kannilal, Primary School Agrawal Muhalla Lohardaga (Old Building) |
| 290 | Govt. Middle School, Barwatoli Lohardaga |
| 291 | Lutheran High School, Lohardaga (North Wing) (Room No.3) |
| 292 | Lutheran High School, Lohardaga (South Wing)(Room No.4) |
| 293 | Lutheran High School, Lohardaga (North Wing) (Room No.1) |
| 294 | Lutheran High School, Lohardaga (East Wing) (Room No.2) |
| 295 | Upgraded Middle School, Bara Ambera (North Wing) |
| 296 | Upgraded Middle School, Bara Ambera (South Wing) |
| 297 | Primary School, Jamuntoli, Udrangi |
| 298 | Govt. Upgraded Middle School, Udrangi |
| 299 | Govt. Primary School,Chota Ambera |
| 300 | Govt. Middle School, Bhandra (North Wing) |
| 301 | Govt Middle School, Bhandra (South Wing) |
| 302 | Primary School, Kaspur |
| 303 | Primary School, Pajhri |
| 304 | Upgraded Middle School, Kumhariya (East Wing) |
| 305 | Upgraded Middle School, Kumhariya (West Wing) |
| 306 | Govt.Upgraded High School, Akashi (North Wing) |
| 307 | Govt. Upgraded High School, Akashi (South Wing) |
| 308 | Govt Upgraded Urdu Middle School, Banda |
| 309 | Upgraded Middle School, Bhitha (East Wing) |
| 310 | Upgraded Middle School, Bhitha (West Wing) |
| 311 | Primary School, Kachmachi |
| 312 | Primary School, Tetarpoka |
| 313 | Govt. Upgraded Middle School, Makunda |
| 314 | Govt.Upgraded Middle School, Kundo |
| 315 | Govt. Middle School, Kanjo |
| 316 | Upgraded Middle School, Baragain (North Wing) |
| 317 | Upgraded Middle School, Baragain( Sourth Wing) |
| 318 | Plus 2 Upgraded High School, Brahmandiha Chatti (East Wing) |
| 319 | Plus 2 Upgraded High School, Brahmandiha Chatti (West Wing) |
| 320 | Govt. Middle School,Chatti (North Wing) |
| 321 | Primary School, Pandariya |
| 322 | Govt. Middle School, Jamgain (East Wing) |
| 323 | Govt. Middle School, Jamgain (West Wing) |
| 324 | Govt.Middle School, Chatti (South Wing) |

**69- Bishunpur (Part)**

| Part No. | Part Name |
|---|---|
| 1 | Govt Primary School, Sindoor |
| 2 | Govt. Schedule Tribe Residential Middle School, Tuimupat |
| 3 | Govt. Upgraded Middle School, Henhe |
| 4 | Govt. Upgraded Middle School, Chaprong |
| 5 | Govt. Primary School, Ganeshpur |
| 6 | Govt. Upgraded Middle School, Manhepat |
| 7 | Govt. Upgraded Middle School, Hesag Kumbatoli |
| 8 | Govt. Middle School, Upar Turiyadih |
| 9 | Govt. Primary School, Pundag |
| 10 | Govt. Upg. Middle School, Pahardaru |
| 11 | Plus 2 Project High School, Mungo |
| 12 | Govt. Primary School, Garhkasmar |
| 13 | Govt Primary School, Uru |
| 14 | Upgraded Primary School . Aara |
| 15 | Govt. Primary School, Sake |
| 16 | Upgraded Primary School, Churku Khakhsitoli |
| 17 | Govt Upgraded Middle School, Chandwa |
| 18 | Govt Upgraded Middle School, Heswe |
| 19 | Govt. Upg. Middle School, Alaudi Gosaitoli |
| 20 | Govt. Upgraded Girls Middle School, Manhe |
| 21 | Govt. Primary School, Dadu (Urru) |
| 22 | Govt. Upg. High School, Murki Todar |
| 23 | Govt. Middle School, Murki |
| 24 | Govt. Primary School, Bansari |
| 25 | Upgraded Primary School, Gobersela (Old Building ) |
| 26 | Govt Primary School, Kandra |
| 27 | Govt. Upgraded High School, ShahButi ( North Part) |
| 28 | Govt. Upgraded High School, ShahButi ( South Part) |
| 29 | GOVT PRIMARY SCHOOL, ALOUDI JAMIRA |
| 30 | GOVT PRIMARY SCHOOL, JHAKHRA |
| 31 | UPGRADED PRIMARY SCHOOL, CHAMRU (Old Building) |
| 32 | Govt. Primary School, Doka |
| 33 | GOVT MIDDLE SCHOOL, PARHI |
| 34 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, KUNDGARI |
| 35 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, BHARGAON ( NORTH PART) |
| 36 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, BHARGAON (SOUTH PART) |
| 37 | GOVT +2 NANDLAL HIGH SCHOOL, ARRU ( WEST PART) |
| 38 | GOVT +2 NANDLAL HIGH SCHOOL, ARRU (EAST PART) |
| 39 | GOVT. MIDDLE SCHOOL, ARRU |
| 40 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, KALAHEPAT (NORTH PART) |
| 41 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, KALAHEPAT (South PART |
| 42 | GOVT PRIMARY SCHOOL, JOGNA |
| 43 | GOVT. UPGRADED URDU MIDDLE SCHOOL , SENHA |
| 44 | Govt. Upg. Basic High School, Senha (South Part) |
| 45 | Govt. Upg. Basic High School, Senha (East Part) |
| 46 | Govt. Upg. Basic High School, Senha (West Part) |
| 47 | GOVT. Upg. GIRLS MIDDLE SCHOOL, SENHA (EAST WING) |
| 48 | GOVT. Upg. GIRLS MIDDLE SCHOOL, SENHA (WEST WING) |
| 49 | GOVT. UPGREDED HIGH SCHOOL, BADLA (EAST WING) |
| 50 | GOVT. UPGREDED HIGH SCHOOL, BADLA (WEST WING) |
| 51 | UPGREDED PRIMARY SCHOOL, BODHATOLI, BADLA |
| 52 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, MAHADEO TOLI Badla |
| 53 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, ARAHANSA |
| 54 | GOVT. MIDDLE SCHOOL, CHANDKOPA |
| 55 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, AKAGURI (EAST PART) |
| 56 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, AKAGURI (WEST PART) |
| 57 | Govt. Upg. High School, Chitri |
| 58 | Govt. Upg.High School, Daru Chitri (East Part) |
| 59 | Govt. Upg. High School, Daru Chitri (West Part) |
| 60 | Govt. Upgraded High School, Dadu Chitri |
| 61 | GOVT PRIMARY SCHOOL, SERENGHATU TODAR (EAST PART) |
| 62 | GOVT PRIMARY SCHOOL, SERENGHATU TODAR (WEST PART) |
| 63 | G.E.L. MISSION PRIMARY SCHOOL, SERENGHATU |
| 64 | GOVT. UPG. HIGH SCHOOL, SITHIO (EAST PART) |
| 65 | GOVT. UPG. HIGH SCHOOL, SITHIO (WEST PART) |
| 66 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, BARHI CHATAKPUR ( NORTH PART) |
| 67 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, BARHI CHATAKPUR ( SOUTH PART) |
| 68 | UPG.PRIMARY SCHOOL CHATKPUR |
| 69 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, DATRI |
| 70 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, JHALJAMIRA (NORTH PART) |
| 71 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, JHALJAMIRA (SOUTH PART) |
| 72 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, GHATA |
| 73 | GOVT. MIDDLE SCHOOL, GAGEYA |
| 74 | Govt. Upg. Middle School, Patlo |
| 75 | Govt. Upg. Middle School, Ugra (East Part) |
| 76 | Govt. Upg. Middle School, Ugra (West Part) |
| 77 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, UGRA MERHO |
| 78 | GOVT. MIDDLE SCHOOL, ICHRI |
| 79 | GOVT. UPG. MIDDLE SCHOOL, MURPA |
| 80 | GOVT. PRIMARY SCHOOL, KORAMBE |
| 81 | GOVT. Primary School, Bhaismundo (EAST Part) |
| 82 | GOVT. Primary School, Bhaismundo (WEST Part) |
| 83 | GOVT. UPG. HIGH SCHOOL, , Masmano (East Part) |
| 84 | GOVT. UPG. HIGH SCHOOL, Masmano (West Part) |
| 85 | GOVT. Upgraded Middle School, Toto Jamundipa |
| 86 | GOVT. Primary School, Burka |
| 87 | GOVT. Upg. Middle School, Bedal (East Part) |
| 88 | GOVT. Upg. Middle School, Bedal (West Part) |
| 89 | GOVT. Middle School, Bhouro (East Part) |
| 90 | GOVT . Middle School, Bhouro (West Part) |
| 91 | Panchayat Hall Bhouro |
| 92 | Community Hall, Bhouro |
| 93 | GOVT. Primary School, Balsota |
| 94 | GOVT. UPG. MIDDLE School, Soranda (EAST PART) |
| 95 | GOVT. UPG MIDDLE School, Soranda (WEST PART) |
| 96 | GOVT. Primary School, Dhanamunji |
| 97 | GOVT. Primary School, Tilsiri |
| 98 | GOVT.UPG. Middle School, Palmi |
| 99 | GOVT. Upg High School, Semra |
| 100 | GOVT. Primary School, Gadarpo |
| 101 | GOVT. Upg Middle School, Porha |
| 102 | GOVT UPG PLUS 2 HIGH School, Bitpi |
| 103 | Govt. Primary School Kota New Building |
| 104 | GOVT. UPG. MIDDLE School, Dumri |

PR 339660 Lohardaga (24-25)_D

जनता हेमंत सरकार के कुशासन से चाहती हैं मुक्ति, बनेगी एनडीए सरकार : मनीर उरांव

# भाजपा जिला कार्यालय में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष व सचिवों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा विधान सभा अंतर्गत 324 बूथों के बूथ अध्यक्ष एवं सचिव की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को बक्शीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की। इस मौके पर लोहरदगा विधानसभा के प्रवासी सह पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की विशेष रूप से मौजूद थे। वही प्रशिक्षक चन्दन यादव एवं आदर्श सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड विधानसभा का अधिसूचना जारी होते ही चुनावी प्रकिया शुरू हो गई हैं। प्रत्याशियों की नामंकन और स्कूटनी का कार्य भी पूर्ण हो चुकी हैं। प्रथम चरण में 13 नवम्बर को मतदान होना है। और इस चुनाव में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने हेतु हर एक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथों पर पूरी ईमानदारी के साथ लगने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार के कुशासन से मुक्ति दिलाने के लिए काफी महत्वपूर्ण यह चुनाव होगा। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस एवं राज्य गठबंधन की सरकार झारखंड वासियों को छलने का कार्य किया है। युवा,महिला तथा आदिवासी सही समाज के हर वर्ग के लोगों को ठगा है। ना तो जनआकांक्षाओं को पूरा किया और ना ही चुनाव से पूर्व अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को ही पूरा किया है। झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है और निश्चित तौर पर राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर लोहरदगा विधानसभा के प्रवासी से पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद दशरथ तिर्की ने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाया साथ ही कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर बूथ जीतेंगे तो निश्चित तौर पर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी और आम जनता को हेमंत सोरेन सरकार की कुशासन से भी मुक्ति मिलेगा। बैठक सह कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस ने की। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार ने की, कार्यक्रम में मंत्री मिथुन तमेड़ा, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश महतो, विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, राजकुमार मुंडा, राजेंद्र महतो, सचिन सिंघानिया, कृष्णासुधीर उरांव, संतोष तिग्गा, नागेन्द्र महतो, शत्रुघ्न साहू, सूरज कुमार, प्रदीप सिंह, विनय उरांव, रामचरण साहू, मुला उरांव,जगलाल रविदास, अशोक उरांव, सुखना उरांव, बिनू राम, सुखरू उरांव, प्रमोद कुमार राणा, मोदी, श्रवण मुंडा, नीधिकांत प्रसाद, मोहन साहू, मनोज उरांव, प्रताप राम, बबलू सिंह, जतरू भगत, प्रसाद, सुनील लोहरा, प्रवीण कुमार सिंह, लगनू नागसिया, विनय उरांव, विश्वनाथ सिंह, सुनील महली सहित लोहरदगा विधानसभा के विभिन्न बूथों के अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।

# धनतेरस पर जिले भर में जमकर हुई सामानों की खरीदारी, उत्साहित दिखे लोग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार को धनतेरस के अवसर पर शहरों तथा ग्रामीण के बाजार काफी गर्म रही,धनतेरस के अवसर पर तरह तरह के वस्तुओ की खूब खरीदारी की गई, जैसे गाड़ी, आभूषण, इलेक्टोनिक उपकार में तकरीबन जिले में दो करोड़ खरीदारी किया गया, लक्ष्मी गणेश के सिक्के, पुराने सिक्के, सोने के सिक्के तथा हीरे के भी आभूषण बिक्री खूब रही !वहीं टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर में चार से 5 करोड़ की खरीदारी हुई,बर्तन में भी लोगों ने 1करोड़ की खरीदारी की गई है, वही झाड़ू सबसे ज्यादा भी 10 रु लाख रुपए तक की खरीदारी हुई है तथा इलेक्ट्रॉनिक आइटम में भी एक करोड़ की खरीदारी का अनुमान लगाया जा रहा है, और साल की अपेक्षा इस बार धनतेरस पर खरीदारी का आंकड़ा में वृद्धि हुई है,जिसे जिले भर के व्यापारियों को भी काफी मुनाफा के साथ साथ उचित मूल्य पर सामने बेचने में वृद्धि पाई गई हैं।एक और जहां सोने चांदी की कीमत में भारी तेजी देखी गई वहीं अन्य सामानों में वृद्धि के बावजूद भी लोगों ने खरीदारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा तथा जमकर खरीदारी लोगों ने की एक अनुमान के मुताबिक जहां सोने, चांदी, हीरे में 3 करोड,टू व्हीलर में 3 करोड़, थ्री व्हीलर, पिकअप वैन में 5 करोड़, फ्रिज, अलमीरा, वाशिंग मशीन, गीजर, हीटर, टीवी, मोबाइल, लैपटॉप, चूल्हा आदि में 2 करोड़, वही कांशा-पीतल- स्टील के बर्तन में 1 करोड़ तथा झाड़ू बिजली की सजावट, साइकिल आदि में एक करोड़ की खरीदारी लोगों ने की है।वही खरीदारी को लेकर यह अनुमान लगाया जा रहा है की 11 से 13 करोड़ के बीच जिले भर में धनतेरस के अवसर पर लोगों ने खरीदारी की जो लोहरदगा के समृद्धि के लिए शुभ संकेत है।

जितेंद्र महतो के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# झारखंड की यूपीए सरकार से गरीब जनता ऊब चुकी है, लोग बेरोजगारी, पलायन, भूख, भय, और भ्रष्टाचार से हैं त्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज धनतेरस पूजन के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री जितेंद्र महतो की अध्यक्षता में बिशनपुर विधानसभा के जुझारु एनडीए प्रत्याशी श्री समीर उरांव जी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जितेंद्र महतो, मुरारी महतो राजेश मिश्रा, रामकुमार साहू, अवधेश मिश्रा, केदार महतो, जयंत सिंह, परमेश्वर भगत, जुब्रेशन साहू, शिव शंकर साहू, शिव शंकर साहू, नरसिंह साहू, करमचंद महतो, आमोद महतो, अनुज महतो, विनोद महतो, अनिल महतो, मारवाड़ी साहू, मधुसूदन साहू, कृष्णा साहू, सुमन उरांव, शोभा उरांव, रामेश् उरांव, राहुल लोहार एवं सत्यनारायण साहू उपस्थित थे। इस मौके पर जितेंद्र महतो ने बताया विशुनपुर विधानसभा के प्रत्याशी समीर उरांव के प्रचंड बहुमत के साथ-साथ आज परिवर्तन की लहर पूरे झारखंड में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। झारखंड की यूपीए सरकार से गरीब जनता ऊब चुकी है यहां के ग्रामीण जनता बेरोजगारी, पलायन, भूख, भय, और भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं।

# उच्च विचार और संघर्ष के कारण आदिवासियों के प्रणेता माने जाते हैं स्व कार्तिक उरांव : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक सह सिमडेगा विधानसभा के कांग्रेस समर्थित इंडिया गठबंधन प्रत्यासी भूषण बाड़ा ने स्व. कार्तिक उरांव के जयंती पर पालकोट पहुंच कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भूषण बाड़ा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और उद्योग शिल्प के शिल्पकार स्व. कार्तिक उरांव अद्वितीय प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। विषम परिस्थिति में उच्च शिक्षा पाकर आज की युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जनजातीय समाज को उसके अधिकार दिलाने के लिए जागरुक करने वाले कार्तिक उरांव अपने उच्च विचार और संघर्ष के कारण आदिवासियों के प्रणेता माने जाते हैं। अपनी मिट्टी से प्यार करने वाले कार्तिक उरांव ने एचइसी के उप मुख्य अभियंता का पद छोड़कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु से प्रेरित होकर कांग्रेस में शामिल हुए थे और अपने कार्यो से आम जनता को प्रभावित कर झारखंडी दलों के कब्जा से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र को मुक्त कराकर उन्होंने कांग्रेस का गढ़ बनाया था। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गरीबी के जहरीले दर्द को झेलकर भी कार्तिक बाबू ने अभियंत्रण के क्षेत्र में उच्च डिग्रियों को हासिल करते हुए जन सेवा का जो संकल्प लिया था। वह आज के राजनीतिक दलों के आदर्श बने हुए हैं। यहीं कारण है कि जहां संपूर्ण जनजातीय समाज उन्हें अपना प्रेरणा मानता है वहीं सभी राजनीतिक दल आज कार्तिक बाबू को आदर्श मानकर उनका गुणगान कर रहे हैं। भूषण बाड़ा ने कहा कि कार्तिक बाबू सबके प्रिय हैं। विचारों का बंधन उनपर लागू नहीं होता। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कई सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव जयंती पर डॉ. रामेश्वर उरांव ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को लोहरदगा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती पर मनहो चौक स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई गई। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने बताया कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव विषम परिस्थितियों में जंगल से निकल कर लंदन तक का सफर अपनी बुद्धि व कौशल के बल पर तय किया उन्होंने बताया कि बाबा कार्तिक उरांव सामाजिक उत्थान में अपना बहुमूल्य योगदान दिए हैं।जवाहरलाल नेहरू के अहवान पर वापस अपनी मातृभूमि की सेवा करने झारखंड लौट आए और यहां आकर हर एक आदिवासियों की सशक्त आवाज बने। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से आदिवासियों पर होने वाले अन्य पर अंकुश लगा यहां तक की आदिवासियों की भूमि वापसी,आरक्षण,बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना ट्राइबल ऑफ प्लान एवं आदिवासियों के धार्मिक पहचान को स्थापित किया। वहीं बाबा कार्तिक उरांव के जयंती पर मनहो चौक में जतरा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रभात भगत, असलम अंसारी, सतदेव भगत, कुलदीप खाखा, मुखिया हिरही, रमेश उरांव एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें सभी को शपथ दिलाई गई और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने हेतु रन फॉर यूनिटी कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा किया गया एवम राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए सरदार पटेल द्वारा किए गए राष्ट्रीय एकता के प्रयासों को स्मरण करते हुए उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत रेणुका, कुंदन, पवन, पंकज शिवशंकर, मनु, चिनिबस, शशि, आफताब, जंगबहादुर, प्यारी आदि उपस्थित थे।

# पाकुड़ से कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन में उमड़ा जनसैलाब जीत की गारंटी : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत आज पाकुड़ जिला में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री पूर्व कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम को कांग्रेस ने पाकुड़ विधानसभा का प्रत्याशी बनाया है उसके नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। नामांकन कार्यक्रम में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब यह बता रहा है कि पाकुड़ से कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी ।पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने अपने क्षेत्र में काफी विकास कार्य किए हैं। झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार ने सभी क्षेत्रों में बेहतर काम किया है। मैंया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री, दो लाख की कृषि ऋण माफ करने, अबुवा आवास, 20 लाख हरा राशन कार्ड, 20 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, ओल्ड पेंशन योजना जैसे अनेक योजना को लाकर यहां की जनता की बेहतरी के लिए काम किया है। श्री भगत ने कहा कि झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर राजमहल के सांसद विजय हंसदा, कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

महिलायें, हेमन्त सरकार में असुरक्षित है : आरती सिंह

# झारखंड के उज्जवल भविष्य के लिये भाजपा को वोट करें : आरती सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह और प्रदेश महामंत्री रेणु तिर्की बैठक में उपस्थित हुई। जिला महिला मोर्चा संग विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। आरती सिंह ने विधानसभा चुनाव के निमित्त मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि महिला में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। आने वाले समय मे झारखंड की परिस्थितियों में बदलाव आए। हेमन्त सोरेन की सरकार में महिलाएं असुरक्षित है। इनके मंत्री इरफान अंसारी एक सम्मानित महिला को अमर्यादित शब्द कह सकते है तो सोंचिये राज्य की महिलाओं के प्रति उनकी क्या सोंच रही होगी। उनके नजरों में आम महिलाओं की कोई इज्ज़त नही है। हेमन्त सरकार को गद्दी से उतारने का काम महिला मोर्चा की महिलाएं करेंगी। ऐसे लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का कोई अधिकार नही है। उन्होंने इरफान अंसारी को चुनाव से वंचित रखने की बात कही। मातृशक्ति को अमर्यादित शब्द कहने को लेकर राज्यपाल ने भी इस विषय को गंभीरता से लिया है, साथ हीं एस. टी. आयोग ने भी मामले को गंभीरता के साथ लिया है। आगे कहा झारखंड को बचाना है, हमारी बहनो को बचाना है, हमारी बहन-बेटी की आबरू को बचाना है, तो विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है और फिर से झारखंड की उन्नति और विकास में अपना योगदान देना है। उन्होंने जिला महिला मोर्चा को क्षेत्र में जनसंपर्क और छोटे-छोटे चौपाल करने की बात कही। जनता से अपील करें कि भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करें। ताकि हम झारखंड की जनता को एक उज्जवल भविष्य दे सकें।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में क्राफ्ट, रंगोली एवं विज्ञान-प्रदर्शनी का किया गया भव्य आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपावली उत्सव के अवसर पर ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में क्राफ्ट,रंगोली एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष और बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के पूर्व अध्यक्ष राजमोहन प्रियदर्शी के अलावे भारी संख्या में अभिभावक एवं नगर के गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। रंगोली प्रतियोगिता में महालक्ष्मी,सीता-राम, मंडला, आत्मनिर्भर भारत, महापर्व छठ,फूलों की रंगोली,पर्यावरण अनुकूलन, और महिला-उत्पीड़न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर फोकस किया गया और एक से बढ़कर एक रंगोली कला का प्रदर्शन किया गया। सात सदस्यीय निर्णायक मंडली के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया किंतु सभी रंगोली अपने आप में भव्य एवं खूबसूरती दर्शा रहे थे फलस्वरुप निर्णायक मंडली के द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान न कर सभी को सर्वोत्तम घोषित किया गया। इसी प्रकार आर्ट शिक्षक के निर्देशन में एक से बढ़कर एक आकर्षक क्राफ्ट बच्चों के द्वारा बनाए गए। जबकि, विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा बायो रिमिडेशन, इको इन्नोवेटिव सिटी,करेंट क्राफ्टर,वॉटर पॉल्यूशन विजुअल मॉडल, 3ष्ठ मॉडल ऑफ़ ह्यूमन आई ,इलेक्ट्रिकल पोल मॉनिटरिंग सिस्टम, वेस्ट टू एनर्जी, स्पेस सटल,खालिदोस्कोप,आदि विषयों पर आकर्षक एवं शिक्षाप्रद मॉडल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने इस भव्य आयोजन संपादित कराने वाले सभी शिक्षकों, प्रतिभागी छात्रों और सहयोगी अभिभावकों को बधाई एवं प्रकाश पर्व दीपावली,आस्था का पर्व छठ और भैया दूज की शुभकामनाएं दी।

# सरना धर्म कोड के नाम पर अब कांग्रेस का झूठ का प्रोपगंडा नहीं चलेगा : कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती एवं मुख्य जिला संयोजक कंवलजीत सिंह ने आज लोहरदगा प्रखंड के तिगरा, बेजवाली, ईटा एवं भंडरा में आकाशी, भंडरा सहित अन्य क्षेत्रों में आजसू पार्टी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया एवं लोगों से अपील की इस बार केला छाप में वोट देकर श्रीमती नीरू शांति भगत को भारी मतों से विजयी बनावे। वहीं जनसंपर्क अभियान मे जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा की स्थानीय उम्मीदवार को ही जिताना है बाहरी लोगों को जीताने से यहां की जनता को कोई लाभ नहीं होता है और यहां की जनता को प्रत्याशी के दर्शन तक नहीं होते हैं। वहीं जिला मुख्य संयोजक कंवलजीत सिंह ने कहा की जनता इस बार दुष्प्रचार एवं झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रही है और जनता इस बार नीरू शांति भगत को भारी मतों से विजयी बनायेगी। और जहां तक सरना कोड की बात है तो उसको एनडीए की केंद्र की सरकार और राज्य में बनने वाली एनडीए की सरकार ही पूरा कर सकती है। क्योंकि 1961 तक सरना कोड लागू था किंतु कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने इसे समाप्त किया। आज वही लोग जनता के बीच जाकर सरना कोड को लेकर झूठा रोना रो रहे हैं। आज भंडरा प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव के नेतृत्व में विभिन्न बूथो में जनसंपर्क अभियान किया गया एवं बूथ कमेटियों का मूल्यांकन भी किया गया। आज के जनसंपर्क अभियान में लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर उरांव, आजसू पार्टी के लोहरदगा प्रखंड सचिव सनाउल अंसारी, महिला मोर्चा लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो, सचिव हेमंती देवी, तिगरा पंचायत उप मुखिया सुचित्रा उरांव, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, केंद्रीय सदस्य देवेंद्र साहू, भंडरा प्रखंड उपाध्यक्ष मंजूर अंसारी, भंडरा प्रखंड सचिव हरि उराव, रमेश उरांव, सहेंद्र भगत, बसंत उरांव सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल थे।

वीर अमर शहीद अनिल तोपनो का शहादत दिवस मनाया गया

# पुण्यतिथि पर याद किये गये अमर शहीद अनिल तोपनो, संदेश एक्का ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखण्ड क्षेत्र के ऐडेगा पंचायत ग्राम पोगलोया राम जड़ी मोड़ स्थित वीर शहीद अनिल तोपनो की प्रतिमा पर जी.ई.एल. चर्च पोगलोया के फादर प्रदीप केरकेट्टा, वीर शहीद अनिल तोपनो के बड़े भईया सुनिल तोपनो,झारखंड पार्टी के कोलेबिरा विधानसभा प्रत्याशी विभव संदेश एक्का, मुखिया ऐडेगा जिरेन डांग, पूर्व मुखिया,बेदेन बागे,समाज के प्रबुद्ध जन और स्थानीय ग्रामीणों ने उनके शहादत को संस्मरण, विनती प्रार्थना करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।विनती प्रार्थना और प्रभु की स्तुति फादर प्रदीप केरकेट्टा के नेतृत्व में की गई। मौके पर संदेश एक्का ने वीर शहीद महान स्वतंत्रता सेनानी अनिल तोपनो को नमन करते हुए उनके शहादत को संस्मरण किया उन्होंने कहा कि अमर शहीद अनिल तोपनो महान स्वतंत्रता सेनानी थे।देश की रक्षा के लिए 29 अक्टूबर 2000 कुपवाड़ा जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक के दौरान उनकी शहादत हो गई। मर्णोपरांत देश की रक्षा के लिए उन्हें सर्वोच्च बलिदान देने के लिए 50 इयर्स इंडिपेंडेंस मेडल दिया गया।देश की रक्षा के प्रति उनके समर्पण और बलिदान प्रत्येक व्यक्ति को देश की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेगा। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे शहीद भले ही चले गए हों, लेकिन उनकी आत्मा हमें प्रेरित करती रहती है। इस शहीद दिवस पर, बलिदान का मार्ग चुनने वाले निस्वार्थ नायकों को सलाम। शहीद कभी नहीं मरते, उनका बलिदान हमेशा जीवित रहता है।÷ ÷इस शहीद दिवस पर,आइए हम उन लोगों के सम्मान में अपना सिर झुकाएं जिन्होंने देश के लिए शहादत दी। नमन है वीर शहीदों का,जिन्होने माटी का कर्ज़ चुकाया है,शहीद होकर भी अमर रहे,धरती माँ ने इन्हे बुलाया है !! आज उनके शहादत दिवस में हम सब उन्हें याद कर रहे हैं उनकी कुर्बानी व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। देश की रक्षा के लिए कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दे दी है,उन सभी वीर महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन जिनके जोश जज्बे और जुनून से आज हम सब आजादी की सांस ले पा रहे हैं।

## अफसर कुरैशी के आवास में कुरैश समाज के साथ किया बैठक, डॉ. रामेश्वर उरांव की जीत को लेकर बनी रणनीति



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ रामेश्वर उरांव के मंत्री प्रतिनिधि के आवास पर मंगलवार को कुरैश समाज के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की जीत को लेकर रणनीति बनाई गई। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को जिताने में समाज की भूमिका अहम है। डॉ उरांव ने अपने पिछले कार्यकाल में बहुत अच्छा कार्य किया और सभी वर्गो को साथ लेकर चले। इस बार भी जनता उन पर विश्वास बनाए रखेगी। हम सबों को एकजुट होकर फिर से इंडिया गंठबंधन की सरकार बनानी है। मौके पर मजफूज कुरैशी, इबरार कुरैशी, एजाजुल कुरैशी, अबुल खैर कुरैशी, अयाज कुरैशी, मुजीबुल उर्फ पप्पू कुरैशी, शहबाज कुरैशी, मासूम कुरैशी, जायद कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, कलीम कुरैशी, फय्याज कुरैशी, इम्तियाज कुरैशी, टिंकू कुरैशी, हाजी मुख्तार कुरैशी, जकील कुरैशी, हाजी समशेर कुरैशी व कुरैश पंचायत के पदाधिकारी मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### भारत-चीन सेनाओं की डेप्सांग और डेमचोक से वापसी प्रक्रिया लगभग पूरी

**नई दिल्ली :** भारत-चीन सीमा के पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में दोनों ओर से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। फिलहाल भारत और चीन की सेनाएं एक-दूसरे द्वारा वहां पीछे हटने और बुनियादी ढांचे को हटाने का सत्यापन कर रही हैं। रक्षा सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत और चीन की सेना की पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दोनों देशों के बीच बनी सहमति के तहत सैन्य वापसी के लिए आज तक की समय सीमा तय की गई थी। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि भारत और चीन के बीच लद्दाख के नजदीक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 में पैदा हुई सैन्य तनातनी का समाधान हो गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक और सैन्य स्तर पर हुई चर्चाओं के बाद सैन्य गश्त को लेकर सहमति बनी है, जिसके बाद दोनों ओर से अग्रिम तैनाती खत्म की जानी थी। वर्ष 2020 में भारत और चीन की सेनायें आमने-सामने आ गई थीं। दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़प में दोनों ओर से सैनिकों की मौत भी हुई थी। इसके बाद से भारत-चीन के संबंधों में खटास आई थी। बाद में विदेश मंत्रालय और सैन्य स्तर पर इस तनातनी को खत्म करने को लेकर वार्ताएं शुरू हुईं। सैन्य तनातनी की समाप्ति के बाद ही ब्रिक्स वार्ता के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच वार्ता हुई थी। समझौते के तहत दोनों पक्ष अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति पर वापस आ जाएंगे। हालाँकि दिल्ली और बीजिंग दोनों के पास डेप्सांग और डेमचोक में निगरानी के विकल्प जारी रहेंगे और किसी भी गलत संचार से बचने के लिए गश्त पर निकलने से पहले एक दूसरे को सूचित करेंगे।

### केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ :** केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट विधिविधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भुकुंट भैरवनाथ का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पूर्व भैरवनाथ के कपाट मंगलवार या शनिवार को बंद किए जाने की परम्परा है, जिसका पालन सदियों से किया जा रहा है। केदार बाबा के कपाट बंद से पहले मंगलवार को अपराहन डेढ़ बजे भगवान केदारनाथ के द्वारपाल रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करने के बाद बंद कर दिए गए। केदारनाथ मंदिर से पुजारी शिवशंकर लिंग सहित बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारीगण, तीर्थ पुरोहित समाज तथा पंचपंडा समिति के पदाधिकारीगण, भैरवनाथ मंदिर पहुंचे तथा भुकुंट भैरवनाथ के जलाभिषेक के बाद पूजा-अर्चना कर भोग समर्पित किया और हवन यज्ञ भी किया गया। इस अवसर पर विश्व कल्याण तथा चारधाम यात्रा के निर्विघ्न समापन की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात अपराहन डेढ़ बजे भगवान भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि भैयादूज पर्व पर केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। बाबा केदारनाथ के कपाट बंद होने से पूर्व भैरवनाथ के कपाट बंद करने की परम्परा है। केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज 3 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक केदारनाथ धाम पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या साढ़े 15 लाख से ज्यादा हो चुकी है।

### झामुमो ने दिखाई एकजुटता, विधानसभा स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का प्रण

# डाल्टनगंज विस इंडिया गठबंधन जीतेगी : राजेंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा डाल्टनगंज विधानसभा स्तरीय बैठक सत्कार भवन में आयोजित किया गया। इस बैठक में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को फिर से मुख्यमंत्री बनाने और महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्री केएन त्रिपाठी को भारी बहुमत से जीत दिलाने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी भी उपस्थित थे साथ ही आज के इस बैठक में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सबों को संबोधित करते हुए झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाएं घर घर तक पहुंची हैं, सभी वर्ग धर्म और जाती के लोग आज हेमंत सोरेन जी से प्रभावित हैं। अबुआ आवास और मईया सम्मान जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवनशैली में बदलाव लाया है। झामुमो के कार्यकर्ता पूरी मजबूती से डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव में भी मेहनत कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी जी को जीत दिलाने में लगे हैं। मेरी कार्यकर्ताओं से अपील है कि जैसे उन्होंने झामुमो के हर कार्यक्रम को सफल बनाया है वैसे ही मजबूती से श्री त्रिपाठी को भी जीत दिलाएं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाए। कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भी झामुमो के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आश्वासन दिया कि मैं जानता हूं कि झामुमो की भी तैयारी मजबूती से चुनाव लड़ने की थी और अब हम सब




मिल कर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। झामुमो बड़े भाई की भूमिका में है, और यहां के कार्यकर्ताओं को मैं बड़े भाई की तरह ही साथ लेकर चालुंग

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिंहा, बालकिशुन ओरांव, कमाल खान,वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, अविनाश देव, दीपक तिवारी, संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, उमा सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सचिव संजू देवी, कांति चंद्रवंशी, मंजू देवी, सलोनी टोप्पो, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी, छात्र मोर्च अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव फैजल खान, सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फ़ज़ायल अहमद, सचिव नन्हे खान, कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, अल्पसंख्यक नेता हाजी ललन, मुस्तफा कमाल, इकबाल कुरैशी, ब?ग? प्रखण्ड अध्यक्ष अर्जुन मिंज, भंडारिया प्रखण्ड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, चैनपुर प्रखण्ड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सदर अध्यक्ष संजय तिवारी, सचिव गौतम कुमार, सतबरवा प्रखण्ड अध्यक्ष रामगढ़ अध्यक्ष उदय भुइया, सतबरवा प्रखण्ड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता सचिव सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महायुति की सीट शेयरिंग पर हुआ फैसला

*** बीजेपी-148, शिवसेना-85, एनसीपी-51 व अन्य-4 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव**



**एजेंसी**

**मुंबई :** महायुति ने गठबंधन के दलों के बीच सीटों का सफलतापूर्वक बंटवारा कर लिया है. तीनों दलों ने अपने-अपने उम्मीदारों की घोषणा कर दी है. सीट बंटवारे को महायुति की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है.

इस बंटवारे के मुताबिक भापजा 148 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. उसने सबसे पहले 99, फिर 22, फिर 25 और अंत में दो उम्मीदवारों की सूची जारी की. शिवसेना ने 85 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं. उसने सबसे पहले 45, फिर 20, फिर 13 और अंत सात उम्मीदवारों की सूची जारी की.

तीसरे दल एनसीपी 51 सीटों पर मैदान में है. उसने सबसे पहले 38, फिर सात, फिर चार और अंत में दो सीटों पर उम्मीदवार उतारे. इसके अलावा महायुति ने अन्य सहयोगियों को चार सीटें दी है. इस तरह महायुति ने सभी 288 सीटो का सफलतापूर्वक बंटवारा कर लिया है.

# भाजपा की सरकार बनी तो बंद हो जाएगी सभी योजनाएं : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से भाजपा, बसपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। मंगलवार को गढवा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर गढ़वा, रंका, मेराल आदि प्रखंडों के विभिन्न गावों से 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। सभी ने विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को जीत दिलाने का संकल्प लेते हुए झामुमो



की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढवा प्रखंड के चेतना गांव से हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में परवेज खान, शाहिद खान, कृष्णा राम, रमेश बिंद, बीपी पासवान, मुकेश बिंद, रमकंडा प्रखंड से चेटे पंचायत के ग्राम सिसवा से भाजपा छोड़कर कमेश परहिया, उमेश परहिया आदि उपस्थित थे।

# पीएममोदी के आगमन को ले डीसी एवं एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आगामी चार नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गढ़वा जिला आगमन पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से सदर प्रखंड के चेतना स्थित मैदान का भौतिक रूप से स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान सांसद वीडी राम एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश की भी उपस्थिति रही।




इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मैदान का जायजा लेने के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच का निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई एवं साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सकीय व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होकर कार्यक्रम की तैयारियों को निर्धारित समय के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री के गढ़वा जिला आगमन पर प्रोटोकाल के अनुरूप सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### फार्मा सेक्टर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है: नड्डा

**नई दिल्ली:** भारत के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और देशभर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित भव्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, फार्मास्यूटिकल्स विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में कई स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, प्रतापराव जाधव इस अवसर पर शोभा करंदलाजे और दक्षिणी दिल्ली सांसद (लोकसभा) रामवीर सिंह बिधूड़ी भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर देश भर में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के मद्देनजर मंगलवार को गुवाहाटी के लताशिल खेल मैदान में रन फॉर यूनिटी नामक एक सामूहिक दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कामरूप जिला प्रशासन, असम पुलिस और खेल निदेशालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन असम सरकार की खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गर्लोसा ने किया। मंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खेल मंत्री गर्लोसा ने कहा कि देश के लोग एक बार फिर एकता दौड़ कार्यक्रम के माध्यम से समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में छात्रों और युवा पीढ़ी की भागीदारी से निश्चित रूप से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है।कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा, पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्रन प्रताप सिंह, महापौर मृगेन शरणिया, पुलिस आयुक्त दिगंता बोरा, प्रभारी जिला आयुक्त पारिजात भुइयां, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल और युवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कामरूप (मेट्रो) जिला परिवहन विभाग के विशेष कर्तव्य अधिकारी, एनसीसी, एलएनआईपीई, अर्धसैनिक बल, सोनापुर-उलुबारी बॉक्सिंग क्लब, सरुसोजाई स्पोर्ट्स अकादमी और विभिन्न खेल संगठनों के अधिकारियों सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

# भाजपा की सरकार बनना तय : अविनाश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लातेहार विधानसभा के प्रमुख साथियों के साथ विधानसभा प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने वर्चुअल बैठक कर चुनाव के निमित्त चर्चा की.उक्त बैठक में लातेहार विधानसभा के जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंच मोर्चा के अध्यक्ष अपेक्षित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया एवं संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया। विदित हो कि आगामी विधानसभा चुनाव के तहत लातेहार विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मंडलों अध्यक्षों, जिला पदाधिकारीयों एवं मंच मोर्चा के अध्यक्षों से संबंधित चुनाव के निमित्त करनीय कार्यो की रूपरेखा तय करते हुए सभी लोगों से चुनावी कार्यों में लग जाने का आग्रह किया गया.बैठक में मुख्य रूप से शामिल विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने सभी पदाधिकारी को सफलतापूर्वक बूथ स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल करने पर बधाई देते हुए कहा कि हम सब आगामी दिनों में मंडल स्तर पर महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, व्यवसायी सम्मेलन एवं बुद्धिजीवी वर्गो के साथ स्थानीय स्तर पर विभिन्न संगठनों से संपर्क स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पूरे जोश उमंग जुड़े हुए हैं. यह इस बात का प्रतीक है कि आने वाले दिनों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी होंगे और बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।बैठक में शामिल जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने लातेहार के प्रत्याशी प्रकाश राम को जीताने का संकल्प लेते हुए कहा की जो जिम्मेवारी प्रदेश और स्थानीय स्तर पर हम सबों को मिली है उसमें हम सभी खरा उतारने का प्रयास करें।

### झामुमो की संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह, हार का डर या पुरानी आदत अजय साह

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झामुमो का चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। यह वही पार्टी है जो हर बात पर संविधान की दुहाई देती है लेकिन दूसरे ही दिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती नजर आती है। इससे यह साफ हो जाता है कि झामुमो को अपनी हार का अंदेशा है, और वह पहले से ही हार के बहाने तैयार कर रही है। अजय साह ने कहा कि धनबाद में कोयला चोरी के मामले की जांच का आदेश उच्च न्यायालय ने दिया था। तो क्या अब झामुमो यह कहना चाहती है कि उच्च न्यायालय भी भाजपा के पक्ष में है?

# रांची के सांसद ने लेह सैन्य चौकी में जवानों के साथ मनाई दीपावली

**संवाद कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उनसे बातचीत की उनसे कुशल क्षेम पूछा और देशवासियों की तरफ से उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत चीन की सीमा पर स्थित लेह सैन्य चौकी में जवानों के साथ मंगलवार को दीपावली मनाई। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व रक्षा राज्य मंत्री आज सुबह लेह में रेजांग ला युद्ध स्मारक पहुंचे। वहां भारत के लिए बलिदान हुए वीर जवानों को पुष्प चक्र चढ़ाकर, अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की तरफ से उन्हें नमन किया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने उस दुर्गम क्षेत्र में तैनात सेना के जवानों के साथ संवाद



भी किया। संवाद कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उनसे बातचीत की उनसे कुशल क्षेम पूछा और देशवासियों की तरफ से उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सेठ ने कहा कि ऐसे दुर्गम क्षेत्र में मां भारती के लिए आपका समर्पण, हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए आपका त्याग और बलिदान हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। संवाद कार्यक्रम के दौरान ही रक्षा राज्य मंत्री ने सेना के जवानों को बुढ़मू के किसान उत्पादक कंपनी के द्वारा प्राकृतिक तरीके से उपजाई गई सब्जियां भेंट स्वरूप प्रदान की। वही सेना के जवानों को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी और उनसे कहा कि पूरा देश आपका परिवार है। रिसेट ने कहा कि आप सीमाओं का ध्यान रखें, हम आपके परिवार का ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम के बाद सेठ ने कहा कि हड्डियां गला देने वाली सर्दी में भी भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने वाले लेह में तैनात वीर जवानों के साथ दीपावली की खुशियां बांटने का अनुभव शानदार रहा।